www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

जय श्री राम

रांची, 30 मार्च 2023, गुरुवार, वर्ष 08, अंक 159, चैत्र, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2080, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,400 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 30 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in


# रामनवमी पर विशेष : लोकतंत्र के आधार भी हैं राम

## तुलसी दास ने अयोध्या में शासन के इस गुण का खूब किया है बखान

## मानस की चौपाइयों में है प्रजा पर मर्यादा पुरुषोत्तम के विश्वास का कारण

आजाद सिपाही विशेष

हाल के दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों में कुत्सित राजनीति को लेकर भगवान राम और रामचरित मानस के बारे में बहुत सारे विवाद खड़े किये गये। यह पहली बार नहीं हुआ है। भारत ही नहीं, दुनिया के तीन चौथाई हिस्से में मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में पहचाने जानेवाले प्रभु श्रीराम और दुनिया की लगभग हर भाषा में अनुदित हो चुके रामचरित मानस की लोकप्रियता इन विवादों से कम नहीं हुई। इन विवादों की पृष्ठभूमि में भगवान राम की शासन प्रणाली और उनके पूरे जीवन को देखने से कई ऐसी बातें सामने आती हैं, जो भगवान राम और रामचरित मानस पर उठनेवाले हर विवाद को समूल नष्ट कर देती हैं। उदाहरण के लिए, इन विवादों के दौरान कहा जाता है कि भगवान राम को लोकतंत्र में भरोसा नहीं था और रामराज्य में लोकतंत्र की अवधारणा कहीं नेपथ्य में नजर आती है। लेकिन हकीकत यह नहीं है। मानस की चौपाइयों में भगवान राम के शासन ही नहीं, पूरे जीवन चरित में कई बार लोकतंत्र के प्रति उनका भरोसा सामने आता है। इसलिए तुलसी का मानस भगवान राम को लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला तो मानते ही हैं, रामराज्य की अवधारणा के पीछे भी लोकतंत्र के प्रति उनके इसी भरोसे को मानते हैं। तुलसीदास बताते हैं कि अयोध्या में राम के जन्म से लेकर लंका विजय के बाद उनके अयोध्या के सिंहासन पर आसीन होने और सीता को त्यागने तक के पीछे उन्हीं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनका अटूट विश्वास था, जिसके बल पर उनके शासन को रामराज्य की संज्ञा दी जाती थी। रामनवमी के पवित्र अवसर पर लोकतंत्र के प्रति भगवान राम के इसी भरोसे को सामने ला रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम। भारत ही नहीं, करीब तीन चौथाई दुनिया के घर-घर में किसी न किसी रूप में विराजनेवाले इस विलक्षण व्यक्तित्व के बारे में जितना कहा और सुना गया है, उतना शायद दूसरे किसी आराध्य के बारे में नहीं कहा-सुना गया है। लेकिन यह विडंबना ही है कि भारत के इस सर्वप्रिय आराध्य और लोकभाषा में लोगों से उनका परिचय करानेवाले महाकाव्य रामचरित मानस पर हाल के दिनों में खूब विवाद भी हुए हैं। ये विवाद हालांकि तुच्छ राजनीतिक लाभ के लिए पैदा किये गये, लेकिन इसका एक लाभ हुआ है कि लोग अब भगवान राम के बारे में अधिक जानने के लिए उत्सुक हो रहे हैं।

वास्तव में तुलसी का साहित्य, लोकतंत्र, लोकमंगल और आदर्श राज्य व्यवस्था की अभिव्यक्ति है। उनका रामचरित मानस लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला है। उन्होंने 'रामराज्य' नाम की जिस वैचारिकी का सूत्रपात किया, दुनिया के लगभग हर लोकतंत्र का अंतिम लक्ष्य वही है। लोकतंत्र के सारे सूत्र इसी रामराज्य से निकलते हैं। तुलसी का रामराज्य समतामूलक है। रामचरित मानस में राज्य की अनीति के प्रति क्रोध है। राजतंत्र के उत्कर्ष का अस्वीकार है। जनतंत्र की नयी अवधारणाएं हैं और लोकतंत्र के चरम आदर्शों की कल्पना है। वे लोकमंगल के ध्वजवाहक हैं। तुलसी ने वाल्मीकि और भवभूति के राम को पुर्नस्थापित नहीं किया। उनका राम 16वीं-17वीं सदी के भारत की विषमताओं को तोड़ता एक लोकतांत्रिक नायक है।

सदियों से आदर्श राज्य व्यवस्था के लिए रामराज्य का उदाहरण दिया जाता रहा है। महात्मा गांधी ने भी जिस रामराज्य की कल्पना की थी, उसमें आदर्श लोकतंत्र के सभी गुण मौजूद हैं। हालांकि लोकतंत्र की आधुनिक परिभाषा के अनुसार रामराज्य को लोकतंत्र नहीं कहा जा सकता है। वह मर्यादित राजतंत्र था। लेकिन वह एक ऐसा राजतंत्र था. जिसमें श्रेष्ठ लोकतंत्र और कुलीन तंत्र की सभी विशेषताओं को सम्मिलित कर लिया गया था। रामराज्य में राजा राम राज्य के कानून और समाज की मर्यादाओं का पालन करते हैं। राज्य द्वारा बनाये गये कानून और विधान केवल जनता के लिए नहीं हैं, राजा के लिए भी हैं। राम का आचरण इसका प्रमाण माना गया है। राम के अनुसार राजा का आचरण जिस प्रकार का होता है, प्रजा का आचरण भी उसी प्रकार का होता है। इसलिए अपनी प्रजा को कोई बात कहने से पहले वह स्वयं उस पर आचरण करते थे।

गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में राम राज्य में जनता की खुशहाली पर प्रकाश डाला है। उस समय पुरवासी और जनपदवासी अत्यंत खुशहाल थे। डाकुओं और चोरों का तो राज्य में कहीं कोई ठिकाना ही नहीं था। सभी अपने अपने कार्य से संतुष्ट थे। रामराज्य में प्रजा छल-प्रपंच से दूर रहती थी और लोग धर्म परायण थे। हर व्यक्ति की बात सुनी जाती थी। शुक्र नीति के अनुसार राजा ही काल का कारण होता है। सत और असत गुणों का प्रवर्तक राजा ही होता है। राजा ही प्रजा को धर्म में प्रतिष्ठित करता है। रामराज्य इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। वास्तव में नीति, प्रीति, परमार्थ एवं स्वार्थ के परम रहस्य को राम ही जानते थे।



लोकतंत्रात्मक शासन में शासन की संपूर्ण गतिविधि जनसमूह की इच्छा का अनुसरण करने वाली होनी चाहिए। उसमें अपने या भाई-भतीजों के स्वार्थवश शासन कभी जनसामान्य की इच्छा को नहीं ठुकरा सकता। धर्मनियंत्रित राजतंत्र में भी लोकतंत्र के ये गुण बहुत उत्कृष्ट रूप में व्यक्त होते हैं। राम ने अपनी प्रतिज्ञा में इन्हीं भावों को व्यक्त किया था। स्नेह, दया, सुख यहां तक कि अपनी हृदयेश्वरी जनक नंदिनी को भी त्यागना पड़ा, तो उन्हें संकोच नहीं हुआ। आदर्श लोकतंत्र के सभी गुण राम की राज्य व्यवस्था में दिखाई देते हैं।

रामराज्य में समाज के कमजोर से भी कमजोर व्यक्ति की सुनवाई होती है। रामचरित मानस के अनुसार राजतंत्र होते हुए भी रघुवंशियों के राज्य काल में लोकतंत्र अक्षुण्ण था। इसलिए महाराज दशरथ को भी राम को युवराज बनाने के लिए जन स्वीकृति लेनी पड़ी थी। उस समय भी मंत्री वही होते थे, जो पौरों और जनपदों के विश्वासपात्र होते थे। राजा की सभा में सभी जातियों के मुख्य लोग सभासद होते थे। राम जाति, धर्म, देश, श्रेणी धर्म तथा कुल धर्मों को जानते और उसका पालन करते थे। भारतीय नीति एवं राजधर्म में राजा का आचरण ही आदर्श राज्य का आधार होता है।

राजा चाहे व्यक्ति हो या दल, वह अपने व्यवहार से समाज का उन्नायक होता है। इसलिए राम ने अपने आचरण द्वारा प्रजा तथा समाज को आदर्श रूप में ढाला था। राम का वैयक्तिक जीवन भी समाज के लिए ही था। तभी तो वह लोकाराधन के लिए वैयक्तिक स्नेह, दया, सुख तथा जानकी तक को त्यागने को तैयार थे। रामराज्य में कर के रूप में उचित धन लिया जाता था। यज्ञ-याज्ञों में धन दान दिया जाता था। तुलसी के अनुसार 'श्रुतिपालक धर्मधुरंधर' राम ने विधान नहीं बनाया, किन्तु आदर्श आचरण उपस्थित किया। तुलसी के राम ने राजधर्म का सर्वस्व यही कहा था कि प्रजा के विभिन्न वर्गों का उनकी स्थिति, क्षमता और संस्कार के अनुसार पालन-पोषण करना राजा का कर्तव्य है, परन्तु विवेक के साथ। मुख द्वारा भक्षित अन्न, रस रूप से हस्त, पाद, नेत्र, श्रोत, हृदय, मन, बुद्धि आदि सबको प्रभावित करता है, परंतु सबकी योग्यता तथा आवश्यकता एक सी नहीं है। 'हाथी को मन भर, चींटी को कण भर' की कहावत प्रसिद्ध ही है। धर्म नियंत्रित विवेकी राजा ही विभिन्न परिस्थितियों, व्यक्तियों और श्रेणियों के साथ गुणोचित कुशलता के साथ व्यवहार कर सकता है।

भारतीय राजा उतना शासक नहीं होता था, जितना प्रजा के हित का परामर्शदाता। प्रभु श्रीराम प्रजा को आत्मीयता की दृष्टि से उपदेश करते हैं, राजा के रुआब में नहीं। ऐसा राजा ही प्रजा के हृदय सिंहासन का अधीश्वर होता है। इसलिए राम राज्य में भौतिक आदि ताप किसी को नहीं व्यापते थे। उच्च धर्मनिष्ठा एवं ब्रह्मदनिष्ठा का ही परिणाम था कि किसी की अकाल मृत्यु नहीं होती थी। सभी निरोग होते थे। कोई दुखी, दरिद्र नहीं होता था। कोई मूर्ख एवं दुर्लक्षण वाला भी नहीं होता था। रामचरित मानस के अनुसार राम का मंत्रिमंडल था, जिसमें विनय, शील, कार्यकुशल, जितेंद्रिय, अस्त्र-शस्त्र कुशल, पराक्रमी मंत्री थे। वास्तव में तुलसी को 'राजाराम' प्रिय नहीं हैं। वह लगातार राम के 'लोकनायकत्व' को निखारते हैं। वह राम को राजा की जगह 'लोकनायक' बनाते हैं। राम का लोकतंत्रीकरण करते हैं। इसीलिए राम के राज्याभिषेक पर तुलसी जनस्वीकृति चाहते हैं। इस जनस्वीकृति के लिए वह राम को पूरे देश में घुमाते हैं। समाज के सभी वर्गों से संपर्क कराते हैं। 14 वर्ष राम सपत्नीक जनता के बीच रहते हैं। घास पर सोते हैं। पैदल चलते हैं। झोपड़ी में रहते हैं। निषाद को मित्र बनाते हैं। वनवासियों को गले लगाते हैं। कंद-मूल खाते हैं। इस अभियान में जनसामान्य, ऋषि-मुनियों और बौद्धिक वर्ग से उनके नेतृत्व को स्वीकृति मिलती है। तुलसी शासक और जनता के आपसी रिश्ते को परिभाषित करते हैं। राज्य और जनता के बीच संपर्क सेतु राम हैं। इसी आधार पर लोकतांत्रिक समाज बनता है।

राजस्व और कर का प्रबंधन कैसा हो, यह तुलसी के लोकतंत्र का वह मूल्य है, जिस पर आज की अर्थव्यवस्था चलती है। 'मणि माणिक महंगे किये, सहजे तृण, जल, नाज। तुलसी सोइ जानिये राम गरीब नवाजे', अर्थात मणि, माणिक महंगा और तृण, जल, अनाज सस्ता। यही तो लोकतंत्र में 'कर प्रबंधन' का मूल है। तुलसी ने राजनीति पर कोई 20 दोहे लिखे हैं। इनमें अधिकांश कर प्रणाली पर हैं। कुराज से समाज को उबारने की कल्पना ही 'रामराज्य' है। इतना ही नहीं, ग्रामीण विकास से लेकर विदेश नीति और शासन की दूसरी व्यवस्थाओं की कल्पना जिस तरह राम के जरिये तुलसीदास अपने रामचरित मानस में करते हैं, वह इस महाकाव्य को अधिक सारगर्भित और समयानुकूल बनाता है।

इस तरह यह साफ हो जाता है कि प्रभु श्रीराम एक राजा नहीं, बल्कि लोकतंत्र के आधार भी थे और उनका हरेक कृत्य उन्हें 'राजा' नहीं, 'लोकनायक' साबित करता है, जिसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर अटूट भरोसा है।

---

### सांसद संजय सेठ के प्रयास ने दिखाया रंग

# झिरी वासियों को कचरे के पहाड़ से मिलेगी मुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झिरी वासियों को कचरे के पहाड़ से बहुत जल्द मुक्ति मिलेगी और यहां के कचरे से बायोगैस बनाने का काम किया जायेगा। इसके लिए केंद्रीय प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने दो प्लांट लगाने की स्वीकृति प्रदान की है। पहले फेज में एक प्लांट का काम किया जायेगा और यह कार्य आरंभ भी हो चुका है। रांची के सांसद संजय सेठ की पहल पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस योजना को स्वीकृति प्रदान की थी। लगभग एक वर्ष पूर्व सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय मंत्री से मिलकर रांची के कचरे के पहाड़ को समाप्त करने, इसके बहुउद्देशीय उपयोग से संबंधित कई बिंदुओं से अवगत कराया था। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने इस पर रुचि भी दिखाई और सकारात्मक पहल की पहले चरण में यहां डेढ़ सौ टन कचरा प्रबंधन का एक प्लांट लगाया जाना था। सांसद संजय सेठ ने दोबारा मंत्री



से बात कर इसे न्यूनतम 300 टन का प्लांट बनाने का आग्रह किया। सांसद के आग्रह पर केंद्रीय मंत्री ने डेढ़ सौ टन के दो प्लांट को लगाने की स्वीकृति प्रदान की है। इन दोनों प्लांटों की लागत लगभग 20 करोड़ रुपये होगी।

### बायोगैस निर्माण के साथ ही उसके वितरण की भी होगी व्यवस्था

श्री सेठ ने बताया कि इन कचरों से बायोगैस का निर्माण किया जायेगा और इसके दूसरे अन्य उद्देश्यों से भी इसका उपयोग किया जायेगा। इस दिशा में भी काम चल रहा है।

---

### अडाणी के बहाने अखिलेश सिंह ने मोदी सरकार पर बोला हमला, कहा-

# चोर की चौकीदारी की जा रही है

राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से हुए रूबरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को मीडिया से रूबरू हुए।

अखिलेश प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने मोदी सरकार पर देश की अर्थव्यवस्था से खिलवाड़ करनेवाले और देश को लूटनेवाले को बचाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अडाणी-अंबानी के खिलाफ बोला, तो उनकी सदस्यता चली गयी। वहीं अडाणी को लेकर आयी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर पीएम मोदी ने चुप्पी साध ली। अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी सरकार चोर की जांच कराने की जगह उसकी चौकीदारी कर रही है। सरकार देश की संपत्ति लूटनेवाले के साथ खड़ी है।



### केंद्र सरकार के खिलाफ कुछ भी बोलो, तो नक्सली, पाकिस्तानी, देशद्रोही करार दिया जाता है

अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के खिलाफ कुछ भी बोलते हैं, तो उसे नक्सलवाद, पाकिस्तानी, खालिस्तानी, चीनी या देशद्रोही करार कर दिया जाता है। बीजेपी के नेता कहते हैं कि अडाणी को बचाओ। सरकार के मंत्री अडाणी के पक्ष में सहानुभूति व्यक्त करते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आगे कहा कि आप जांच से क्यों डरते हैं। हम बार-बार जेपीसी की जांच की मांग करते हैं और बदले में हमारे नेताओं की सदस्यता छीन ली जाती है। केंद्र सरकार सदन में राहुल गांधी को बोलने से रोक सकती है, लेकिन पीएम मोदी सड़क पर कैसे आवाज को रोकेंगे। कांग्रेस देश के लिए हमेशा आवाज उठाती है और आगे भी उठाती रहेगी। कांग्रेस किसी को भी देश की संपदा को लूटने नहीं देगी। कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए इस्ट इंडिया कंपनी को बर्किंघम पैलेस के चौखट पर पहुंचा दिया था। बीजेपी का भी यही हाल होगा। देश की जनता इसे भी चौखट पर पहुंचा देगी।

### केंद्र सरकार कर रही लोकतंत्र की हत्या

राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश सिंह ने कहा कि अगर आप पिछले कुछ सालों की रिपोर्ट देखेंगे, तो केंद्र सरकार ने विपक्ष के 90 फीसदी लोगों पर कार्रवाई की। यही कारण है कि बीजेपी के साथ कोई गठबंधन में नहीं है। आखिर सरकार राहुल गांधी के प्रश्नों का जवाब क्यों नहीं दे रही है। केंद्र की सरकार भले खामोश रहे, लेकिन इनकी हरकतें यह बता रही हैं कि ये रोजाना लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। दिल्ली में राजघाट पर जब कांग्रेस ने सत्याग्रह किया, तो पुलिस ने रोकने की कोशिश की। यह लोकतंत्र की हत्या नहीं है तो क्या है। कल पार्टी के नेता जब मशाल जुलूस निकाल रहे थे, तो दिल्ली पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। जब सांसद संसद से निकल कर इडी ऑफिस जा रहे थे तो उस इलाके में धारा 144 लगा कर पुलिस ने सारे विपक्षी दलों को रोक दिया। आनेवाले चुनाव में देश की जनता कांग्रेस के साथ खड़ी होकर भारतीय जनता पार्टी को जवाब देगी।

---

# नवगठित जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी में पांच उपाध्यक्ष और 26 महासचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बुधवार को कांग्रेस भवन में प्रेस कांफ्रेस कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अनुमोदित जिला समिति की घोषणा की। बताया कि नवगठित जिला कमिटी में पांच उपाध्यक्ष, 26 महासचिव, 44 सचिव और दो प्रवक्ता नियुक्त किये गये हैं। इनके अलावा कार्यकारिणी के 11 सदस्य बनाये गये हैं।


जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी प्रदेश कमेटी के निर्देशानुसार सभी कार्यक्रमों को पूरी निष्ठा से संपन्न करायेंगे। उन्होंने बताया कि आज दो प्रकार की चुनौतियां हमारे सामने हैं। एक केंद्र सरकार के दुष्प्रचार एवं गलत नीतियों के विरोध में आंदोलन करना है। दूसरी ओर कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। जिला कांग्रेस कमेटी पूरी शिद्दत के साथ जमीनी स्तर पर काम करेगी।

### 2 अप्रैल को पुरानी विधानसभा सभागार में शपथ ग्रहण होगा

संवाददाता सम्मेलन में बताया गया कि रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी की नवगठित जिला कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी समिति की विस्तारित बैठक 2 अप्रैल को पुरानी विधानसभा सभागार में होगी। बैठक में रांची जिला कमेटी के सभी 18 प्रखंडों से चुने गये जिला कमेटी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण होगा तथा उनके बीच दायित्वों का बंटवारा किया जायेगा।

इस बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रभारी और वरिष्ठ नेतागण भाग लेंगे। मौके पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह रांची जिला ग्रामीण प्रभारी शिव कुमार भगत, प्रवक्ता डॉ इलियास मजिद, कार्यालय प्रभारी संजय कुमार सहित नवनियुक्त जिला कमेटी के पदाधिकारी उपस्थिति थे।

www.epaper.azadsipahi.in



कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

जय श्री राम

रांची, 30 मार्च 2023, गुरुवार, वर्ष 08, अंक 159, चैत्र, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत 2080, पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹3.00

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, संवेदनशील क्षेत्रों में केंद्रीय बल तैनात

# रामनवमी आज, राज्य भर में उत्साह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के दिन मनाया जानेवाला रामनवमी महापर्व गुरुवार को है। इस पर्व को लेकर पूरे राज्य में उत्साह और उल्लास का वातावरण है। राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में निकलनेवाली शोभायात्राओं के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। राज्य भर में 40 हजार से अधिक अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गयी है और संवेदनशील इलाकों में केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है।

रांची और गिरिडीह में सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) और जमशेदपुर, गिरिडीह, पलामू, लोहरदगा और दुमका जिले में एक-एक कंपनी सीआरपीएफ की तैनाती हुई है। पलामू में सीआरपीएफ की महिला बटालियन की एक कंपनी तैनात है। इसके अलावा झारखंड पुलिस की रैपिड एक्शन पुलिस (रैप) की दो कंपनी रांची में लगायी गयी है। जमशेदपुर, हजारीबाग, चतरा और कोडरमा में रैप की एक-एक कंपनी तैनात की गयी है। रामनवमी के दौरान 25 डीएसपी, 28 इंस्पेक्टर, 320 दारोगा, 160 सशस्त्र बल, 8300 लाठीबल, पांच हजार गृह रक्षक और एक कंपनी आतंकवाद निरोधक दस्ते की लगायी गयी है।



इसके अलावा श्वान दस्ता, अश्रु गैस दस्ता, अग्निशमन दस्ता और तीन बम निरोधक दस्तों की भी तैनाती हुई है। मुख्यालय में 150 अतिरिक्त बलों के अलावा सभी डीआइजी के अधीन एक-एक हजार जवानों को सुरक्षित रखा जा रहा है। शोभायात्राओं पर ड्रोन की सहायता से नजर रखने की व्यवस्था की गयी है।

**महावीरी झंडों-पताकाओं से पटे शहर :** रामनवमी को लेकर राज्य भर में उत्साह और भक्ति का माहौल है। मंदिरों और रास्तों को महावीरी झंडों और पताकाओं से पाट दिया गया है। नयनाभिराम झांकियां निकाली जा रही हैं और मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कई जगहों पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है।

**तपोवन मंदिर का अधिकारियों ने लिया जायजा :** राजधानी रांची में रामनवमी के मद्देनजर तपोवन मंदिर की सुरक्षा और सुविधाओं का उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने जायजा लिया। मंदिर समिति के सदस्यों से मिलकर आला अधिकारियों ने तैयारियों की जानकारी ली और बेहतर व्यवस्था हेतु पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान सिटी एसपी, ट्रैफिक एसपी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, जिला नजारत उप समाहर्ता, रांची और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। मंदिर परिसर क्षेत्र में चल रही तैयारियों का जायजा लेने के बाद जुलूस के रूट में चल रहे निर्माण कार्य का भी अधिकारियों ने जायजा लिया गया। श्रद्धालुओं के लिए यहां पूरी सुविधा हो, उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसका ध्यान रखा जा रहा है। बिजली, पेयजल, सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की व्यस्था भी की गयी है।

## आज दिन के दो बजे से जुलूस वापसी तक बिजली नहीं रहेगी


रांची। गुरुवार को रांची में दिन के दो बजे से जुलूस वापसी तक नहीं रहेगी बिजली। श्री रामनवमी शोभायात्रा में निकाले जाने वाले बड़े-बड़े महावीरी पताके के कारण गुरुवार को रांची में दिन के दो बजे से जुलूस वापसी तक बिजली नहीं रहेगी। आसपास के सभी क्षेत्रों में भी जुलूस वापसी तक बिजली नहीं रहेगी।

## आज तपोवन मंदिर से रामभक्तों को उनके घर तक नि:शुल्क पहुंचायेंगी सिटी बसें

तपोवन मंदिर आने वाले रामभक्तों को नि:शुल्क उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जायेगा। रांची के डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने श्रद्धालुओं को वापस अपने गंतव्य पहुंचाने के लिए 20 बसों को नि:शुल्क सेवा देने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। बसों की उपलब्धता के संबंध में डिप्टी मेयर ने बताया कि 20 में पांच बसें बीएमपी ग्राउंड में रहेंगी, जबकि 15 बसे पटेल चौक स्थित पुराना बस स्टैंड से सेवा देंगी।







## अंडर 16 क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जाने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए कोडरमा जिला के अंडर सिक्सटीन खिलाड़ियों का ट्रायल 1 अप्रैल को रखा गया है। यह ट्रायल चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में सुबह 8 बजे से होगा। ट्रायल देते वक्त खिलाड़ियों को अपने साथ डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र , तीन वर्ष का मार्कशीट, आधार कार्ड, माता या पिता का आधार कार्ड लाना आवश्यक है। साथ ही खिलाड़ियों को अपना क्रिकेट किट और ड्रेस में आना अनिवार्य है। खिलाड़ी मैदान में ओम प्रकाश और सुमन कुमार को रिपोर्ट करेंगे। ज्ञात हो कि ट्रायल के आधार पर अच्छे और उपयुक्त खिलाड़ियों का चयन कैंप के लिए किया जाएगा। कैंप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों से जिला की अंडर 16 क्रिकेट टीम बनाई जाएगी। उक्त आशय की जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह ने दी।

## सेक्रेड हार्ट का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। यह परीक्षा परिणाम वर्ग नर्सरी से पांचवी तक के बच्चों के लिए जारी किया गया। अपने-अपने वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले सभी बच्चों को गाउन पहना कर रिजल्ट दिया गया। हाथ में रिजल्ट लिए और गाउन पहने बच्चे काफी फब रहे थे। वहीं अच्छे रिजल्ट को देखकर अभिभावक भी फूले नहीं समा रहे थे। अभिभावक बच्चों के साथ आते, रिपोर्ट कार्ड लेते और सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचा कर खुशी-खुशी लौट जाते। अभिभावकों के आने और जाने का यह सिलसिला दोपहर 2 बजे तक चलता रहा। अच्छा रिजल्ट पर विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने छात्रों और अभिभावकों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वर्ग 6 से ग्यारहवीं तक का रिजल्ट 31 मार्च को घोषित किया जाएगा। रिजल्ट तैयार करने और बांटने में नर्सरी से वर्ग 5 तक के शिक्षकों में अलका सिंह, रूबी वर्मा, कुंतल जेठवा, कामिनी सहाय, स्वाति कुमारी, दीक्षा सिंह, मरियम मैम, पूजा सलूजा, प्रियंका गुप्ता, रंजीता कुमारी, सपना शर्मा, प्रियंका सिंह, स्वीटी सिन्हा रेखा राणा, सरोज पांडेय, रेनू सेठ समेत अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

## रामनवमी को लेकर प्रशासन ने की तैयारी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** रामनवमी को लेकर कोडरमा जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। बुधवार को जिले में विभिन्न अखाड़ा कमेटी के द्वारा निकाली जाने वाली रामनवमी जुलूस के मद्देनजर कोडरमा जिले के विभिन्न प्रखंडो के थाना क्षेत्र में विभिन्न इलाकों में पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रवीण पुष्कर, कोडरमा प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग, अंचल अधिकारी अनिल कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम समेत काफी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल के जवान फ्लैग मार्च में शामिल थे। फ्लैग मार्च कोडरमा थाना परिसर से निकलकर, पानी टंकी, जलवाबाद, नगरखारा, बाजार होते हुए पांडेयडीह की तरफ गयी। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी ने लोगों से रामनवमी के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की साथ ही लोगों से अपील किया गया कि त्यौहार के दौरान उत्तेजक गाना न बजाये, सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक संदेश को प्रसारित नही करें। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर कोडरमा जिले में त्यौहार के दौरान सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए पुलिस की एक अलग टीम कार्य कर रही है। वहीं उन्होंने त्यौहार के दौरान किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत इसकी सूचना पुलिस को देने की अपील लोगों से किया है।

## पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की लगी भीड़



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** चैत्री नवरात्रा को लेकर शंख ढोल की आवाज से पूरा शहर गली मुहल्ला भक्तिमय हो गया है। चहुओर माता रानी के भजनों जागरण आरती के साथ शहर के झडा चौक स्थित मां दुर्गा मंदिर, विशनुपुर रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर, सामान्तो काली मंदिर, कोडरमा स्टेशन काली मंदिर व तिलैया बस्ती पूजा पंडाल, मडुआटांड पूजा पंडाल, ताराटांड पूजा पंडाल में भक्त भक्तों की भीड दिखने को मिल रही है। वहीं गुमो स्थित दुर्गा मंदिर में भी पूजा अर्चना की जा रही है। तीन दिनों तक विभिन्न सार्वजनिक पूजा समितिओं के द्वारा मेले का आयोजन होगा। तिलैया बस्ती में स्थापित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा प्रतिमओं के पट मंगलवार की संध्या में खुले। समिति के संरक्षक बासुदेव यादव सचिव संजय कुमार ने बताया कि लगभग 80 वर्षो से पूजा अर्चना हो रही है। इधर झुमरी तिलैया के विभिन्न पूजा पंडालों में प्रतिदिन संध्या में आसपास के लोग दीपक जलाने पहुंच रहे है। वहीं दुर्गा मंदिरों में आरती में भी भीड देखी जा रही है। झुमरी तिलैया के गायत्री शक्ति पीठ में गायत्री जाप का आयोजन हो रहा है।

## रोटरी बाल की छात्राओं को किया सम्मानित



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** रोटरी बाल विद्यालय के 25 प्रतिभावन छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा द्वारा संचालित बाल विद्यालय में 155 छात्र-छात्राएं पठन पाठन कर रहे है। सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था रोटरी बच्चों के बीच पोषक पुस्तक एवं आवश्यकता अनुसार सामग्री उपलब्ध करायी जाती है। मौके पर रोटरी के निर्देशक महेश दारूका, चैयरमैन रीतु सेठ सचिव कंचन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश सेठी के अलावा रोटरी के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। रोटरी की सचिव कंचल अग्रवाल ने कहा कि रोटरी बच्चों के हित में कई कार्य कर रही है। निर्देशक महेश दारूका ने कहा कि दानदाताओं के सहयोग से रोटरी बाल विद्यालय के भवन का कार्यकलप करने में सफल हुये। चैयरमैन रीतु सेठ और कोषाध्यक्ष कमल सेठ ने कहा कि शिक्षा अमूल धरोहर और समाज के अंतिम पैदान तक बच्चे शिक्षित हो इसी को लेकर रोटरी बाल विद्यालय का संचालन कर रही है। मौके पर कैलाश चौधरी, गोपाल सर्राफ, कमल सेठी, सुरेश जैन, विकास सेठ, रश्मी कुमारी, गंगोनीक दत्ता, रानी कुमारी आदि उपस्थित थी।

## पटना और सिकंदराबाद, हैदराबाद के बीच स्पेशल ट्रेन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** हाजीपुर से रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ होने वाली है। इसे देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे गया कोडरमा बोकारो रांची बिलासपुर रायपुर नागपुर के रास्ते पटना और सिकंदराबाद, हैदराबाद के बीच स्पेशल ट्रेन का चलायेगा। चलायी जायेंगी ये स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 03253 पटना सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन- तीन अप्रैल से 28 जून 2023 तक सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार और बुधवार को पटना और सिकंदराबाद के बीच गाड़ी संख्या 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल कुल 26 फेरों के साथ चलायी जायेगी। यह स्पेशल पटना जंक्शन से 15.00 बजे खुलकर तीसरे दिन 03.30 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। वापसी में यह स्पेशल 13 फेरों में हैदराबाद से और 13 फेरों में सिकंदराबाद से चलायी जायेगी। गाड़ी संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन- वापसी में गाड़ी संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल पांच अप्रैल से 28 जून 2023 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को हैदराबाद से 22.50 बजे खुलकर शुक्रवार को 11.30 बजे पटना जंक्शन पहुंचेगी।

### डीसी-एसपी ने अद्यतन तैयारियों की दी जानकारी, कहा प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

# हर छोटी मोटी सूचनाओं-घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** रामनवमी को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराये जाने को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक बुधवार को समाहरणालय सभागार में संपन्न हुयी है। मौके पर पुलिस मुख्यालय के एडीजी संजय लाथकर के द्वारा हजारीबाग रामनवमी की तैयारियों की गहन समीक्षा की गयी। इस क्रम में उन्होंने त्योहार के मद्देनजर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। वहीं निर्धारित प्लान के अतिरिक्त वैकल्पिक प्लान पर भी कार्य करने की सलाह दी। शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित, सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व सम्पन्न कराने के लिए किए जा रहे कार्यों के संदर्भ में कहा कि ड्रोन के माध्यम से चिन्हित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखें। साथ ही सड़क किनारे टायर ट्यूब के दुकानों के बाहर रखे टायर आदि को हटाने के लिए निदेशित किया। साथ ही जुलूस के दौरान प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पदाधिकारी को वायरलेस सेट के अलावे हेड फोन रखने, पुलिस बल को टॉर्च, सीटी, कंधा माईक, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं से लैस होकर ड्यूटी पर तैनात रहने का निर्देश दिया। हर छोटी मोटी घटनाओं से वरीय अधिकारियों को सूचित करने का बात कही। मौके पर फायर बिग्रेड को आपातकालीन स्थिति में नियंत्रण हेतु पानी रिफिलिंग केन्द्र एवं रूट को चिन्हित कर अवरोध मुक्त रखने का निर्देश दिया। बैठक में डीआईजी नरेन्द्र कुमार ने पूर्व के घटनाओं एवं अनुभव सहित विशेष शाखा के इनपुट सूचना पर संवेदनशील जगहों पर विशेष सतर्कता बरतने सहित जुलूस के वाहनों के ब्रेकडाउन पर तुरंत रास्ते से हटाने के लिए क्रेन व मेकनिक की व्यवस्था करने को कहा। इसके अतिरिक्त जुलूस समाप्ति के उपरांत वापसी के क्रम में जबतक जुलूस अपने-अपने अखाड़ा तक न पहुंच जाये तब तक जवानों को स्कॉट एवं मुस्तैद रहने को कहा गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने रामनवमी-2023 के बाबत प्रशासनिक एवं पुलिस टीम के द्वारा जुलूस मार्ग का सत्यापन, दण्डाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी व जवान की तैनाती, दंगा नियंत्रण उपकरणों को अपडेट,अतिरिक्त बलों की तैनाती, बलों के अवासान व भोजनादि आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निषेधात्मक कारवाई के तहत लगभग 5 हजार लोगों पर धारा 107 तथा 2200 लोगों पर बॉण्डडाउन की कार्रवाई की गई है। वहीं थाना प्रभारी अपने क्षेत्र से सभी जुलूसों का कोडिंग कर जुलूस के साथ-साथ चलेंगे एवं आपत्तिजनक गानों एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को नियंत्रित करेंगे। उन्होंने कहा बाहर जिलों से आये लॉज एवं हॉस्टल में रह रहे विद्यार्थियों का सत्यापन करा लिया गया है। इसके अतिरिक्त बाहर से आने वाले एवं होटल में रह रहे प्रत्येक आगन्तुकों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि जुलूस के रूट मार्ग का सत्यापन कर अवरोध मुक्त रखने, अखाड़ों के साथ लगातार बैठक करने सहित नागरिक सुविधाओं के तहत सात चिन्हित स्थानों पर अग्निशामन, वाटर टैंक, मेडिकल, शौचालय, एम्बुलेंस, अनुभवी मजिस्ट्रेटो की प्रतिनियुक्ति, सीसीटीवी कैमरा, ड्रोन कैमरा, बाईक पेट्रोलिंग आदि व्यवस्था कर ली गयी है। उन्होंने बताया कि डीजे को पूर्ण प्रतिबंधित किया गया है साथ ही अखाड़ों के वॉलेंटियर सहित प्रशासन के सहयोगियों के पहचान के लिए आइडी कार्ड एवं जर्सी का वितरण किया गया है।

## झारखंड को मिलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात

संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही संवाददाता)।** झारखंड वासियों को अप्रैल में वंदे भारत की सौगात मिल सकती है। इसका ठहराव कोडरमा और हजारीबाग में भी होगा। पटना से हटिया के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू होने जा रहा है जो सप्ताह में 6 दिन चलेगी। रेलवे ने इसकी तैयारी कर ली है।

वंदे भारत ट्रेन सुबह जनशताब्दी के बाद पटना से खुलेगी। वहीं, वापस दोपहर में हटिया से पटना के लिए रवाना होगी। इससे पटना और रांची के बीच का सफर कम समय में पूरा हो सकेगा। वंदे भारत ट्रेन पटना से खुलने के बाद जहानाबाद, गया, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बड़काकाना, टाटीसिल्वे और रांची होते हुए हटिया पहुंचेगी। वहीं, हटिया से आने के दौरान भी यही रूट रहेगा। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर इसको रवाना करेंगे। उद्घाटन की तिथि मिलते ही परिचालन की सूचना सार्वजनिक की जाएगी।

इसके बाद यात्री आरक्षण करा पाएंगे। फिलहाल रेलवे के अधिकारी अधिक जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं। वंदे भारत ट्रेन को कोडरमा से टाटीसिल्वे के बीच नई रेलवे लाइन से चलाया जाएगा। इससे पटना और हटिया के बीच लगभग 70 किलोमीटर की दूरी कम होगी। वहीं राजेंद्र नगर टर्मिनल पर वंदे भारत एक्सप्रेस का रख-रखाव किया जायेगा।

## रामनवमी पर्व को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** रामनवमी पर्व को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय व थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की के नेतृत्व में रैपीडैक्शन फोर्स के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया।इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि संवेदनशील जगहों पर विशेष निगरानी रखते हुए वहां की गतिविधियों का मुआयना किया। मौके पर थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने कहा कि रामनवमी पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से सुरक्षा बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च निकालकर स्थानिय लोगों में सुरक्षा का अहसास दिलाया गया है। वहीं फ्लैग मार्च के दौरान गांव में भ्रमण कर स्थानिय दुकान्दारों और आस पास मौजूद लोगों से कहा गया कि किसी संदिग्ध ब्यक्ति या संदिग्ध वस्तू दिखायी देने पर पुलिस को तत्काल सुचना दें कोई भी ब्यक्ति किसी पर अभद्रता कर शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करता है तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।चौक चौराहे एवं सड़क किनारे वाहन मालिकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि पर्व के दौरान आपके कारण आवागमन बाधित होता है तो कठोर कारवाई की जाएगी।

## 1932 में पबरा गांव का जुलूस पहली बार पहुंचा था हजारीबाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जब दिल में हो भक्ति तो नहीं रोक सकता कोई शक्ति। इसका जीता जागता उदाहरण थें कटकमसांडी प्रखंड के पबरा गांव निवासी स्वतंत्रता सेनानी भेखलाल महतो। भेखलाल माहतो ने नवमी का जुलूस हजारीबाग शहर लाने का फैसला किया और इसके लिए सबसे पहले बनारस जा कर टीन में छपे हनुमानजी के चित्र को लाए और पबरा एवं आसपास के गांव में डफली और हनुमान जी के चित्र लेकर महीनों तक प्रचार किए की इस बार की रामनवमी में गांव का एक जुलूस हजारीबाग शहर लेकर जाना है। इनके भागीरथी प्रयास से 1932 में पबरा का जुलूस गाजे-बाजे और टीन पर छपे हनुमान जी के चित्र और एक लंबा झंडा लेकर लाठी, डंडा, फरसा, भाला के साथ रोमी, पेलावल, इंद्रपुरी चौक, पैगोडा. चौक, झंडा चौक होते हुए बड़ा अखड़ा पहुंचा और वहां पर अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन कर पूजा अर्चना कर पुनः उसी रास्ते से जुलूस वापस पबरा पहुंचा। इस कार्य में इनके मित्र स्व जानकी महतो, स्व बालदेव महतो, स्व रामलाल महतो, बंशी महतो, सीताराम महतो ने काफी सहयोग किया। 1932 से लेकर आज तक पबरा का जुलूस शहर आ रहा है। नवमी का जुलूस निकालने और हनुमान जी की भक्ति का जुनून भेखलाल महतो पर इस कदर चढ़ा कि इनको जब भी मौका मिलता डफली और हनुमान जी का चित्र लेकर पैदल गांव-गांव में रामनवमी का जुलूस निकालने के लिए प्रचार प्रसार करने के लिए निकल जाते थे। इनके इस जुनून को देखकर लोग इनको भेखलाल महतो की जगह झंडा महतो कहने लगे इनका प्रचार प्रसार का ही नतीजा है कि आज दर्जनों गांव की झांकियां हजारीबाग शहर आती है। इनके गुजर जाने के बाद पबरा में जुलूस निकालने की जिम्मेवारी इनके बड़े पुत्र और शिक्षक स्वर्गीय दिनेश्वर प्रसाद मेहता ने निभाया और उसके बाद उनके छोटे पुत्र सुरेंद्र प्रसाद मेहता अभी तक जुलूस निकालते आ रहे हैं। ये जानकारी गणेश कुमार सीटू ने दि।

## जलमीनारों को ठीक करने की मांग

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** जिप प्रतिनिधि सह समाजसेवी सीके पाण्डेय ने खराब पड़े चापानलों एवं खराब सोलर जलमीनारों को ठीक करने की मांग की। इस बाबत समाजसेवी ने खराब पड़े चापाकल एवं खराब पड़े जलमीनारों की सूची बरकट्ठा प्रखंड कार्यालय में सौंपा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से गर्मी को देखते हुये पेयजल की समस्या जल्द खत्म का अनुरोध किया। जानकारी हो कि बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों जैसे बेलकप्पी, शिलाडीह, गोरहर, बरकट्ठा उत्तरी, बरकट्ठा दक्षिणी, कोनहारा खुर्द, चेचकप्पी, झुरझुरी इत्यादि में निर्मित चापानल एवं सोलर जलमीनार कई महीनों से खराब पड़ी हुई है। समाजसेवी सी के पाण्डेय ने कहा कि संबंधित विभाग इसकी सुध नहीं ले रहा है।

## सोनी हत्याकांड के तीन और आरोपी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

आजाद सिपाही संवाददाता







**कोडरमा।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र में सोनी उर्फ सोनाली कुमारी की अगवा कर हत्या के मामले में और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सोनी की हत्या के बाद बोरा मे पैक कर अंबादहा पत्थर खदान मे फेंकने के मामले में फरार चल रहे तीन अभियुक्त को डोमचांच पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले के प्राथमिकी अभियुक्त भरत कुमार उर्फ कारू (उम्र 27 वर्ष पिता स्वर्गीय बडन राम ग्राम मंझलीटांड़), संतोष मेहता (उम्र 35 वर्ष पिता लखन लाल मेहता ग्राम मसनोडीह) और संजय मेहता (उम्र 26 वर्ष पिता चंदन मेहता ग्राम नावाडीह) चिकित्सीय जांच पश्चात माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया। इस घटना में मुख्य आरोपी दीपक कुमार साव और उसके सहयोगी रोहित कुमार मेहता को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। ज्ञात हो कि डोमचांच का दीपक कुमार साव नामक युवक सोनी उर्फ सोनाली (24) से एक तरफा प्यार करता था। उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सोनाली कुमारी का अपहरण कर लिया और उससे शादी की इच्छा जाहिर की। युवती के द्वारा मना करने के बाद प्रतिशोध की भावना से दीपक कुमार साव ने सहयोगी साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी।

## सम्राट अशोक की जयंती मनायी



**कटकमदाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने महान अशोक सम्राट की जयंती कटकमदाग प्रखंड में मनायी। यह कार्यक्रम जागेश्वर प्रसाद के अध्यक्षता में सम्पन हुयी। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष बबलू कुशवाहा और विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा जिला अध्यक्ष सागर कुशवाहा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्राट अशोक के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। बबलू कुशवाहा ने कहां की अगर समाज को राजनीति में हिसदारी चाहिए तो अशोक सम्राट के नक्शे कदम पर चलना पड़ेगा। अशोक सम्राट भारत के एकमात्र अजय शासक रहे थे। कार्यक्रम में उपस्थित जिला सचिव शुकुल प्रसाद, कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष जय कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, पंचायत सचिव बोधि महतो, सुरेंद्र कुशवाहा, शंभू महतो, तुलसी महतो, संतोष कुमार, अशोक प्रसाद, तुलेश्वर प्रसाद, विनोद प्रसाद, दिलचन महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जदयू महिला प्रकोष्ठ ने कई महिलाओं को पार्टी की सदस्यता दिलायी



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग महिला प्रकोष्ठ के द्वारा पार्टी की सदस्यता अभियान को तीव्र गति देते हुए सैकड़ों की संख्या में प्रारंभिक एवं क्रियाशील सदस्य बनाया गया। जदयू के महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष खुशबू कुमारी की अगुवायी में सभी नए सदस्यों ने पार्टी में आस्था व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने कहा कि जदयू ही एक ऐसी पार्टी है जो महिलाओं के कल्याण के बारे में सोचती है। आज प्रमुख रूप से पिंकी देवी, वीणा देवी, बबीता देवी, कंचन देवी, कविता कुमारी, पार्वती देवी, अंजली देवी, सुनीता देवी, किरण देवी, द्रौपदी देवी, गुजरी देवी, रेखा देवी, सुमन कुमारी को पार्टी की क्रियाशील सदस्यता ग्रहण कराया गया।

## नवरात्रा पर अखंड हरिकीर्तन आयोजित



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सिझुआ दुर्गा मंड़प में अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया। 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन में विभिन्न गांव के दर्जनों महिला-पुरुष कीर्तन मंडली के सदस्यों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। पुजारी बिरेंद्र मेहता पत्नी द्रौपती देवी, जिला मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता पत्नी पुर्व मुखिया अंजना मेहता, राधाकृष्ण मेहता पत्नी कपुर देवी को पुरोहित धर्मेंद्र शास्त्री के अलावा अन्य सहयोगियों ने वैदिक विधान के साथ कीर्तन का शुभारंभ कराया, जिसकी पूणार्हुति गुरुवार को हवन भंडारा महाप्रसाद वितरण के साथ संपन्न होगा। कीर्तन को सफल बनाने में जीप चेयरमैन उमेश मेहता, उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, चन्द्रधारी प्रसाद , राजू मेहता, मनोहर यादव, जगदीश मेहता, काशीनाथ मेहता, अशोक मेहता, छकौड़ी मेहता ,सुधिर मेहता, दिनेश मेहता, सिताराम मेहता, जेपी मेहता, अनिल मेहता, नन्द किशोर मेहता, बालेश्वर मेहता, सत्येंद्र मेहता, सुनील मेहता, लोकन राम, शंकर के अलावा समस्त ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## सीएचसी में स्वास्थ्य मेला



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ सीएचसी में प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की उपस्थिति में अध्यक्षता में मेला का शुभारंभ किया गया। प्रमुख जैबुन निशा, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ०कपिल मुनि, जिप सदस्य शेख तैयब, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, सीएचसी प्रभारी डॉ०अरुण कुमार समेत गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दीपप्रज्वलित कर की गयी । कार्यक्रम के पूर्व माण्डु विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया । स्वास्थ्य मेले में कुल 678 मरीजो का आज इलाज किया गया।मेले में आंख के डॉ, दांत के डॉ०, महिला चिकित्सक, योग, आयुर्वेदिक चिकित्सा के स्टालों काफी भीड़ देखी गयी । माण्डू विधायक ने सभी स्टॉलों में पहुंचकर खुद से तैयारी का जायजा लेते हुए संतुष्ट हुए। माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने सांकेतिक रूप से दिव्यांग को ट्राइसाइकिल तीन लोगों को,फायलेरिया से पीड़ित तीन मरीजो को किट, चार मरीजो को चश्मा अपने हाथों से वितरित की ।मेले में गर्भवती महिलाओ को पौष्टिक आहार के बारे में बताया गया जिससे बच्चे कुपोषण के प्रभाव से बचें । डॉ० अरुण कुमार ने सीएचसी में पार्किंग की समस्या से माण्डू विधायक को अवगत कराया इस पर विधायक ने सीएचसी में पार्किंग शेड बनाने पर सहमति जताते हुयी आश्वस्त किया।

## रामनवमी महासमिति ने निकाली शोभायात्रा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** महाअष्टमी पूजा को लेकर आज बड़कागांव में रामनवमी महासमिति के तत्वाधान में शोभायात्रा निकाला गया. जिसमें महिलाएं व पुरुषों ने भाग लिया।शोभा यात्रा का नेतृत्व मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष महा समिति के संरक्षक रंजीत कुमार मेहता एवं महा समिति के अध्यक्ष बिंदेश्वर कुमार उर्फ बिंदु दांगी उप मुखिया सत्यदेव कुमार ने किया।शोभायात्रा की शुरूआत बड़कागांव के डेली मार्केट स्थित बसंती दुर्गा मंदिर से शुरू की गयी, जो कृषक चौक, मुख्य चौक, काली मंदिर, अंबेडकर मोहल्ला, बरगद मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला, ठाकुर मोहल्ला, छोटका बर, रेंज ऑफिस मुख्य चौक होते हुए सूर्य मंदिर में संपन्न हुयी। शोभायात्रा में 10 वर्षीय बच्चियां से लेकर 30 वर्षीय युवतियों ने भी कलात्मक तरीके से लाठी तलवार प्रदर्शन किया। जिसे देखने के लिए हर चौक चौराहा में भीड़ उमड़ी।शोभायात्रा में राम भक्त श्री राम एवं हनुमान की झंडे को लेकर भ्रमण किया। मौके पर पूर्व मुखिया विशुन रजक ,मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी, महासमिति के उपसचिव रितेश दांगी, संजय सागर, कुशवाहा रामनवमी समिति के जय नाथ महतो, जयराज महतो, देवेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य किशोर कुमार महतो समेत अन्य शामिल थे।

## एनपीएस को खत्म कर सभी कर्मी को डिफाइंड पेंशन योजना में शामिल किया जाये: सचिव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया इंश्योरेंस पेंशनर्स एसोसिएशन नई दिल्ली के द्वारा दिये जा रहे धरने के समर्थन में बीमा कर्मचारी संघ झुमरी तिलैया के द्वारा बुधवार को भोजनावकाश के समय द्वार प्रदर्शन किया गया। मौके पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि ऑल इंडिया इंश्योरेंस पेंशनर्स एसोसिएशन की मांग है कि फैमिली पेंशन 30% मिलना चाहिए जो कि अन्य केंद्रीय संस्थानों में यह प्रावधान है। लेकिन भारतीय जीवन बीमा निगम के कर्मी के लिए यह 15% है। एल आई सी और जिप्सा बोर्ड के अनुमोदन के बाद भी फैमिली पेंशन में वृद्धि नहीं हो रही है।वेतन पुनर्निरीक्षण के साथ ही पेंशन में भी अपडेशन होना चाहिए जो की अन्य केंद्रीय संस्थानों को मिल रही है। एनपीएस को खत्म कर सभी कर्मी को डिफाइनड पेंशन योजना में शामिल किया जाय। और एनपीएस में नियोक्ता का योगदान 14%हो। हम सरकार से मांग करते हैं की हमारी ये मांगे पूरी की जाय। अन्यथा हम आंदोलन के लिए भी तैयार है। सभा को अध्यक्ष महावीर यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पेंशनर्स एसोसिएशन की सारी मांगे जायज है और हम उनके साथ हर संघर्ष के लिए तैयार हैं। मौके पर सौरभ, श्रीकांत, रेशमी, श्रेया, श्वेता, स्नेहा, खुशबू, प्रदीप, टिंकू, सुनील कुमार, हरेन्द्र सिंह, सुधीर कुमार, कृष्णम आदि मौजूद थे।






## श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष और पदाधिकारियों की बैठक

# ललित ओझा को मुख्य शोभायात्रा प्रभारी नियुक्त किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित और संचालन मंत्री कैलाश केसरी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राहुल सिन्हा चंकी ने दिया। बैठक में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे।

बैठक में मंडल के द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी पूर्व अध्यक्ष और मंत्री श्री रामनवमी महोत्सव 2023 की मुख्य शोभायात्रा का नेतृत्व करेंगे औरललित ओझा




को मुख्य शोभायात्रा प्रभारी नियुक्त किया गया। अशोक पुरोहित ने परंपरा के अनुसार श्री रामनवमी शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए टोला प्रभारी एवं सह प्रभारी का गठन किया, जिनके नेतृत्व में पूरी शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्ग होते हुए तपोवन मंदिर जायेगी।

राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि श्री महावीर मंडल रांची ने सभी क्षेत्रों के अखाड़ाधारियों के साथ विचार-विमर्श किया और बताया कि इस वर्ष लाखों की संख्या में श्रीराम भक्तों का जन सैलाब दिखेगा, जो अस्त्र-शस्त्र और गाजे-बाजे के साथ अपने निर्धारित मार्ग से तपोवन मंदिर पहुंच भगवान श्रीराम के चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

## तैयारियों का डीसी, एसएसपी ने जायजा लिया

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची में रामनवमी के मद्देनजर तपोवन मंदिर की सुरक्षा और सुविधाओं का उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने जायजा लिया। मंदिर समिति के सदस्यों से मिल कर आला अधिकारियों ने तैयारियों की जानकारी ली और बेहतर व्यवस्था हेतु पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर, पुलिस अधीक्षक यातायात, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), जिला नजारत उप समाहर्ता, रांची और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। मंदिर परिसर क्षेत्र में चल रही तैयारियों का जायजा लेने के बाद जुलूस के रूट में चल रहे निर्माण कार्य का भी उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा जायजा लिया गया। कंपनी के अधिकारियों को जुलूस के आगमन और प्रस्थान के लिए सुगम व्यवस्था करने के दिशा-निर्देश आला अधिकारियों द्वारा दिये गये हैं। श्रद्धालुओं के लिए यहां पूरी सुविधा हो, उन्हें किसी तरह की परेशानी का सामना करना ना पड़े, पेयजल की व्यवस्था हो, इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। बिजली, पेयजल, सीसीटीवी कैमरा से निगरानी इसकी व्यवस्था बुधवार को करायी गयी है। प्रशासन इस बात पर पूरा ध्यान दे रहा है कि गुरुवार की सुबह से लेकर देर रात तक यहां श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो।






## अखाड़ाधारियों का किया गया सम्मान



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री सनातन महापंचायत के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में श्री सनातन महापंचायत एवं श्री महावीर मंडल और रांची के डीसी और रांची के सीनियर एसपी एवं प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ समन्वय परिचयात्मक बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से संजय कुमार जयसवाल, संजय मिनोचा, शशांक राज, संजय महतो, अमित चौधरी सहित विभिन्न क्षेत्र से आये अखाड़े धारी एवं राम के भक्तों का परिचय के बाद सभी को सम्मानित भी किया गया।

## जुलूस में संयमित होकर चलें

रांची डीसी, एसएसपी ने सभी अखाड़े धारी राम भक्तों से आग्रह किए प्रमुख शोभायात्रा जो बजरा पंडरा होते हुए पिस्का मोड से निकलती है वह समय पर निकल जाये ताकि समय पर तपोवन मंदिर पहुंच जाये। जुलूस में शामिल लोग नशा का सेवन ना करें संयमित होकर चलें।

इस मौके पर अखाड़ेधारियों को सम्मानित किया गया। इसमें महावीर मंडल पंडरा मणिकांत राव, महावीर मंडल हेहल सतीश सिंह, महावीर मंडल नारी सेना पूनम सिंह, नवयुवक समिति मधुकम तिवारी गली, शुभम जयसवाल महालक्ष्मी हनुमान मंडल, अमित सोनी भोले की फौज पहाड़ी मंदिर, अभिषेक यादव हिंदू नव वर्ष महासभा, रौनक चौधरी वीर हनुमान अंगद सेना, ममता देवी विश्व हिंदू संगठन, हर्षित राजधीर सिंह अटल संकल्प अखाड़ा, आर्यन लाल तिवारी महावीर मंडल मोराबादी, राहुल चौबे सहित विभिन्न अखाड़े धारियों को एवं राम भक्तों को सम्मानित किया गया। इय मौके पर श्याम चौधरी, अमित ओझा, नरेश पंडित, बाबू पाठक, सूरजभान सिंह, सागर कुमार, दीपक कुमार, अमृत रमन, हर्ष, शिवम राज, अमित सिंह, अमित वर्मा, विपुल मिश्रा, अभिषेक राज, रामाशंकर तिवारी, सतीश सिंह, राजकुमार जयसवाल, रिंकू साहू, दीपक वर्मा, तरुण जयसवाल, अंकित सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## भुतहा तालाब चैती दुर्गा पूजा समिति ने किया सम्मानित



रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को रांची भुतहा तालाब चैती दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक किशोर साहू और उदय साहू ने रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति के महामंत्री बीरेंद्र साहू को पूजा पंडाल में उन्हें चुनरी ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्य समिति के लोग उपस्थित थे। चैती दुर्गा पूजा समिति भुतहा तालाब रांची ने रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति को अपने पूजा पंडाल में शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह करते हुए आमंत्रण दिया है। रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति के महामंत्री बीरेंद्र साहू ने चैती दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक किशोर साहू और उदय साहू द्वारा किये गये सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया है तथा उन्हें आश्वस्त किया कि रांची ग्रामीण श्री दुर्गा पूजा समिति आपके कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगी।

## सभी रामभक्तों को अपने गंतव्य स्थान तक नि:शुल्क पहुंचायेगी रांची नगर निगम की सिटी बस: उपमहापौर



रांची (आजाद सिपाही)। रामनवमी के अवसर पर रांचीवासियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना ना करना पड़े, इसके लिए रांची नगर निगम गुरुवार को रामनवमी के दिन 20 बसों से रांचीवासियों को नि:शुल्क सेवा देगी। रामनवमी त्योहार में रांची और रांची के आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु तपोवन मंदिर निवारणपुर स्थित राम मंदिर झांकी एवं झंडे के साथ आते हैं। बता दें कि रामनवमी के दिन वाहनों की आवाजाही कम होती है, जिससे श्रद्धालुगण को वापस अपने गंतव्य स्थान जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस विषय को संज्ञान में लेते हुए संजीव विजयवर्गीय उपमहापौर रांची ने तपोवन मंदिर निवारणपुर आये हुए श्रद्धालुगण को वापस अपने गंतव्य पहुंचाने के लिए 20 बसों की नि:शुल्क सेवा देने का निर्देश संबंधित विभाग को दिये। उपमहापौर ने कहा कि 20 बसों में पांच बसें बीएमपी ग्राउंड में एवं 15 बसें पटेल चौक स्थित पुराना बस स्टैंड से सेवा देंगी। तपोवन मंदिर से श्रद्धालुगण अपने घर जाने के लिए रांची नगर निगम की बसों का उपयोग कर सकते हैं और यह पूरी तरह नि:शुल्क होगी।


## मंत्री आलमगीर आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भेज कर सीयूइटी पर रोक लगाने का आग्रह किया : एस अली

रांची (आजाद सिपाही)। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भेज कर कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट पर रोक लगाने और राज्य के विश्वविद्यालयों में पूर्व की भांति स्नातक में नामांकन जारी रखने संबंधित झारखंड छात्र संघ की मांग पर आग्रह किया है। झारखंड छात्र संघ के अध्यक्ष एस अली ने बताया कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी के तहत केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट (सीयूइटी) अनिवार्य है, जबकि राज्यों के विश्वविद्यालयों के लिए ऐच्छिक है। ऐसे में बिना संपूर्ण तैयारी के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के द्वारा कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट (सीयूइटी) लागू करने का निर्णय छात्रों को उच्च शिक्षा से वंचित करने जैसा है। झारखंड छात्र संघ ने इस मामले पर उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार को भी अवगत कराया है।







## यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास ने नवीन जिंदल को दिया अवार्ड



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद, समर्पित समाजसेवी, जाने-माने उद्योगपति, शिक्षाविद् और निशानेबाजी व पोलो के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नवीन जिन्दल को यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास (यूटीडी) ने लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया है। जिंदल यूनिवर्सिटी के इतिहास में दूसरे व्यक्ति हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुयी है। इनसे पहले अमेरिकी-तुर्की जैव वैज्ञानिक अजीज सैंकर को यह सम्मान प्रदान किया गया है, जिन्होंने 1977 में इस यूनिवर्सिटी से पीएचडी की डिग्री प्राप्त की थी। उन्हें 2015 में रसायन शास्त्र का नोबल पुरस्कार मिला है। वे डीएनए रिपेयर, सेल साइकल चेकप्वाइंट्स और सर्काडियन क्लॉक के विशेषज्ञ हैं। बुधवार को प्रेस बयान बयान जारी कर बताया गया है कि नवीन जिन्दल को सफल उद्योगपति, राजनेता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। जिन्दल ने 1992 में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास से प्रबंधन में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की थी। उन्हें एक खास आयोजन में 25 मार्च 2023 को सम्मानित किया गया। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास में नवीन जिन्दल का छात्र जीवन उपलब्धियों से भरा रहा। वे स्टुडेंट गवर्नमेंट के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, दोनों रहे और उन्हें वर्ष के छात्र नेता का सम्मान भी प्रदान किया गया। उन्हें 2010 में विश्वविद्यालय के खास पूर्व छात्र का भी सम्मान प्रदान किया गया। यही वह स्थान है, जहां जिन्दल को भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा से इतना प्यार हुआ कि वे प्रतिदिन राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रीय ध्वज के माध्यम से देशप्रेम प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित हुए। भारत आकर उन्होंने 10 साल कानूनी जंग लड़ी, जिसके परिणामस्वरूप 23 जनवरी 2004 को सुप्रीम कोर्ट ने देशवासियों को पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराने का अधिकार दिया। अपने छात्र श्री नवीन जिन्दल की अनेक क्षेत्रों में सफलता से गर्वान्वित यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास ने 2011 में अपने प्रबंधन संस्थान का नाम नवीन जिन्दल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट करके एक बड़ा सम्मान दिया। लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड पूर्व छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट डेलास का सर्वोच्च सम्मान है। यह सम्मान उन्हें प्रदान किया जाता है जिन्होंने सामाजिक परिवर्तन लाने एवं यूनिवर्सिटी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो और जीवन की ऊंचाइयों को छूने के लिए लोगों की प्रेरणा का स्रोत बन गया हो।

## रामनवमी को लेकर अष्टमी झांकी निकाली



पतरातू(आजाद सिपाही)। पतरातू राम नवमी पूजा महासमिति के तत्वावधान में बुधवार की देर शाम अष्टमी झांकी का शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। झांकी का शोभायात्रा पतरातू बाजार स्थित रामजानकी मंदिर परिसर से निकाली गई और पतरातू बाजार रोड मेन रोड रेलवे गेट शहीद भगत सिंह चौक होते हुए मंदिर परिसर में आकर समाप्त हुयी। शोभायात्रा में रामनवमी पूजा महासमिति के सदस्य सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## रामगढ़ के लाठी बाजों ने रांची में दिखाया करतब, जीता पहला पुरस्कार



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। रामगढ़ के लाठी बाजो ने राजधानी रांची में ऐसा करतब दिखाया है कि लोग हैरान रह गए हर कोई रामनवमी के दौरान रांची में आयोजित प्रतियोगिता रामगढ़ के कलाकारों के हैरतअंगेज कारनामों की चर्चा कर रहा है। रांची में आयोजित प्रतियोगिता में रामगढ़ सुभाष चौक की श्री श्री पवन पुत्र रामनवमी समिति ने पहला पुरस्कार जीतकर रामगढ़ का नाम रोशन किया है। समिति के अध्यक्ष दिलीप सोनकर ने बताया कि श्री श्री पवन पुत्र रामनवमी समिति मेन रोड की टीम ने लाठी-डंडे के खेल में रांची में आयोजित कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार जीता है। इस प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से 52 समितियों ने हिस्सा लिया था। समिति के उपाध्यक्ष महेंद्र सोनकर, सचिव सुजीत सोनकर, कोषाध्यक्ष रविंद्र सोनकर सहित टीम के सभी लोगों ने इस जीत पर हर्ष जताया है। सचिव सुजीत सोनकर ने बताया कि रामगढ़ के कलाकारों ने परंपरागत अस्त्र के साथ काफी बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। रामनवमी की स्थाई झांकी में भी उन कलाकारों का प्रदर्शन लोग देखेंगे। सुभाष चौक दुर्गा मंदिर प्रांगण में गुरुवार को कलाकारों के द्वारा अपना करतब दिखाया जायेगा। इस कार्यक्रम में रामगढ़ और दूसरे जिलों के लोग भी बतौर अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रामगढ़ के सभी अखाड़ों में मेन रोड के लाठी बाजो की प्रदर्शनी एक अलग रंग बिखेरती है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी जुलूस में शामिल कलाकारों को सम्मानित किया जायेगा।

## अस्पताल में स्वास्थ्य मेला का आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में बुधवार को पुराना सदर अस्पताल परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का विधिवत उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार व स्वास्थ्य मेला में शामिल डॉक्टरों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। स्वास्थ्य मेला के उदघाटन समारोह में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि लोगों की सुविधा को देखते हुए सरकार के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंड में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सह मेला का आयोजन किया गया है। लोग इसका लाभ उठायें। वहीं एसीएमओ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने भी लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। दो सप्ताह से ज्यादा समय तक खांसी रहने पर टीबी की जांच जरूर कराएं जिला यक्षमा पदाधिकारी डॉ स्वरोज ने स्वास्थ्य मेला के दौरान लोगों को टीबी के लक्षण व बचाव से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दो सप्ताह से ज्यादा समय तक खांसी रहने पर लोग टीबी की जांच जरूर कराएं। समयानुसार इलाज व नियमित दवा के सेवन से टीबी के मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ्य हो सकते है। तीन सौ से ज्यादा लोगों का निःशुल्क इलाज के बाद दवाईयों का किया गया विरतण स्वास्थ्य मेला के शुभारंभ के बाद रामगढ़ सदर प्रखंड के एमओआइसी डॉ ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह, डॉ हेमंत, डॉ लक्ष्मी कच्छप, डॉ प्रीती, नेत्र पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सहित कई डॉक्टरों ने शिविर में विभिन्न बीमारियों से ग्रसित तीन सौ से ज्यादा लोगों का निःशुल्क इलाज के बाद दवाईयों का विरतण किया। वहीं जिला अंधापन नियंत्रण समिति की ओर से 45 लोगों के बीच चश्मा का वितरण किया गया। मौके पर हरे राम प्रसाद, रूप लाल ठाकुर, रवींद्र विश्वकर्मा, पंकज कुमार सिन्हा, बीटीटी दीपिका कुमारी, मंजू कुमारी, किरण कुमारी के अलावे मालती, ममीता, लीलावती, रेखा, पम्मी, उमा, रूमा सहित कई सहिया साथी व स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे।

### पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, रामनवमी पूजा शांतिपूर्वक मनाने की अपील की

# शांति भंग करनेवाले और अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामनवमी पूजा शांति और सौहार्द पूर्वक मनाने को लेकर रामगढ़ पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना चौक से आरंभ होकर गोलपार, दुसाध मोहल्ला, सौदागर मोहल्ला, बाजार टांड़, चट्टी बाजार, लोहार टोला, शिवाजी रोड, मेन रोड पहुंचकर संपन्न हुयी। फ्लैग मार्च में डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडेय, एसडीओ मो जावेद, हुसैन, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विद्याशंकर सहित सदलबल शामिल थे।



### अफवाह और सौहार्द्र बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन

फ्लैग मार्च के दौरान सौदागर मोहल्ला में डीसी और एसपी ने नमाज और नमाज अदायगी के बाद विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। किसी भी परिस्थिति में दोनों धर्मो के बीच कोई विवाद न हो, इसके लिए जिला प्रशासन के साथ आम लोग भी नजर बनाये रखेंगे। मौके पर डीसी ने कहा अफवाह और सौहार्द माहौल बिगाड़ने वालों से जिला पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटेगी, उन्होंने अपील किया है कि रामगढ़ वासी किसी भी अफवाह पर ध्यान नही दे, कोई भी सूचना मिलने पर सीधा पुलिस प्रशासन से संपर्क करे।

### जिला प्रशासन ने दिया संदेश, असामाजिक तत्व रहे सावधान

पर्व त्योहार में अफवाह फैलाकर सौहार्द बिगाड़ने वालों को जिला प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकालकर स्पष्ट संदेश दिया है कि असामाजिक तत्व सावधान रहे। आपके हर गतिविध पर पुलिस प्रशासन नजर रखी है। वैसे लोगों से निपटने के लिए जिला प्रशासन तैयार है। फ्लैग मार्च उसी की तैयारी है। जिला प्रशासन ने आमलोगों से भी अपील कर कहा है कि वैसे लोगों को जरुर चिन्हित करे। जो आपसी सौहार्द बिगाड़ते है।

### फ्लैग मार्च में थे शामिल

फ्लैग मार्च में सब इंस्पेक्टर, रोशन कुमार, श्यामनंदन सिंह, नवीन कुमार, जितेंद्र टुडू, एएसआई सीएस पिंगवा, भावेश झा, जगनारायण राम, राजेश ठाकुर सहित भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स के समुचित विकास के मुद्दे पर विनय गुट ने किया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का समुचित विकास के मुद्दे पर विनय कुमार अग्रवाल गुट ने जोरदार तरीके से जनसंपर्क अभियान चलाया। चुनावी अभियान बस स्टैंड, मेन रोड, थाना चौक, गोला रोड में चलाया गया। मौके पर विनय कुमार अग्रवाल ने कहा कि इस सत्र 2023 - 25 में फिर से नई उम्मीद, नई आशा, नए विश्वास व सभी पुराने साथियों के साथ कर्मठ साहसी, अनुभवी, क्रियाशील संगठित विकास एवं सहयोग में विश्वास रखने वाले आपके दुःख-



सुःख में साथ रहने वाले सदस्यों के साथ हम आपके समक्ष है। हम सभी उम्मीदवार आपके कदम दर कदम साथ निभाने के इरादे के साथ चुनावी मैदान में है। अनुभवी पहचान वाले जुझारू 15 सदस्यों की टीम के साथ आपके समक्ष है। उन्होंने मतदाताओं से अपील किया है कि आप अपना बहुमूल्य बहुमत व समर्थन हमारी टीम को देकर विजय बनावे। जिससे हम रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज को और काफी सशक्त एवं मजबूत बना सके। कौन कौन थे उपस्थित जनसंपर्क अभियान में रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, आनंद अग्रवाल, सुबोध पांडे, दुर्गा प्रसाद सिंह उर्फ वकील सिंह, मनजी सिंह, पंकज प्रसाद तिवारी, विनय कुमार अग्रवाल, अमरेश गणक, गोपाल शर्मा, मनोज चतुवेर्दी उर्फ मानू, विष्णु पोद्दार, भूपेंद्र सिंह उर्फ पप्पू, दिनेश कुमार पोद्दार, इंद्रपाल सिंह, पाले संतोष तिवारी, मुरारी लाल अग्रवाल, अशोक कुमार सिंह, मनजीत सहानी जयप्रकाश सिंह उर्फ जे०पी सिंह, सरोज कुमार सिंह, प्रदीप कुमार गुप्ता, मृत्युंजय केसरी, दीपक जायसवाल शामिल थे।

## चेंबर चुनाव को लेकर विमल बुधिया गुट ने किया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव को लेकर विमल बुधिया टीम के प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान चलाया। व्यवसाई और उद्योगपतियों के हितों की रक्षा के साथ उनके सुरक्षा और सम्मान के लिए विमल बुधिया की टीम चुनावी मैदान में उतरी है। चुनावी अभियान के तहत विमल बुधिया की टीम ने जिला के सभी क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चला रहे है। जिसमे शहर के गोला रोड़, चट्टी बाजार, झंडा चोक आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। व्यवसायियों से मिलकर विमल बुधिया गुट की टीम को वोट देने की अपील किया। विमल बुधिया के सदस्यों ने बोला एक साथ और स्वच्छ चेंबर के निर्माण में आप मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। चेंबर में हमारी टीम विजय होती है तो व्यवसायियों के हितों में




उनके कार्यों के लिए हर तरह से प्रयासरत रहूंगा। मतदाताओं से आग्रह किया गया कि आप खुलकर आए और विमल बुधिया टीम को जीत दिलाए। हम आपकी मदद के लिए हर वक्त तैयार हैं। रामगढ़ जिला उद्योग व्यवसाय क्षेत्र है पूरे प्रदेश में एक अहम स्थान आप लोगों की वजह से है। आप हमारी संगठन हमारी टीम को मजबूत करे, हमारी टीम आपकी समस्याओं को दूर करेगी। मौके पर टीम के उम्मीदवार अमित कुमार सिन्हा, अमरेश कुमार सिंह, अरुण कुमार राय, विमल बुधिया, जितेंद्र कुमार अग्रवाल (जीतू) जितेंद्र प्रसाद (डब्लू) जितेंद्र सिंह पवार, मनोज कुमार मंडल, नंद किशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू, नीरज सिंह, निलेश कुमार गुप्ता, रवि शंकर चोराशिया, विजय कुमार मेवाड़, विकास सेठी (जैन) विनोद कुमार पंकज सहित अन्य मौजूद थे।

## मधुरास मेले का बजरंग महतो ने किया उद्घाटन

गोला (आजाद सिपाही)। गोला प्रखंड के बरलंगा थाना अंतर्गत सरगडीह प्रचांडू पहाड़ स्थित तीन दिवसीय श्री श्री प्रचांडू मधुरास मेले का उद्घाटन बुधवार को महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने किया। उद्घाटन के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मन्नते मांगी गयी। बताया जाता है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पहाड़ की तलहटी पर भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में प्रथम दिन भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। दूसरे व तीसरे दिन बंगाल के कलाकारों के द्वारा छऊ नृत्य प्रस्तुति की जायेगी। बजरंग महतो ने बताया कि प्रचांडू बाबा की महिमा अपरंपार है यहां जो भी मन्नते मांगी जाती है वह पूर्ण होती है। वहीं मेला आपसी भाईचारे प्रेम को बढ़ाता है। इससे पूर्व कमेटी के लोगों ने बजरंग महतो को माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। मौके पर कमेटी के संरक्षक मान सिंह मुंडा, पूर्व मुखिया कपलेश्वर महतो, प्रदीप महतो, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज कोटवार, सहदेव सिंह, मिथुन महतो कमलेश कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

### रामनवमी अष्टमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली गयी, महाराष्ट्र की महिलाओं ने ताशा ढोल बजा दिखाया जलवा

# श्रीराम की शोभा यात्रा बनी ऐतिहासिक, बड़ी संख्या में उतरे श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** रामनवमी पूजा में ग्वालटोली मुहल्ला शेरे झारखंड के तत्वावधान में बुधवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा में महाराष्ट्र से आई महिला ढोल ताशा पार्टी, कई बुलेट में सवार महिलाएं शोभा यात्रा का शोभा बढ़ायी। शोभा यात्रा में महिलाएं गेरुवा वस्त्र व हाथों में भगवा झंडे लेकर निकली। सुसज्जित एव संस्कारी ढंग से शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा को लेकर जिला प्रसाशन चारों ओर सुरक्षा में गए थे। एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार समेत अधिकारियों ने मोनेटरिंग कर रहे थे। शोभा यात्रा में नेतृत्व अन्य अखाड़े के लोग भी सहयोग कर



व्यवस्था में जुटे हुए थे। शोभायात्रा में विधायक किशुन दास, जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, सुजीत जायसवाल, जेएमएम जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति, समेत कई दल के नेताओं ने शोभा यात्रा में शामिल हुए। लोगों ने कलाकारों साथ खूब सेल्फी खिंचवायी। महावीरी झंडो के साथ जुलूस में शामिल हुए। अखाड़ों के खिलाड़ी तलवार, लाठी समेत कई पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र साथ करतब दिखलाते रहें। जुलूस में महिला शामिल हो कर करतब दिखायी। इस वर्ष प्रशासन ने जुलूस को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये थे। जुलूस को लेकर सड़कों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे। पुलिस इस जुलूस में कई अन्य सिविलियन को भी कैमरा एवं ड्रोन कैमरा से भी जुलूस एव हर मूवमेंट पर पुलिस ने पैनी नजर बनाए रही।

शहर में शोभा यात्रा में शामिल लोगो पर कई जगहों पर फूल की वर्षा किया गया एवं मारवाड़ी मोहल्ला में मारवाड़ी मंच के द्वारा पेय जल एवं लस्सी का व्यवस्था किया गया था। शोभा यात्रा ग्वालटोली से निकल कर शहर के मैन रोड मारवाड़ी मुहल्ला होते हुए अपने क्लब के अखाड़ामें समाप्त हुआ। मौके पर महरु यादव, नगर उपाध्यक्ष सुदेश कुमार, दिलीप यादव, मनु यादव समेत बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## श्रीमद् भागवत जी केनगर भ्रमण से क्षेत्र हुआ भागवतमय, झूमे श्रद्धालु



कुजू (आजाद सिपाही)। डटमामोड़ कुजू निवासी सह समाजसेवी गोपाल ठाकुर के आवास पर चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के 6वें दिन (बुधवार को) गाजे - बाजे के साथ श्रीमद् भागवत जी का नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण कार्यक्रम से पूरा क्षेत्र भागवतमय हो गया। आयोजित नगर भ्रमण कार्यक्रम गोपाल ठाकुर के आवास से अलंकार सिनेमा हॉल स्थित मंदिर, डटमामोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर, कुजू चौक स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, कुजू बस्ती स्थित नागकन्या मंदिर, चटनियां बस्ती स्थित देवी मंडप होते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। इस दौरान यजमान गोपाल ठाकुर के सिर पर श्रीमद्भागवत महापुराण व फूलों से सुसज्जित वाहन पर पालकी सवार भागवत जी थे। वही, नगर भ्रमण कार्यक्रम में शामिल महिलाएं द्वारा श्रीकृष्ण से जुडी संकीर्तन गीत गाया जा रहा था। इससे पूर्व, यज्ञाचार्य मनोज कुमार पांडेय द्वारा छठे दिन यजमान गोपाल ठाकुर और उनकी धर्मपत्नी को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान कराए गए। इधर, अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक वैदेही शरण महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया गया। मौजूद भक्तों ने कथा का श्रवण के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इधर, मुख्य आयोजक गोपाल ठाकुर ने बताया कि 7वें दिन (गुरुवार) को पूणार्हुति, हवन व प्रवचन के बाद भव्य भंडारा के साथ ज्ञान यज्ञ का समापन किया जाएगा। उन्होंने धर्म प्रेमियों से नगर व भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील किया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी, जिप प्रतिनिधि सह जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा, सुधीर शर्मा, अशोक सिन्हा, संजय सिंह, संतोष भारद्वाज, मिंटू पांडेय, नंदलाल, पप्पू ठाकुर, कंचन ठाकुर, डोमन ठाकुर, मनोज केसरी, कामेश्वर साव, मुकेश ठाकुर समेत काफी संख्या में महिला पुरुष धर्म प्रेमी शामिल रहे।

## रामनवमी पर्व को लेकर फ्लैग मार्च



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रामनवमी पर्व को ले भुरकुंडा पुलिस ने बुधवार को भुरकुंडा ओपी और भदानीनगर ओपी पुलिस ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस के जवानों ने ओपी क्षेत्र अंतर्गत रामनवमी मैदान, रिवर साइड, सौंदा दी, सयाल सहित कई जगहों का भ्रमण कर पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। इस क्रम में मार्च का नेतृत्व कर रहे भुरकुंडा ओपी प्रभारी अमित कुमार और भदानीनगर ओपी प्रभारी दुर्गा शंकर मंडल ने सदलबल भुरकुंडा रामनवमी मैदान का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से शांति और सौहार्द के साथ रामनवमी मनाने की अपील की। पुलिस की ओर से कहा गया कि पर्व पर विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार है। सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए जुलूस और रामनवमी मेले पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी। किसी प्रकार के अफवाहों पर लोग ध्यान नहीं दें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## जय मां पंचबहिनी स्कूल में जैक मैट्रिक की परीक्षा संपन्न



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। डोमन महतो जय मां पंबहिनी पब्लिक स्कूल गेगदा परीक्षा केंद्र में जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2023 बुधवार को शांतिपूर्व माहौल में संपन्न हुयी। ज्ञात हो कि विगत वर्ष की भांति इस बार भी जैक मैट्रिक की परीक्षा को ले डोमन महतो जय मां पंबहिनी पब्लिक स्कूल गेगदा को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाली के कुल 98 बच्चों ने यहां बेहतर माहौल में परीक्षा दिया। इसका केंद्र कोड 27049 एवं रोल कोड 27076 यूएचएस पाली था। केंद्र में परीक्षा के सफल संचालन के लिए स्थायी दण्डाधिकारी के रूप में प्रवीण कुमार (कनीय अभियंता) पतरातू एवं पुलिस पदाधिकारी के रूप में बासल थाना के एएसआई विजय लकड़ा प्रतिनियुक्त किये गये थें। परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी पदाधिकारियों एवं वीक्षकों के प्रति विद्यालय के सचिव डोमन महतो, केन्द्राधीक्षक सुकरा महली एवं सहायक केन्द्राधीक्षक बीरेन्द्र कुमार प्रसाद ने आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दी है।

## नये सीओ ने दिया योगदान



गोला (आजाद सिपाही)। गोला अंचल कार्यालय में अंचल अधिकारी के रूप में सुदीप एक्का ने योगदान दिया। उनका स्वागत प्रमुख गीता देवी, जिप सदस्य सरस्वती देवी, रणधीर कुमार, प्रभात कुमार, विशु रजवार, प्रदीप महतो आदि ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। सीओ ने कहा कि अंचल के कार्यो से किसी को कोई परेशानी नहीं हो। यह प्रयास रहेगा। सभी तरह के प्रमाण पत्र ससमय लोगों को मिले यही लक्ष्य होगा।

## दो दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। नगर परिषद क्षेत्र के हुहुआ के ऊपर टोला में आयोजित श्री श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सर दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन कलश यात्रा मंडप प्रवेश वेदी पूजन नगर भ्रमण आदि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलश यात्रा का जत्था मंदिर से बड़की नदी तक गया, जहां पुजारियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर एवं कलश में जल भरकर पुनः मंदिर की ओर प्रस्थान किए और कलश स्थापित किए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो,वार्ड पार्षद रोशन कुमार,समाजसेवी राजेंद्र महतो उपस्थित हुए। मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा सिर पर कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा पवित्र व निर्मल होती है। ऐसे भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु व महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी देवता स्वयं कलश में विराजमान होते हैं। वहीं कलश को धारण करने वाले जहां से भी ग्राम का भ्रमण करता है वहीं की धरा स्वयं सिद्ध होती जाती है। जो अपने सिर पर कलश धारण करता है उसकी आत्मा को ईश्वर पवित्र और निर्मल करते हुए अपनी शरण में ले लेते हैं। जिनके तमाम रोग दोष विकारों का भगवान हरण कर देते है।
मौके पर बैजनाथ राम सपत्नी, कामेश्वर महतो, उमेश महतो, प्रदीप राम, सुनील राम, कुलदीप राम, अनिल राम, अरुण रविदास, प्रकाश रविदास, सन्नी कुशवाहा, आकाश राम आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति ने सीएम हेमंत सोरेन को पूजा महोत्सव में आमंत्रित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुताहा तालाब का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उन्हें मोमेंटो, अंगवस्त्र और तलवार दे कर सम्मानित किया। साथ ही महासमिति द्वारा आयोजित चैती दुर्गा पूजा महोत्सव में आमंत्रित किया। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में मुख्यरूप से श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य सयोजक डॉ. कुमार राजा, संरक्षक विशाल कृष्णा, उपाध्यक्ष राहुल सिंह मौजूद थे।



# 43 पीएचडी एवं 2 डी लिट प्रस्तावों को वापस भेजा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को प्रोफेसर डॉ. अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में रांची विश्वविद्यालय मानविकी संकाय में पीजी रिसर्च काउंसिल की बैठक संपन्न हुई। इसके अंतर्गत 247 पीएचडी एवं 04 डी लिट के प्रस्तावों पर विचार किया गया। विचारोपरांत 204 पीएचडी एवं 02 डीलिट मामलो को अग्रेतर कारवाई के लिए अनुमोदित किया गया। वहीं इस बैठक में बांग्ला के 02 डी लिट तथा 12 पीएचडी, हिन्दी के 10 उर्दू के 03, अंग्रेजी के 17 तथा फिलोस्फी के 01 कुल 43 पीएचडी के मामलों को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ पुनः समीक्षा के लिए भेज दिया गया। इस समिति की बैठक में कुलपति के अध्यक्षता में प्रतिकुलपति डॉ. अरुण कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ. मुकुंद्चंद्र मेहता, उपकुलसचिव डॉ. प्रीतम कुमार, संकायाध्यक्ष मानविकी, सभी विभागाध्यक्ष एवं कुलपति तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे ।

### अप्रैल से मॉर्निंग शिफ्ट में चलेंगे स्कूल

रांची। गर्मी के मौसम को देखते हुए राज्य के सभी सरकारी और निजी स्कूल मॉर्निंग शिफ्ट में संचालित होंगे। यह व्यवस्था अप्रैल महीने से लागू होने जा रही है। गर्मी में मॉर्निंग शिफ्ट में स्कूल चलेंगे। अप्रैल महीने से सुबह 7:00 बजे से शुरू होंगे। यह व्यवस्था अगले तीन महीने यानी 30 जून तक बनी रहेगी।

**अधिसूचना**

**सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2023 दिनांक : 28.03.2023**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा रांची मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग को आईआरईपीएस वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। **क्रम. सं., श्रेणी, कैटलॉग सं., परिसंपत्ति विवरण, नीलामी प्रारंभ, नीलामी बंद होने की तारीख** निम्नानुसार है: **(1) पार्सल,** आरएनसीपार्सल11, रांची मंडल से यात्रा प्रारम्भ करनेवाली 38 अदद पैसेंजर/मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों द्वारा एसएलआर कंपार्टमेंट को लीज पर देने के लिए 67 अदद परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी, दिनांक 13.04.2023 को सुबह 10.00 बजे, 14.04.2023 को अपराह्न 01.50 बजे। **(2) विज्ञापन,** आरएनसीएडीवीटी12, (i) रांची मंडल में वाणिज्यिक प्रचार अनबंधों के लिए 11 परिसंपत्तियों (07 अदद आउट ऑफ होम तथा 4 अदद स्टेशन के अंदर) की ई-नीलामी। (ii) रांची मंडल में लिंक रेक वाली 12 ट्रेनों में ट्रेनों की बाहरी सतह (फुल फेस) पर विज्ञापन के लिए ई-नीलामी, दिनांक 14.04.2023 को सुबह 10.00 बजे, 14.04.2023 को अपराह्न 02.10 बजे। **(3) एटीएम,** आरएनसीएटीएम12, रांची मंडल में एटीएम के लिए 6 अदद परिसंपत्तियों की ई-नीलामी, 14.04.2023 को अपराह्न 02.00 बजे, 14.04.2023 को अपराह्न 03.20 बजे। **(4) पार्किंग,** आरएनसीपार्किंग12, रामगढ़, इटकी एवं सईसा रेलवे स्टेशनों पर दोपहिया, तिपहिया एवं चारपहिया वाहनों की पार्किंग हेतु ई-नीलामी दिनांक 14.04.2023 को दोपहर 12.00 बजे, 14.04.2023 को अपराह्न 12.50 बजे। **(5) कैटरिंग,** (i) आरएनसीसीटीजी6, रांची मंडल में जीएमयू एवं एसएमयू श्रेणियों के तहत 42 अदद कैटरिंग इकाइयों के लिए ई-नीलामी, दिनांक 13.04.2023 को सुबह 11.00 बजे, 14.04.2023 को अपराह्न 10.40 बजे। (ii) आरएनसीएचटीईसीएटीजी2, हटिया स्टेशन पर एसएमयू के तहत 1 अदद कैटरिंग यूनिट के लिए ई-नीलामी, 12.04.2023 को सुबह 11.00 बजे, 12.04.2023 को सुबह 11.30 बजे। **(6) पे एंड यूज,** आरएनसीपेएनयूज10, रांची मंडल के रामगढ़, झालिदा एवं नामकोम रेलवे स्टेशनों पर पे एंड यूज प्रसाधनों के लिए 3 अदद परिसंपत्ति के लिए ई-नीलामी, 14.04.2023 को सुबह 10.00 बजे, 14.04.2023 को सुबह 10.50 बजे। **(7) विविध,** आरएनसीएवीएम1, रांची मंडल के रांची एवं हटिया रेलवे स्टेशनों पर स्वचालित वेंडिंग मशीन (कैटरिंग) के लिए 5 अदद परिसंपत्तियों के लिए ई-नीलामी, 14.04.2023 को दोपहर 12.00 बजे, 14.04.2023 को अपराह्न 01.10 बजे। **टिप्पणी:** संभावित बोलीदाताओं से अनरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल देखें। ऊपर उल्लिखित कैटलॉग के तहत लॉट वार विवरण उपलब्ध हैं।

(PR-1232) वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने जरूरतमंद की आंखों का ऑपरेशन करवाया



रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने 3 लोगो के आंखों का ऑपरेशन करवाया। ये ऑपरेशन लालपुर चौक स्थित शार्प आई हॉस्पिटल में किया गया। शाखा अध्यक्ष पूजा सरावगी ने कहा कुछ लोग हैं जिनकी आंखों में प्रॉब्लम थी, डॉक्टर ने उन्हें ऑपरेशन के लिए कहा लेकिन वो आर्थिक तंगी के कारण असमर्थ थे, उन्होंने संस्था से मदद मांगी। समर्पण शाखा ने 3 पेसेंट का निःशुल्क आई ऑपरेशन करवाया। एक महिला अजीजा खान का ऑपरेशन डॉ मधु ने किया और बदरूनिशा का ऑपरेशन डॉ अमनप्रीत कौर ने किया। इस मौके पर स्वास्थ्य प्रभारी राधा झ्रोलिया मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल, कोषाध्यक्ष विनीता सिंघानिया, ममता बोड़ा, मीना ताइवला उपस्थित थीं।

# संगोष्ठी में राज्य फोकस पेपर 2023-24 का विमोचन




रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा राज्य ऋण संगोष्ठी 2023-24 का आयोजन सभागार, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा में बुधवार को किया गया। संगोष्ठी में राज्य सरकार, नाबार्ड, बैंक, और अन्य एजेंसियों के कार्यक्रमों/ योजनाओं के अभिसरण और तालमेल के लिए रणनीति पर मंथन किया गया। साथ ही, राज्य फोकस पेपर 2023-24 का विमोचन किया गया। सेमिनार का थीम राज्य बजट का क्रेडिट प्लान के साथ अभिसरण था। डॉ एमएस राव, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड ने प्राथमिकता क्षेत्र हेतु साख आयोजना तैयार करने में नाबार्ड की भूमिका का उल्लेख किया। संजीव सिन्हा, महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, रांची ने सभी बैंको को मिलकर अगले साल के क्रेडिट लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रयास करने का आग्रह किया। मनोज कुमार, महाप्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, पीयूष भट्ट, अध्यक्ष, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, सुबोध कुमार, संयोजक एसएलबीसी, एचएन द्विवेदी, निदेशक, मत्स्य विभाग, झारखंड सरकार, डॉ. सुजय रक्षित, निदेशक ने भी सेमिनार को संबोधित किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2022-23 में चार श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंकों को सम्मानित किया गया।

# अर्जुन यादव ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास





रांची (आजाद सिपाही)। वार्ड नंबर 10 के अंतर्गत जयनगर में बुधवार को विक्रम सिंह के घर से लेकर पिंटू के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। यह पीसीसी पथ 5 लाख 50, हजार की लागत से यह पथ को बनाया जायेगा। इस अवसर पर अर्जुन यादव ने कहा कि वार्ड नंबर 10 में जो मैंने लकीर खींची थी, विकास की यह सपना मेरा साकार होते नजर आ रहा है। क्योंकि जिस समय मुझे जनता द्वारा अपने वार्ड पार्षद के रूप में चुने थे, तो उनसे मैंने ही वादा किया था कि मैं अपने वार्ड को विकास की ओर ले जाऊंगा। हर गली मोहल्ले को आरसीसी नाली और पीसीसी पथ से स्मार्ट बनाऊंगा। अभी भी आने वाले दिनों में वार्ड 10 में पीसीसी पथ और आरसीसी नाली बनना है। वह जल्दी धरातल पर उतरने वाली है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड नंबर 8 के पूर्व पार्षद संगीता देवी, नीरज भट्टाचार्य, विक्रम सिंह, बसंत साहू, मंटू तिवारी, हरिलाल, रिंकी देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी और मोहल्ले के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।




































# यूपी निकाय चुनाव की दूर हुई अड़चन

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनावों का रास्ता साफ करके एक बड़ी मुश्किल हल कर दी। देश के मुख्य न्यायाधीश की अगुआई वाली बेंच ने उत्तर प्रदेश ओबीसी आयोग की रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए राज्य चुनाव आयोग को इन चुनावों के सिलसिले में दो दिनों के अंदर नोटिफिकेशन जारी करने की इजाजत दे दी। इसके बाद अब राज्य में शहरी लोकल बॉडीज में ओबीसी आरक्षण के प्रावधानों के साथ चुनाव कराया जा सकेगा। मामला फंस इसलिए गया था क्योंकि इलाहाबाद हाइकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से 5 दिसंबर को जारी उस ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को रद्द कर दिया था, जिसमें एससी, एसटी और महिलाओं के साथ ही ओबीसी के लिए भी रिजर्वेशन का प्रावधान किया गया था। हाइकोर्ट का कहना था कि रिजर्वेशन के लिए यह नोटिफिकेशन जारी करते हुए राज्य सरकार ने उस ट्रिपल टेस्ट की कसौटियों का ख्याल नहीं रखा, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अनिवार्य बता रखा है। उसके बाद यह संवैधानिक दुविधा पैदा हो गयी थी कि इन शहरी स्थानीय निकायों का कार्यकाल समाप्त हो रहा था और उस अवधि में ट्रिपल टेस्ट की कसौटी का पालन करते हुए आरक्षण का नोटिफिकेशन जारी करना मुश्किल था, लेकिन आरक्षण के प्रावधान भी एक संवैधानिक जरूरत थे। उसके बगैर चुनाव कराना न सिर्फ असंवैधानिक हो सकता था, बल्कि आगे चलकर उससे जुड़ी कई और मुश्किलें पैदा हो सकती थीं। बहरहाल, अब सुप्रीम कोर्ट ने यूपी ओबीसी कमिशन की ताजा रिपोर्ट को ट्रिपल टेस्ट की कसौटी पर खरा पाकर चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाने की इजाजत दी है। इसलिए फिलहाल वे सभी समस्याएं टल गयी हैं, लेकिन इस पूरे प्रकरण में शासन-प्रशासन के ही लिए नहीं, राजनीति के लिए भी कई सबक हैं। इलाहाबाद हाइकोर्ट के फैसले के बाद जिस तरह से राजनीतिक बयानबाजी होनी शुरू हुई उससे साफ था कि ज्यादातर राजनीतिक दल इसे राजनीतिक अवसर के रूप में देख रहे थे। यह सचाई अन्य मौकों पर भी अलग-अलग तरह से दिखती रही है कि हमारे देश में राजनीति आरक्षण को प्रायः राजनीतिक फायदे के एक साधन के ही रूप में देखती है। यही वजह है कि अक्सर चुनाव के दौरान आरक्षण से जुड़े वादों, दावों और घोषणाओं की झड़ी सी लग जाती है। इतना ही नहीं, जब भी इससे जुड़ा कोई मसला उठता है तो राजनीतिक दलों का रुख उसके औचित्य के आधार पर नहीं, बल्कि उससे होने वाले चुनावी नफा-नुकसानों से निर्धारित होता जान पड़ता है। यह एक बड़ी वजह है कि आरक्षण नीति के लंबे अनुभवों और इससे निकलते सबकों पर सही ढंग से विचार तक नहीं हो पा रहा है। यह स्थिति बदलनी चाहिए। न केवल आरक्षण नीति के विभिन्न पहलुओं पर समग्रता में विचार होना जरूरी है, बल्कि अनुभवों और समाज की बदलती जरूरतों की रोशनी में समीक्षा की निरंतरता को भी सुनिश्चित करने की जरूरत है।

**अब सुप्रीम कोर्ट ने यूपी ओबीसी कमिशन की ताजा रिपोर्ट को ट्रिपल टेस्ट की कसौटी पर खरा पाकर चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाने की इजाजत दी है। इसलिए फिलहाल वे सभी समस्याएं टल गयी हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**रांची में पहली रामनवमी की शोभायात्रा 17 अप्रैल, 1929 को निकली थी। यहा रामनवमी की शुरुआत हजारीबाग के रामनवमी जुलूस को देखकर की गयी थी। हजारीबाग में रामनवमी जुलूस गुरु सहाय ठाकुर ने 1925 में वहा के कुम्हार टोली से प्रारंभ की थी। राची के श्रीकृष्ण लाल साहू की शादी हजारीबाग में हुई थी।**

# मिशन मोड में भारत की पर्यटन क्षमताओं को बढ़ावा

**पुनीत चटवाल**

पूरी दुनिया में सबसे तेजी से उभरते पर्यटन गंतव्यों में से एक, भारत का यात्रा और पर्यटन क्षेत्र, भरोसेमंद विकास की रूपरेखा प्रदान करता है; एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद, अब यह क्षेत्र बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए तैयार है। पर्यटन क्षेत्र को एक मिशन के तौर पर विकसित करने के लिए, भारत के बजट 2023 में विभिन्न पहलों और योजनाओं की रूपरेखा पेश की गई है।

बजट-उपरांत सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के विकास को गति देने में पर्यटन क्षेत्र के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र जीडीपी और रोजगार सृजन दोनों में योगदान दे सकता है। प्रधानमंत्री का यह कथन, पर्यटन क्षेत्र में मौजूद अपार संभावनाओं का प्रमाण है। उद्योग जगत के हितधारकों और सरकार के बीच सामूहिक कार्रवाई पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि इस क्षेत्र के लिए अब तक के सबसे उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सके और यह क्षेत्र अर्थव्यवस्था तथा पूरे समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने में सक्षम हो सके।

**सहयोग की शक्ति :** केंद्र सरकार द्वारा पर्यटन को प्रोत्साहन देने का मूल आधार इस तथ्य की स्वीकृति है कि यात्रा और पर्यटन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए समर्थन प्रदान किये जाने की आवश्यकता है। केंद्रीय बजट ने सहयोग के लिए छह विषयों को रेखांकित किया है, जिनमें से दो विषय हैं - आपसी तालमेल और सार्वजनिक-निजी-भागीदारी।

**हजारीबाग में रामनवमी जुलूस गुरु सहाय ठाकुर ने 1925 में वहा के कुम्हार टोली से प्रारंभ की थी।**

पर्यटन को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग के महत्व पर बहुत अधिक जोर दिया गया है। विकास का एक प्रमुख कारक होने के अलावा; यह आपसी सहयोग, रचनात्मकता



को प्रोत्साहन देता है, प्रतिस्पर्धा बढ़ाता है और दूरदर्शी परिणाम प्राप्त करता है। यदि संबंधित पक्ष अलग-अलग काम करते हों, तो इन परिणामों को हासिल करना एक कठिन कार्य हो सकता है। उदाहरण के लिए, काशी विश्वनाथ धाम मंदिर में आगंतुकों की संख्या, पिछले साल के औसत 80 लाख से बढ़ कर सात करोड़ हो गयी है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के आसपास नव विकसित स्थल को, अंतिम रूप दिए जाने के बाद, एक वर्ष की अवधि में 27 लाख लोगों ने देखा।

**पर्यटन, बदलाव के दौर में :** पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए जिन छह विषयों को रेखांकित किया गया है, उनमें पहला है झ पर्यटन स्थल केंद्रित दृष्टिकोण। यह भविष्य के पर्यटन केंद्रों के रूप में 50 पर्यटन-स्थलों को प्रोत्साहन देने के लिए शासन के विभिन्न प्रभागों को एक साथ लाने की बात करता है। प्रधानमंत्री ने काशी, केदारनाथ, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और पावागढ़ जैसे स्थानों का उदाहरण दिया, यह बताने के लिए कि कैसे एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सरकार के विभिन्न विभागों के एक साथ आने से इन स्थानों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हो सकती है।

हमने देखा है कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान और देखो अपना देश की पहल ने घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दिया, जिससे आतिथ्य-सत्कार क्षेत्र की कंपनियों को सभी क्षेत्रों में आपूर्ति बढ़ाने का अवसर मिला- व्यवसाय, विलासितापूर्ण संपत्तियों, होम स्टे, विला आदि से लेकर बजट होटलों तक। इन 50 पर्यटन-स्थलों के विकास से आने वाले वर्षों में न केवल स्थितियां बेहतर होंगी, बल्कि भारत में पर्यटन क्रांति की भी शुरुआत होगी।

पर्यटन एक सामाजिक-आर्थिक गतिविधि है और विकास के लिए एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण है, जो सामाजिक-आर्थिक उद्देश्यों के साथ पर्यावरण आधारित उचित प्रबंधन को संतुलित करता है। इस वर्ष के बजट के प्रमुख विषयों में शामिल हैं- स्थानीय संस्कृति का लाभ उठाना, विरासत को संरक्षित करना, कल्याण और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना तथा सभी प्रकार के नीति निर्माण में सतत विकास को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर जीवन स्तर में सुधार करना।

**प्रौद्योगिकी का लाभ :** पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने वाले विषयों की सूची में एक महत्वपूर्ण विषय है- इस क्षेत्र में चल रही डिजिटलीकरण और नवाचार की प्रक्रिया। डिजिटल तकनीक, ए.आर./वी.आर. और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस); यात्रा और पर्यटन उद्योग में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं। यात्रा-अनुभव, पहले से कहीं अधिक व्यक्ति-केंद्रित, बहु-आयामी और आपसी संवाद आधारित होते जा रहे हैं। एआर और वीआर यात्रियों को उनकी यात्रा से पहले ही गंतव्य-स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं। प्रसिद्ध स्थानों, ऐतिहासिक स्थलों और सांस्कृतिक अनुभवों के वर्चुअल पर्यटन की सुविधा दे सकते हैं और पर्यटन स्थोल के चुनाव के बारे में सहायता कर सकते हैं। एआइ-संचालित चैटबॉट और डिजिटल सहायक, यात्रियों को उनकी यात्रा-योजना बनाने में मदद कर सकते हैं, व्यक्तिगत गतिविधियों की सिफारिश कर सकते हैं और यात्रा के दौरान वास्तविक समय पर सहायता प्रदान कर सकते हैं। उभरती हुई तकनीकें भी, इस क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन, इसके स्थायित्व और अति-पर्यटन के खतरों की निगरानी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी।

प्रौद्योगिकी को अपनाने से समन्वित दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है, जो कम खर्च करने वाले विदेशी पर्यटकों से जुड़ी समस्या का समाधान करने में देश की मदद कर सकता है। औसत आधार पर, हम पाते हैं कि विदेशी पर्यटक, संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में भारत में 33 प्रतिशत कम खर्च करते हैं और ऑस्ट्रेलिया की तुलना में यह कमी 60 प्रतिशत से भी अधिक है।

**समय की मांग :** कारोबार में आसानी दृष्टिकोण को अब यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य-सत्कार क्षेत्र में भी शुरू करने की आवश्यकता है। भारत की अपार पर्यटन क्षमता के उपयोग के लिए एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है, जो योजना, स्थान, लोग, नीति, प्रक्रिया और प्रचार के छह प्रमुख स्तंभों को शामिल करे। यह रेखांकित करना महत्वपूर्ण है कि बजट-उपरांत सत्र में इन घटकों पर प्रभावी तरीके से विचार-विमर्श किया गया, जिनमें शामिल हैं- गंतव्य योजना और प्रबंधन, अवसंरचना विकास, स्थायित्व और सुरक्षा, मानव पूंजी का विकास तथा केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय के लिए नीति व प्रक्रिया आधारित कार्यक्रमों के साथ-साथ भारतीय पर्यटन के नैरेटिव को बढ़ावा देना।

संवैधानिक रूप से, पर्यटन एक राज्य-सूची का विषय है और केंद्रीय पर्यटन विभाग इसे समवर्ती-सूची में स्थानांतरित करने के लिए जोर दे रहा है, ताकि केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर नीति निर्माण की अनुमति मिल सके। उदाहरण के लिए, कुछ भारतीय राज्यों ने पहले ही पर्यटन को उद्योग का दर्जा प्रदान कर दिया है, जो दशकों से इस क्षेत्र की प्रमुख मांग रही है।

पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने से इस क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी। राष्ट्रीय पर्यटन बोर्ड का गठन, सरकार के पास विचाराधीन है। सही नीतियों और पहलों के साथ, यह भारत को विश्व स्तर पर शीर्ष-3 यात्रा और पर्यटन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के लिए एक आदर्श लॉन्च पैड सिद्ध होगा।

**(लेखक, होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआइ) के अध्यक्ष और पर्यटन तथा आतिथ्य पर सीआइआइ की राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष हैं। ये उनके निजी विचार हैं।)**

## जमशेदपुर और आसपास की खबरें

### मंत्री चंपई सोरेन ने आर्यन अखाड़ा मंदिर का किया उद्घाटन



आदित्यपुर (आजाद सिपाही)। आदित्यपुर के ए रोड इमली चौक स्थित श्रीश्री आर्यन अखाड़ा समिति के द्वारा बुधवार को चैत्र नवरात्रि अष्टमी के शुभ अवसर पर हनुमान मंदिर का उद्घाटन परिवहन मंत्री चंपई सोरेन के द्वारा किया गया। मौके पर अखाड़ा के सदस्य द्वारा मंत्री चंपई सोरेन को बुके देकर एवं टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में बस्ती वासी मौजूद रहे। हनुमान मंदिर आर्यन अखाड़ा का शुभारंभ 1995 में स्वर्गीय गोलू जसवाल के द्वारा की गई थी। मौके पर छोटे लाल जयसवाल,वाइस प्रेसिडेंट धनंजय महतो, कैसियर संदीप कुइरी, रोहित जैस्वाल सौरभ गोराई,बिट्टू गोराई विकास दास, किशन,योगेश, महेश,बासु, मनोहर,राजेश, रमेश बाल मुचु, हेमंत सहित कमेटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### विधायक ने किया योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर पंचायत में बुधवार को लगभग दो करोड़ 91 लाख रूपए की योजना का ऑनलाइन शिलान्यास बजरंग दल के समीप वेंडर मार्केट सह विभिन्न प्रकार की जन उपयोगी योजना का शिलान्यास एवं उद्घाटन विधायक विकास कुमार मुंडा नगर अध्यक्ष राजेश उरांव नगर उपाध्यक्ष सुनील कुमार जयसवाल के अलावा पार्षदों की संयुक्त उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि नगर पंचायत बुंडू में मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है बुंडू में टाउन हॉल का निर्माण किया जायेगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेश उरांव ने कहा कि बुंडू के हवा में धुलकन की मात्रा ज्यादा है जिससे लोगों को सांस संबंधी बीमारी होने का खतरा है। नेशनल पॉल्यूशन सेंटर ने बुंडू को रेड जोन घोषित किया है इसे लेकर बुंडू में बड़े नगर निगमों की तरह मैकनीज्म स्प्रिंग मशीन की गाड़ी ली जायेगी। दो करोड़ नब्बे लाख की महत्वकांक्षी योजना में बुंडू में वेंडर मार्केट पीसीसी रोड नाली पेभर ब्लॉक सामुदायिक शौचालय आदि का निर्माण होगा। इस अवसर पर जितेंद्र उरांव, गुड्डू चेल, नेपाल दास, दिलीप स्वासी, प्रकाश भगत, बबलू कुंडू, संदीप मांझी, दीपक कुमार, संतोष कुमार, गोपाल साहू, अनूप कुमार, विभा हलवाई, अंजू देवी सहित नगर पंचायत के तमाम कर्मचारी उपस्थित हुए।

### स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमाड़ में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी, शुगर, एचआइवी, एचबी, मलेरिया एवं अन्य जांच किया गया सभी तरह के बीमारियों का इलाज एवं परामर्श दिया गया। मेले में डॉक्टर आशुतोष कुमार त्रिपाठी, डॉक्टर अनुजा साधना कच्छप, डॉक्टर, डॉक्टर जफर इकबाल, डॉक्टर सुषमा खलखो,एम टी एस हरेंद्र कटियार, एएम ललित स्वांसी, एम पी डब्लू जयकुमार महतो एलटी रूपेश प्रामाणिक और एएनएम, जीएनएम, सीएचओ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### शिक्षा सचिव का जलाया पुतला

**रातू (आजाद सिपाही)।** कृषक उच्च विद्यालय गुड्डु गडरी में बुधवार को अनुदान वितरण में गड़बड़ी की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर शिक्षा सचिव के रवि कुमार का पुतला जलाया गया। साथ ही अनुदान समिति के कार्यवाही की प्रति भी जलायी गई। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि शिक्षा सचिव वित्त रहित शिक्षकों के विरोधी हैं। 6 अप्रैल को अनुदान में हुई गड़बड़ी को लेकर राजभवन के सामने विशाल महा धरना भी दिया जायेगा। पुतला दहन में मोर्चा नेता सुरेंद्र झा, रघुनाथ सिंह, अशोक कुमार, सीमा कुमारी, हरिहर प्रसाद कुशवाहा ,फजलुल कादिर अहमद , रंजीत मिश्रा, चंद्रशेखर, गणेश महतो, बलदेव पांडे, विरसो उराव, अरविंद सिंह, मनीष कुमार शामिल थे।

## ओड़िशा की खबरें

### झारसुगुड़ा में आज से लागू होगी आदर्श आचार संहिता: निर्वाचन अधिकारी

**10 मई को वोटिंग होगी और 13 मई को नतीजे आयेंगे। इसलिए आज से झारसुगुड़ा जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा विधानसभा सीट मंत्री नब दास के निधन के बाद खाली पड़ा था। आज चुनाव आयोग ने झारसुगुड़ा उपचुनाव को लेकर अधिसूचना प्रकाशित की है। 10 मई को वोटिंग होगी और 13 मई को नतीजे आयेंगे। इसलिए आज से झारसुगुड़ा जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी निकुंज बिहारी धल ने इसकी जानकारी दी। सीइओ ने कहा, चुनाव आयोग ने आज झारसुगुड़ा उपचुनाव को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। गेजेट अधिसूचना 13 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी।

नामांकन की आखिरी तारीख 20 तारीख, प्रत्याशी के पत्र सत्यापन की आखिरी तारीख 21 को और 24 तारीख तक नाम वापसी की आखिरी तारीख है। 10 मई को मतदान और 13 मई को नतीजे घोषित किए जायेंगे। चुनाव की सारी प्रक्रिया 15 मई तक पूरी करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। झारसुगुड़ा में 2 लाख 21 हजार 70 मतदाता है। इस में 1 लाख 10 हजार 320 पुरुष मतदाता और 1 लाख 10 हजार 687 महिला मतदाता, 80 वर्ष से अधिक आयु के 4074 मतदाता और 2526 विकलांग मतदाता हैं। हालांकि देश और प्रदेश में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के हालात को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की मदद ली जायेगी।

### सर्जिकल टीम ने कैंसर मरीजों की सफलतापूर्वक सर्जरी की

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में पहली बार स्थानीय आयुर्विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल के युवा सर्जनों की एक टीम ने एक कैंसर रोगी की अत्यधिक जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की है। सम अस्पताल की सर्जिकल टीम द्वारा पानक्रिआस कैंसर से पीड़ित 55 वर्षीय व्यक्ति का ऑपरेशन किया गया है। रोगी के शरीर में ट्यूमर ने सीलिएक ट्रंक को प्रभावित किया था, एक प्रमुख धमनी जो अन्य महत्वपूर्ण अंगों से भी जुड़ी हुई थी। सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ ज्योर्तिमय जेना के नेतृत्व में एक बहु-विषयक टीम ने इस मुद्दे पर काफी विचार-विमर्श के बाद सर्जरी का फैसला किया गया था। यह चिंता का कारण था क्योंकि ट्यूमर शरीर के महत्वपूर्ण हिस्सों जैसे सीलिएक ट्रंक, रक्त वाहिकाओं को यकृत, पाकस्थली और प्लीहा को प्रभावित कर रहा था। सीलिएक ट्रंक (सीलिएक धमनी), जो तीन भागों में विभाजित होती है और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट, यकृत और



प्लीहा को रक्त की आपूर्ति करती है, उनको हटाने की आवश्यकता थी। हालांकि, ऐसा करने से लिवर को रक्त की आपूर्ति बंद हो जाता और मरीज की मौत की काफी आशंका थी, डॉ. जेना ने मंगलवार को संवाददाताओं को इसकी जानकारी दी। सर्जिकल टीम ने सर्जरी करने का फैसला किया क्योंकि कैंसर रोगी के शरीर में एक ही स्थान पर सिमिति था। लेकिन धमनी ने एक बड़ी समस्या पैदा कर दी थी, उन्होंने कहा। ऐसे मरीजों में आमतौर पर सर्जरी नहीं की जाती क्योंकि उनके पास बचाने के लिए केवल 6 महीने होते हैं। हालांकि, ऐसे रोगियों में एक जटिल सर्जरी जिसे एपेलबी प्रक्रिया कहा जाता है, ऐसे मरीजों में एपेलबी प्रोसीजर नामक जटिल सर्जरी की जाती है।

डॉ. जेना ने कहा कि यह दुनिया के गिने-चुने अस्पतालों में किया जाता है। प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद सीटीवीएस सर्जन और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संग्राम केशरी बेहेरा ने कहा कि ऐसी स्थिति में 'मॉडिफाइड एपलबी सर्जरी' करने का विचार किया गया। सर्जरी पिछले फरवरी के अंतिम सप्ताह में की गई थी और अस्पताल की टीम में सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, कार्डियो थोरैसिक वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस), मेडिकल ऑन्कोलॉजी, रेडियो-डायग्नोसिस और एनेस्थिसियोलॉजी विभागों के बिसेसज्ञ ने शामिल थे।

### झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए तारीख घोषित

**भुवनेश्वर/ नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** झारसुगुड़ा उपचुनाव की तारीख का ऐलान आज किया गया है. तदनुसार उपचुनाव 10 मई को आयोजित किया जाएगा और 13 मई को वोटों की गिनती होगी और नतीजे घोषित किए जाएंगे। आज चुनाव आयुक्त ने पांच उपचुनाव की तारीखों का ऐलान किए है। इनमें ओडिशा में झारसुगुड़ा उपचुनाव भी शामिल है। इस निर्वाचन क्षेत्र के विधायक तथा स्वास्थ्य मंत्री नब दास की हत्या के बाद यह आसन खाली पड़ा था। जानकारी के मुताबिक 10 मई को मतदान होगा. अधिसूचना 13 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने क्योंझर में इपीएफओ के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया है। इस कार्यालय की शुरूआत वर्चुअल माध्यम से की गई। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने ईपीएफओ सदस्यों के लाभ और सुविधा के लिए इ-पासबुक प्रणाली की शुरूआत की है। इससे सदस्यों ने ग्राफिक्स के माध्यम से अपने खाते का विवरण देख सकते हैं। श्री यादव ने ईपीएफओ के 100 या अधिक कर्मचारियों वाले 63 क्षेत्रीय कार्यालयों में क्रेच सुविधाओं का उद्घाटन किया और उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में क्षेत्रीय कार्यालय भवन की आधारशिला रखी। इससे



पहले, इपीएफ केंद्रीय ट्रस्टी बोर्ड की 233वीं बैठक आयोजित की गई और निम्नलिखित निर्णय लिए गये। बोर्ड ने वर्ष 2022-23 के संशोधित अनुमानों और वर्ष 2023-24 के लिए इपीएफओ द्वारा कार्यान्वित योजनाओं को मंजूरी दी। बोर्ड ने इपीएफओ के भौतिक बुनियादी ढांचे का विस्तार करने के लिए अगले पांच वर्षों के लिए एक संभावित योजना को मंजूरी दी है, जिसमें 2200 करोड़ रुपये की लागत से भूमि अधिग्रहण, भवनों का निर्माण और विशेष मरम्मत शामिल है। बोर्ड को पेंशन प्रदान करने और उच्च वेतन पर फाइलिंग विकल्प के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करने के लिए उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया। बोर्ड ने ईपीएफओ @ 2047 विजन डॉक्यूमेंट के अनुरूप इपीएफओ की स्थिति को अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आइएसएसए) में एक सहयोगी सदस्य के बजाय एक मान्यता प्राप्त सदस्य के रूप में बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। सीबीटी ने विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए इपीएफओ और एनटीए के बीच एक बड़े एमओयू को मंजूरी दी।

#### इपीएफओ की निधि एपीपीके के 2.0 प्रयासों पर सीबीटी के सामने एक प्रस्तुति दी

**सामाजिक सुरक्षा सहायता एवं स्टेनो ग्राफर क्याडर में सीधी भर्ती परीक्षा के लिए अधिसूचना प्रकाशित कर दी गयी है तथा समझौता ज्ञापन के अनुसार प्रारंभिक कदम उठा लिये गये हैं। बोर्ड ने कर्मचारी भविष्य निधि (अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा शर्तें) विनियम, 2008 में संशोधन की सिफारिश करने के लिए एक समिति के गठन को मंजूरी दी। बोर्ड ने पोर्टफोलियो मैनेजर के एएमसी के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। बोर्ड उस वर्ग के लिए निर्धारित सीमा के अधीन निवेश के किसी भी मान्यता प्राप्त वर्ग में इटीएफ निवेश की आय का निवेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दिया है। इपीएफओ की निधि एपीपीके के 2.0 प्रयासों पर सीबीटी के सामने एक प्रस्तुति दी गई। यह जिला जनसंपर्क कार्यक्रम प्रत्येक माह की 27 तारीख को देश भर में आयोजित किया जा रहा है।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रंका अनुमंडल से सटे कनहर नदी क्षेत्र से बाघ को पकड़कर छत्तीसगढ़ के वनकर्मियों ने दिलायी राहत



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल क्षेत्र सीमा से सटे कनहर नदी रामानुजगंज छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कुछ दिन पहले एक बाघ के दस्तक देने से दहशत में जीने को विवश लोगों के लिए खुशखबरी है कि संभावित बाघ को छत्तीसगढ़ के वनकर्मियों ने पकड़ने में सफलता हासिल की है।

### रामनवमी शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर गढ़वा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय में रामनवमी पूजा को देखते हुए गढ़वा पुलिस द्वारा बुधवार की शाम में फ्लैग मार्च निकाला गया। अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम के नेतृत्व में फ्लैग मार्च शहर में निकाला गया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि रामनवमी पर्व को लेकर फ्लैग मार्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रामनवमी पूजा के दिन लोग अफवाह पर ध्यान ना दें। अगर किसी भी तरह की कोई परेशानी हो तो गढ़वा पुलिस को सूचना दें। सूचना मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर में गुरुवार को दोपहर एक बजे से नो एंट्री लगायी जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक जुलूस समाप्त नहीं होगा तब तक शहर में पूरी तरह से नो एंट्री रहेगी। फ्लैग मार्च थाना से निकलकर रंका मोड़ होते हुए गढ़देवी चौक, मझिआंव मोड़, सोनपुरवा बस स्टैंड, बाईपास रोड होते हुए पुनः थाना में पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव, थाना प्रभारी चंदन कुमार, महिला थाना प्रभारी सीमा कुमारी, सन्मुख राम सहित कई पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।

### रामनवमी पूजा के दौरान हुड़दंगई करनेवालों की खैर नहीं : थाना प्रभारी



**मेराल (आजाद सिपाही)।** राम नवमी पूजा के दौरान हुड़दंग करने वाले असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए मेराल पुलिस पूरी तरह कमर कस चुकी है। हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस ने योजना बना ली है। बुधवार को थाना पुलिस द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाल कर इसका संदेश दिया गया। पुलिस निरीक्षक केके साहू, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के अटौला, पचपेड़ी मोड़, बौराहा, बसरिया, अरंगी, चामा, पेशका आदि क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया गया तथा लोगों को आवश्यक हिदायत दी गई। इस मौके पर बीडीओ श्री साव ने कहा कि त्यौहार के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए एहतियातन प्रशासन द्वारा प्रखंड मुख्यालय सहित थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में फ्लैग मार्च किया गया तथा स्थिति की जानकारी ली गयी। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि रामनवमी में हुड़दंगई करने वालों की खैर नहीं रहेगी। गलती से भी किसी ने सामाजिक विद्वेष फैलाने का दुस्साहस किया तो पुलिस उसके साथ सख्ती से कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि जगह जगह पर लोगों को आपसी सौहार्द्र, भाईचारे एवं शांति के साथ त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित किया गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से प्रशासन द्वारा लोगों को सुरक्षा के साथ मुक्त होकर रामनवमी मनाने का संदेश दिया। फ्लैग मार्च में मुख्य रूप से पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, संजय कुशवाहा, जाहिद अंसारी, एएसआई सवानंद महतो, संतोष कुमार, पुलिस बल के राजू दुबे, अरविंद कुमार बड़ी संख्या में सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**बैठक :** मंत्री मिथिलेश ने की श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा, कहा

# संबंधित पदाधिकारी महोत्सव को भव्य बनाने में अपना संपूर्ण योगदान दें

**मंत्री ने श्री बंशीधर मंदिर का रंग रोगन, मंदिर परिसर की साफ-सफाई, साज-सज्जा को लेकर दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** अनुमण्डल कार्यालय, श्री बंशीधर नगर स्थित सभाकक्ष में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा आगामी 8 एवं 9 अप्रैल को आयोजित होने वाले राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव 2023 के सफल आयोजन हेतु सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं ट्रस्टी के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर समेत अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी एवं ट्रस्टी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने भाग लिया।

बैठक के प्रारंभ में उपायुक्त गढ़वा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का स्वागत किया गया। राजकीय महोत्सव के रूप में मनाए जा रहे श्री बंशीधर महोत्सव की तैयारियों की संपूर्ण जानकारी बिंदुवार तरीके से उपायुक्त द्वारा बैठक में दी गयी।

राजकीय महोत्सव को लेकर आयोजित इस बैठक में मंत्री द्वारा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने महोत्सव में आने वाले अतिथियों एवं आमजनों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर इको टॉयलेट एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम स्थल पर अच्छे से साफ सफाई, पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, पर्याप्त विद्युत आपूर्ति, व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार, अतिथियों के लिए आमंत्रण कार्ड, बैनर होर्डिंग्स समेत अन्य को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने श्री बंशीधर मंदिर का रंग रोगन, मंदिर परिसर की साफ-सफाई, साज-सज्जा, लाइटिंग, पुजा अर्चना आदि को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए। महोत्सव के दौरान आने वाले अतिथियों को ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना ना करना पड़े इसे देखते हुए 8 एवं 9 अप्रैल को सुबह 11:00 से रात्रि 11:00 तक भारी वाहनों के लिए नो एंट्री रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, उप डीडीसी राजेश कुमार राय समेत नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष श्री बंशीधर, एसडीओ श्री बंशीधर नगर, एसडीओ रंका, कार्यपालक अभियन्ता पेयजल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, जिला नजारत उप समाहर्त्ता, प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, सीओ नगर उंटारी/ बीडीओ नगर उंटारी, अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष श्री बंशीधर मंदिर ट्रस्ट उपस्थित थे।

## मंत्री के खिलाफ अश्लील पोस्ट करनेवाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एक फेसबुक यूजर ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को अपमानित करने वाला अश्लील प्रकार का एक फोटो पोस्ट किया है। कुमार अशोक नाम के फेसबुक अकाउंट पर तस्वीर पोस्ट करते हुए यूजर ने लिखा है कि-देख रहे हो ना विनोद जुलूस के नाम पर, गढ़वा के इज्जत को क्या हो रहा है। मंत्री को बदनाम करने एवं उनकी छवि को धूमिल करने वाले इस पोस्ट से झामुमो में काफी आक्रोश है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कानूनी कार्य करने के लिए थाना प्रभारी

**झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है**

को आवेदन दिया है। प्राथमिकी के लिए दिए गए आवेदन में श्री दुबे ने कहा है कि गत 28 मार्च मंगलवार को विभिन्न अखाड़ों ने एकजुटता के साथ मंगलवारी रामनवमी जुलूस निकाला था। जिसमें आमंत्रित मंत्री श्री ठाकुर ने भी भाग लिया था।




जुलूस के दौरान आगे की पंक्ति में खड़े रामभक्त मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का हाथ पकड़कर ऊपर की ओर उठाते हुए जयकारा लगा रहे थे। अपने बगल में खड़ी छोटी बहन स्वरूप एक महिला का हाथ ऊपर उठाकर जयकारा लगाने की नियत से मंत्री श्री ठाकुर थामे हुए थे, तभी किसी ने इस तस्वीर को अपने कैमरे में कैद कर लिया। दूसरे दिन 29 मार्च बुधवार को कुमार अशोक नाम का व्यक्ति जिसने अपना डिस्प्ले पिक्चर में पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की तस्वीर लगाकर रखी हुई है। उसने जानबूझकर मंत्री की छवि को धूमिल करने की नियत से तस्वीर में लाल घेरा बनाते हुए अश्लीलता प्रदर्शित करते हुए अपने फेसबुक अकाउंट से पोस्ट किया है। इस मामले में संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## राज्य एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को डीसी ने किया सम्मानित

**सभी बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने गढ़वा जिले से राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों एवं स्कूली बच्चों से मुलाकात कर सभी को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं लैपटॉप आदि देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने बच्चों से आगे भी बेहतर करने को लेकर सभी से बातचीत कर उन्हें प्रेरित किया एवं उनकी हौसला अफजाई करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उल्लेखनीय है कि झारखंड स्टेट ओलंपियाड 2022 के लिए गढ़वा जिले से कुल 1101 विद्यार्थियों ने निबंधन कराया जिसमें से प्रथम राउंड की परीक्षा में 468 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिसमें 39 विद्यार्थी सफल हुए जो द्वितीय राउंड की परीक्षा में भाग लिए। इनमें से चार विद्यार्थी अंतिम रूप से चयनित हुए। इनमें खुशबू कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय दलेली मेराल ने सामाजिक विज्ञान विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विवेकानंद गुप्ता (द्वितीय-विषय अंग्रेजी) उत्क्रमित मवि दलेली मेराल ने अंग्रेजी विषय, शिवम कुमार (तृतीय- विषय सामाजिक विज्ञान) एवं हर्ष चौबे शांति (द्वितीय- विषय गणित) निवास उवि गढ़वा। उपरोक्त चारों विद्यार्थियों को 27 मई 2023 को मुख्यमंत्री झारखंड सरकार द्वारा लैपटॉप प्रदान करते हुए सम्मानित भी किया गया है।कला उत्सव 2022 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित मनिता कुमारी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चीनिया के द्वारा नवंबर माह में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टॉय मेकिंग प्रविष्टि में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिसे राजस्थान से सम्मानित किया गया है तथा राष्ट्रीय स्तर कला उत्सव हेतु भुनेश्वर उड़ीसा भी जाने का अवसर प्राप्त हुआ है।

खेलो झारखंड 2022-23 में विद्यालय स्तर तथा प्रखंड स्तर पर प्रतियोगिता के उपरांत 6 एवं 7 दिसंबर 2022 को जिला स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें समूह 9 से 12 के चयनित विद्यार्थियों ने दिसंबर माह में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें से गढ़वा जिले के 3 विद्यार्थी अंतिम रूप से चयनित हुए। इनमें पवन कुमार गोविंद, प्लस टू उच्च विद्यालय गढ़वा ने कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अकाश कुमार, आरके उवि चितविश्राम नगर उंटारी ने कुश्ती में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ज्ञानचंद तिर्की, आरके प्लस टू उवि ने भंडारिया जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही गणतंत्र दिवस समारोह 2023 के मौके पर प्रभात फेरी में ब्राइट फ्यूचर गढ़वा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त सभी को उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया।

मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी राजेश कुमार राय समेत डीइओ, डीएसई, कार्यपालक दण्डाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, डीपीआरओ एवं अन्य उपस्थित थे।

## सुंदर एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा टाउन हॉल : मंत्री



**नगर विकास विभाग झारखंड सरकार ने पौने तीन करोड़ रुपये किया है स्वीकृत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित नवनिर्मित नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय भवन (टाउन हॉल) सुंदर एवं आकर्षक फर्नीचर सहित सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इस टाउन हॉल में सभी नगरीय सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके लिए नगर विकास विभाग झारखंड सरकार ने दो करोड़, 71 लाख, पांच हजार, 900 रुपए स्वीकृत कर दिया है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसमें फर्नीचर आदि का काम बाकी रह गया था। इस कारण उद्घाटन नहीं हो पाया है। झारखंड सरकार ने फर्नीचर, ड्रेनेज सीवरेज, पेयजल आदि के लिए लगभग पौने तीन करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी है। बहुत जल्द ही यह बहुद्देशीय भवन सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। उसके बाद इसका उद्घाटन किया जाएगा। यह बहुद्देशीय भवन गढ़वा जिला का गौरव होगा। इसमें एक साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। मंत्री ने कहा कि वे ईमानदारी एवं निष्पक्ष भाव से गढ़वा के विकास में लगे हुए हैं। यदि मेरे कार्यों पर कोई उंगली उठाता है तो वैसे लोगों का अपना निजी स्वार्थ एवं गंदी राजनीति है। ऐसे कार्यों से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है।

### आग से जले व्यक्ति को युवा समाज सेवी के प्रयास से बेहतर इलाज के लिए भेजा गया रिम्स



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सड़की गांव निवासी महेंद्र चंद्रवंशी को युवा समाज सेवी शशांक शेखर के प्रयास से बेहतर इलाज हेतु रांची स्थित रिम्स में मंगलवार की देर शाम एम्बुलेंस से भेज दिया गया। ज्ञात हो कि बीते 19 मार्च रविवार की सुबह में आग की चपेट में आने से महेंद्र झुलस गया था। तब से लेकर आज तक महेंद्र चंद्रवंशी दर्द से कराहता हुआ जीवन यापन कर रहा था, पर उसकी दर्द को कोई नहीं सुनने वाला था। मामले की सूचना युवा समाज सेवी सह दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव शशांक शेखर द्विवेदी को मिली ततपश्चात शशांक ने सोशल मीडिया के ट्विटर प्लेटफॉर्म के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सहित कई उच्चाधिकारियों को महेंद्र के बेहतर इलाज हेतु गुहार लगायी थी, पर किसी के द्वारा किसी तरह का जबाब नहीं देने पर शशांक के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर महेंद्र की इलाज हेतु 24 घंटे के अंदर ही एम्बुलेंस के माध्यम से रांची स्थित रिम्स में बुलाया गया। इधर शशांक शेखर ने गरीब महेंद्र के इलाज हेतु सहायता करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को धन्यवाद कहा। महेंद्र को रांची भेजे जाते समय मौके पर बीडीओ कांडी मनोज कुमार तिवारी सहित आसपास के कई लोग मौजूद थे। इधर गरीब हित के लिए किए गए इस कार्य के लिए युवा समाज सेवी शशांक शेखर की समाज के हर वर्ग के लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं।

### ब्लड की गंभीर बीमारी से युवक की मौत

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर पंचायत अंतर्गत मायर टोला निवासी सत्य नारायण सिंह (33) की मृत्यु सोमवार की देर शाम अपने घर में ही हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्यनारायण सिंह पूर्व से ब्लड की गंभीर बीमारी से ग्रसित था। जिसका इलाज पूर्व में गढ़वा में हुआ था। अचानक रविवार के दोपहर से ही युवक का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। आर्थिक स्थिति खराब होने की वजह से युवक का बेहतर इलाज नहीं हो सका। जिसकी वजह से सोमवार की देर शाम उसकी मृत्यु हो गई। युवक की मृत्यु की सूचना फैलते ही पूरा गांव गमगीन हो गया। मृतक अकेला कमाऊ व्यक्ति था। गांव घर में मजदूरी कर अपने घर का रोजी-रोटी चला रहा था। युवक की मृत्यु होने से उसकी पत्नी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की पांच वर्ष की लड़की है। युवक की मृत्यु की सूचना पाते ही मुखिया मूंगा साह ने उसके घर पहुंच कर परिजनों को ढाढस बंधाया। मुखिया ने दाह संस्कार करने में मदद करने एवं परिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलाने की हरसम्भव मदद करने की बात कही।

**मुलाकात :** सांसद वीडी राम ने राज्यमंत्री से मुलाकात कर बंशीधर महोत्सव के उद्घाटन के लिए किया अनुरोध

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने श्री बंशीधर महोत्सव के उद्घाटन की दी सहमति

**उम्मीद है बहुत राज्यमंत्री का कार्यक्रम जिला प्रशासन को उपलब्ध हो जाएगा : वीडी राम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम ने नयी दिल्ली में राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा जिला के श्री बंशीधर नगर में 8 एवं 9 अप्रैल 2023 को आयोजित दो दिवसीय श्री बंशीधर महोत्सव समारोह का उद्घाटन करने का अनुरोध किया।

मौके पर सांसद ने उन्हें बताया कि पलामू अंतर्गत दो जिले आते हैं। पलामू एवं गढ़वा जो कि गढ़वा जिला झारखंड राज्य के उत्तर पश्चिम में स्थित है। बिहार का रोहतास उत्तर प्रदेश का सोनभद्र और छतीसगढ़ का सरगुजा जिलों की सीमाएं इससे लगती हैं। इसलिए इसे कभी गेटवे ऑफ छोटानागपुर कहा जाता था। झारखंड की राजधानी रांची से गढ़वा जिले की दूरी 205 किलोमीटर है। गढ़वा से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर बंशीधर नगर उंटारी अनुमंडल स्थित है। जहां पर प्राचीन श्री बंशीधर मंदिर अवस्थित है। इस मंदिर में राधा एवं कृष्ण की साढे चार फीट उंची और बत्तीस मन की स्वर्ण निर्मित एक अत्यंत मोहक प्रतिमा विराजमान है। यह अद्भुत प्रतिमा भूमि में गड़े शेषनाग के फन पर निर्मित चैबीस पंखुडियों वाले विशाल कमल पर विराजमान है। नगर उंटारी राज परिवार के संरक्षण में यह बंशीधर मंदिर देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहा है, कई दशकों से यहां प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने भर यहां आकर्षक एवं विशाल मेला लगता आ रहा है। उल्लेखनीय है कि साठ एवं सत्तर के दशक में बिरला ग्रुप ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था। आज भी श्री वंशीधर की प्रतिमा कला के दृष्टिकोण से अतिसुन्दर एवं अदूितीय है, बिना किसी रसायन के प्रयोग या अन्य पॉलिस के प्रतिमा की चमक पूर्ववत है। नगर उंटारी प्रखंड का श्री वंशीधर मंदिर देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र रहा है। नगर उंटारी गढ़ के मुख्य द्वार के पास स्थित मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की चार फीट उंची और 32 मन वजनी (1280 किलो) प्रतिमा भक्तों का मन मोह लेती है। पहली बार यहॉ वर्ष 2017 एवं 2018 में मेरी पहल पर श्री वंशीधर महोत्सव मनाया गया था। हजारों की संख्या में लोंगो ने गण्मान्य लोंगो के साथ शिरकत की। इसे झारखंड सरकार द्वारा राजकीय महोत्सव घोषित किया जा चुका है।

सांसद ने बताया कि मेरे अनुरोध पर राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दिनांक 8 अप्रैल 2023 को श्री बंशीधर महोत्सव का उद्घाटन करने की सहमति प्रदान कर दी है। उम्मीद है कि बहुत जल्द उनका कार्यक्रम जिला प्रशासन को उपलब्ध हो जाएगा।

## रमोद प्रसाद के सहकारी बैंक निदेशक पद पर निर्वाचित होने पर प्रखंड के किसानों में उत्साह का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता




**सगमा।** प्रखंड के बीरबल पैक्स अध्यक्ष रमोद प्रसाद को झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशक पद पर निर्वाचित होने पर प्रखण्ड के किसानों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि झारखण्ड में सहकारिता विभाग द्वारा कृषि को बढ़ावा देने किसानों के सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से झारखण्ड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड के निर्वाचन कराया गया है जिसमे बीरबल पैक्स के अध्यक्ष रमोद प्रसाद ने निदेसक पद के लिए चुनाव में भाग लिया था जिसमें रमोद प्रसाद को पुरुष वर्ग सामान्य सीट पर निर्वाचित होकर अपना परचम लहराया है। निदेशक पद पर रमोद प्रसाद को निर्वाचित होने पर प्रखण्ड के किसानों ने सगमा प्रखण्ड सहित गढ़वा जिले के लिए एक उपलब्धि के रूप में देख रहे हैं।

इस संबंध में प्रखंड के प्रगतिशिल किसान सुरेश प्रसाद यादव, दीपक यादव, सिधेश्वर नाथ चौबे सुभाष प्रसाद, लालबिहारी सिंह, पूर्व जिप सदस्य नन्दगोपाल यादव का कहना है कि रमोद प्रसाद ने सहकारी बैंक लिमिटेड के निदेशक पद पर निर्वाचित होकर सगमा प्रखण्ड का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर रामजन्म गुप्ता, पारसनाथ यादव, छोटू श्रीवास्तव, बब्लू चन्द्रवंसी, संतोष प्रजापति, रामचन्द्र साह, राजू जयसवाल सहित कई लोगो ने बधाइयां दी।








### रनिया के सुदूरवर्ती गांव खटखुरा में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन

# जागरूक होकर कुप्रथाओं को दूर करने में आगे आयें : कोचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिले के उग्रवाद प्रभावित रनिया प्रखंड के खटखुरा गांव में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एक हजार से अधिक ग्रामीणो ने अपना इलाज कराया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का इलाज किया। साथ ही मोबाइल यूनिट के माध्यम से भी लोगों को स्वास्थ्य सुविधा दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तोरपा के विधायक कोचे मुंडा, उपायुक्त शशि रंजन और अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसमें विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त, निदेयाक आइटीडीए संजय भगत, सीआरपीएफ 94 के द्वितीय कमान अधिकारी पीआर मिश्र, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रमुख, मुखिया, जनप्रतिनिधि और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधत करते हुए विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि खटखुरा के दुरस्त इलाके में लगाया गया स्वास्थ्य मेला यहां के ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में बेहतर प्रयास है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को अब कुप्रथाओं को समाप्त करते हुए जागरूक होकर आगे आने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य मेला का लाभ लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर प्रयास हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने कहा कि डायन जैसी कुप्रथाओं के विरुद्ध सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। एकजुट होकर आगे आएं और कुप्रथाओं को समाप्त करें। ऐसी कुप्रथाएं समाज और देश की प्रगति में बाधा बनती हैं।












## अनुदान रोकने के विरोध में शिक्षकों ने पुतला जलाया

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने वित्त रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर अनुदान रोकने के विरोध में झारखंड शिक्षा सचिव के रवि कुमार का पुतला दहन किया एवं अनुदान समिति के कार्यवाही की प्रति जलाकर विरोध किया। पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान लेप्स कर गया था। वहीं इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में भी अनुदान रोक दिया गया। जिसको लेकर वित्त रहित शिक्षकों में काफी रोष है। विरोध में शिक्षकों ने बुधवार को शिक्षा सचिव का पुतला दहन व अनुदान समिति के कार्रवाही की जलाकर विरोध दर्ज कराया। मौके पर प्रधानाचार्य आदित्य प्रसाद, लखन प्रसाद, आरके शुक्ला, गोपाल प्रसाद, जयप्रकाश यादव, सुधीर पांडेय, अनिल कुमार, मनोज दुबे, राधा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झांकी और अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मंगलवार की रात को बोलो बोलो बजरंग बली की जय, पवनसुत हनुमान की जय और जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। जहां मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में श्रीश्री रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वाधान में बेड़ो एवं अन्य प्रखंड के विभिन्न अखाड़ेधारियों के बीच अस्त्र शस्त्र चालन व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के अखाड़ों के अस्त्र शस्त्र चालन में भाग लिया। जहां परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों एवं गाजे-बाजे के साथ जय श्रीराम के नारे लगाते हुए पहुंचे। झांकी में राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान के वेशभूषा में शामिल होकर माहौल को राममय बना रहे थे तो ढोल और ताशे की धुन पर अखाड़ा के साथ शामिल खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक कई खेल का प्रदर्शन कर सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीमों को रामनवमी के दिन पुरस्कृत किया जायेगा। इधर रामनवमी महापर्व को ले प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। अखाड़ों द्वारा जुलूस निकालने की उमंग और उत्साह परवान चढ़ चुका है। पूरा प्रखंड मुख्यालय हनुमानी पताका और भगवा झंडा से पट चुका है। वहीं गुरुवार को रामनवमी की शोभा यात्रा का विशेष आकर्षण विशाल झंडा शोभायात्रा, झंडा मिलन, झांकियां और अखाड़ों से शामिल ढोल, ताशों की टोलियां होगी। साथ ही महादानी मंदिर मैदान में रामनवमी मेला का आयोजन किया जायेगा।

## हर क्षेत्र में महिला पुरुष के मुकाबले नाम रोशन कर रही: शिल्पी

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड के मांडर ब्लॉक के समीप महिला कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस महिला सेवा दल के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उपस्थित रहे। महिला दिवस कार्यक्रम मे महिला द्वारा विभिन्न खेलो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस खेल प्रतियोगिता का माननीय विधायक एवं पूर्व मंत्री भी हिस्सा बने। साथ ही इस खेल प्रतियोगिता मे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आये लोगो को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम मे विधायक एवं पूर्व मंत्री ने उपस्थित तमाम महिलाओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओ को अब आगे आने की जरूरत है, महिला पुरुषो से अब कम नही है, अब महिला को लीडर सीप करने की और शिक्षित होने की जरूरत है। आप आने वाले समय मे समाज को बदलने का काम कर सके। इसके साथ साथ अन्य विषय की भी जानकारी महिलाओं को दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, होसे उरांव, अनुज राम, प्रखंड महिला अध्यक्ष सेरोफिना मिंज, महिला कार्यकर्ता सरिता तिग्गा, इंदु तिग्गा, माधुरी लकड़ा, प्रीति उरांव एवं अन्य उपस्थित रहे।

## शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल अनगड़ा में बुधवार को एकदिवसीय शिक्षक संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि सीआईटी के परीक्षा नियंत्रक सत्येंद्र कुमार सिंह, स्कूल के निदेशक रूद्रनारायण महतो एवं प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो नें संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए सत्येंद्र कुमार सिंह ने नयी शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण, कक्षा प्रबंधन एवं कक्षा की तकनीकी बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ताकि शिक्षकों की पढ़ाने की पद्धति में विविधता हो। कार्यशाला में अध्यापकों की जिज्ञासा का सामाधान भी किया गया। निदेशक रूद्रनारायण महतो ने कहा कि छात्रों और अभिभावकों के साथ बेहतर तालमेल व समन्वय स्थापित कर शिक्षा के उच्च मापदंड को प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने कहा कि कौशल विकास समय की मांग है। अब हमें पारंपरिक सोंच से हटकर कुछ नया करना होगा। कार्यशाला में सभी शिक्षक-शिक्षिका मौजूद थे।


























आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 30 मार्च, 2023
www.azadsipahi.in



## भगवान राम और भक्त हनुमान के अटूट भक्ति का पर्व है रामनवमी : रोहित प्रियदर्शी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** नवयुवक मोटिया संघ बरवाटोली के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महासप्तमी पर अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन समिति के अध्यक्ष सह मुख्य संरक्षक निशीथ जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव, विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसओ अमित बेसरा, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार समेत अन्य ने विधिवत शुरूआत की। सभी राम भक्तों को सम्बोधित करते हुऐ मुख्य अतिथि रोहित प्रियदर्शी उरांव ने कहा कि हमारी आस्था, अटूट श्रद्धा और विश्वास का पर्व रामनवमी की अग्रिम बधाई देता हूँ। भगवान राम और भक्त हनुमान के अटूट भक्ति का पर्व रामनवमी में सभी लोग उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारे। कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान मंदिर में नारियल फोड़कर और दीप जलाकर की गई। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंग बली की आरती अतिथियों ने की। इसके बाद मोटिया संघ के संस्थापक सदस्य स्व प्राण प्रसाद जायसवाल की फोटो पर माल्यार्पण के बाद मुख्य अतिथि रोहित प्रियदर्शी उरांव, एसडीओ, एसडीपीओ, डीएसओ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा लाठी खेलकर खेल का शुभारंभ किया गया। कमिटी के अध्यक्ष निशीथ जायसवाल ने कहा कि मोटिया संघ का गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे पिता स्व प्राण प्रसाद जायसवाल कई वर्षों से कमिटी की सेवा करते रहे है। उनके बाद मैं उन्ही के पद चिन्हों पर चलकर आगे भी अच्छा करने का प्रयास करूंगा। कार्यक्रम में केंद्रीय महावीर मंडल के अध्यक्ष रोहित साहु, पूर्व अध्यक्ष सह जिप सदस्य किस्को संदीप कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, डॉ गणेश प्रसाद, खेल प्रशिक्षक संजय नायक, दीपक जायसवाल, संतोष कुमार महतो, सरोज प्रजापति ,अशोक रजक,रितेश कुमार, सचिव कुमार, संदीप मिश्रा, ओम प्रकाश लकी,ललित ठाकुर, प्रमोद प्रजापति, मोटिया संघ के पदाधिकारी में उदय नायक, रंजीत महली, प्रदीप सिंह, बिनोद महली, नवल नायक, अजय नायक, जागेश्वर साहू, मोहन दुबे, राजीव रंजन, रमेश साहू, नागेंद्र प्रजापति समेत बड़ी संख्या में सभी अखाड़ों के रामभक्त उपस्थित रहे।

## बालूमाथ में राम भक्तों ने निकाला विशाल बाइक जुलूस सह शोभायात्रा



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ में रामनवमी की अष्टमी पर निकला मोटरसाइकिल जुलूस शोभायात्रा और अद्भुद झांकी निकाले गये।यह शोभायात्रा बालूमाथ महावीर मंदिर चौक से प्रारंभ होकर थाना चौक, मोरपा मोड़ ,प्रखंड कार्यालय दिवाकर नगर आदर्श नगर बड़का बालूमाथ बस पड़ाव दुर्गा मंडप टमटम टोला हरिजन टोला रहमत नगर चांदनी चौक चेताग तेली टोला होते हुए गुजरी ' इसका नेतृत्व रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष व पूर्व लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने की। इस दौरान हजारों राम भक्तों ने एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम भारत माता की जय वंदे मातरम आदि जमकर गगनभेदी नारे लगाये। इस शोभायात्रा मे राजेंद्र साहू के अलावा विरेंद्र गुप्ता, बहादुर साव,राजू गुप्ता, प्रेम गुप्ता, प्रदीप साव उर्फ पुटन, मनोहर गुप्ता, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, भाजपा नेता चेतलाल रामदास, झारखंड प्रदेश हिंदू जनजागरण मंच सह भाजपा नेता लालू प्रसाद यादव, उप प्रमुख कामेश्वर राम, रामनवमी पूजा समिति मुरपा मोड़ चौक से रामदर्शन तिवारी, शैलेश सिंह,सुमन सिन्हा,संजय ओझा, पंकज केशरी, सुनिल पांडेय सहित दर्जनो लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे काफी अहम भूमिका निभायी। वहीं कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर एसडीपीओ अजीत कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, अंचलाधिकारी आफताब आलम, बालूमाथ थाना के पुलिस अवर निरीक्षक धीरज कुमार, दुती कृष्ण महतो, सुरेश मरांडी, नीतीश कुमार, संजय चौधरी, चंद्रशेखर दुबे, कैलाश बाड़ा के साथ-साथ भारी संख्या में सशस्त्र बल के जवान समेत विभिन्न रामनवमी पूजा समिति के कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभायी।

## कब्रिस्तान घेराबंदी में बिना परमिशन ही हरे भरे काट दिए चार पेड़

**भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा के भैसमुंदो गांव में वन विभाग को बिना सूचना दिए अवैध रूप से जिंदा व हरा पेड़ को कटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष प्रवेज अंसारी ने बुधवार को अंचल अधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता को एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा है कि भैसमुंदो गांव में इसाइ कब्रिस्तान घेरा बंदी के नाम पर कई हरा पेड़ का कटाई कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि कब्रिस्तान घेरा बंदी निर्माण के नाम पर लाभुक समिति के अध्यक्ष सुभाष पन्ना, सचिव अर्पण पन्ना एवं कुछ बिचौलिया कल्याण विभाग का रौब दिखाकर चार विशाल हरा-भरा पेड़ को काट कर गिरा दिया है। जबकि घेरा बन्दी निर्माण में काटे गये पेड़ का कोई बाधा नही था। उन्होंने कहा है कि लाभुक समिति एवं विचौलियों के द्वारा वन अधिनियम का धज्जियां उड़ाया जा रहा है। इस मामले को लेकर अंचल अधिकारी से जांच कर लाभुक समिति व विचौलियों कड़ी कारवाई करने की मांग किया गया है।

## बीडीओ राकेश सहाय की माता का हुआ निधन, शोक

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह के प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की माता निर्मला सहाय (उम्र83वर्ष) का मंगलवार शाम पांच बजे मेदनीनगर बेलवाटिकर गुरुद्वारा के समीप स्थित आवास में हो गया।वह कुछ दिनो से कुछ दिनो से बीमार चल रही थी।वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है।उनके आकस्मिक निधन की खबर सुनकर बरवाडीह प्रखंड समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों के काफी संख्या में लोग उनके मेदिनीनगर स्थित आवास में पहुंचकर शोक व्यक्त किया।बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि उनकी माता बेहद धार्मिक प्रवृत्ति की थी और मेरी माता के लिए अंतिम 6 महीना मुश्किल भरे रहा।अपनी माता का निधन उनके लिए अत्यंत दुखदाही है। उन्होंने कहा वह हमेशा अष्टमी की उपवास रखकर माता की पूजा अर्चना करती थी। माता रानी की कृपा से महाअष्टमी पर्व के दिन ही वह पंचतत्व में विलीन होगी हो गई।वही उनके निधन के उपरांत बुधवार दोपहर बाद मेदनीनगर स्थित पंपू कल श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया।इस अवसर पर काफी संख्या परिजन एवं बरवाडीह प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्रों के काफी संख्या में लोगों ने लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए।उनके निधन पर एमओ अनुज कुमार शरण,समाजसेवी मनोज कु गुप्ता भजापा प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुनील सिंह,दीपक तिवारी,मनीष कुमार,पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय कुमार, रवि कु गुप्ता,समेत प्रखंड के बुद्धिजीवियों, विभिन्न राजनीतिक दल के कार्यकताओं समेत विभिन्न वर्ग के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## छिपादोहर में अष्टमी का रामनवमी मोटरसाइकिल जुलूस निकाला

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर में रामनवमी पर्व के अवसर पर बुधवार को अष्टमी के अवसर पर छिपादोहर रामनवमी पूजा समिति द्वारा अष्टमी जुलूस निकाला गया।अष्टमी जुलूस में छिपादोहर राम नवमी पूजा के सभी सदस्य समेत काफी संख्या में भक्त छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की उपस्थिति में छिपादोहर बाजार से अष्टमी जुलूस निकालकर जुलूस छिपादोहर बाजार से मतनाग होते कुचिला,पुन: छिपादोहर से जुरूहार ओर छिपादोहर देवी मंदिर होते पंडाल में पहुंची। जुलूस में शामिल लोग जय श्री राम का नारा लगाते हुए चल रहे थे।जिसके साथ ही छिपादोहर पूजा पंडाल द्वारा अखंड कीर्तन पाठ भी शुरू किया गया।कार्यक्रम में रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज गिरी, सुमित कुमार,राजू प्रसाद, शिवानंद प्रसाद ,मुरारी प्रसाद समेत पूजा समिति के सभी सदस्य शामिल थे।

### केसरिया झंडा एवं हनुमान पताका से सजा लोहरदगा, राममय हुआ पूरा शहर और ग्रामीण क्षेत्र

# श्री रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर युवाओं में विशेष जोश और उमंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** नव युगाबद्ध 2080 के प्रवेश के साथ ही हजारों की संख्या में नववर्ष शोभायात्रा का सफलतापूर्वक संचलन के साथ नवरात्र व रामनवमी महापर्व की शुरूआत में ही पूरा जिला का माहौल धार्मिक एवं सनातनी हो चुका है। महानवमी पर निकलने वाली शोभा यात्रा की भी तैयारी पूरी कर लिया गया है। केंद्रीय महावीर मंडल के अगुवाई में शहर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय अखाड़ों के सहयोग से हनुमान पताका, तोरण द्वार एवम होर्डिंग लगाकर संपूर्ण जिला को राममय माहौल बनाने में महती भूमिका निभाने का काम किया गया है। नगर के बी आई डी, बरवा टोली, न्यू रोड, वीर शिवा जी चौक, पावरगंज, बाबा मठ, मैना बगीचा, धोड़ा टोली, पतरा टोली, अमला टोली, बड़ा तालाब, थाना टोली क्षेत्र, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार, हटिया गार्डन, तिवारी दुरा, तेतर तर, सेरेंगहातु, बदला समेत जिला के विभिन्न क्षेत्र एवं अखाड़ा केशरिया झंडा एवं हनुमान पताका से सजकर तैयार है। केंद्रीय महावीर मंडल जिला अध्यक्ष रोहित कुमार ने बतलाया कि रामनवमी महापर्व इसबार पहले की अपेक्षा और बेहतर तरीके से तथा धूमधाम से मनाने की तैयारी जोर शोर से किया गया है। अखाड़ों के विशेष सजावट पर विशेष पारितोषिक देकर अखाड़ों को सम्मानित करने का भी निर्णय केंद्रीय महावीर मण्डल ने लिया है। जबकि मेला स्थल में पहुंचने वाले सभी अखाड़ों को भी सम्मानित किया जायेगा। इस बार की शोभायात्रा हर मायने में ऐतिहासिक होगी। जिला के सभी अखाड़ा सुनिश्चित समय पर महानवमी शोभायात्रा निकालेगी तथा सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संध्या 6 बजे तक मेला स्थल मैना बगीचा भी पहुंचेगी। साथ ही साथ होनेवाली बाजा प्रतियोगिता में अपनी अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित करेगी। शोभायात्रा में अस्त्र शस्त्र संचलन, झांकी,गाजे बाजे का धुन इत्यादि की भव्यता देखने एवं सुनने योग्य होगी। वहीं जगह जगह पर शोभायात्रा का फुलवर्षा कर स्वागत किया जायेगा। साथ ही साथ विभिन्न गंतव्यों में सामाजिक संगठनों के द्वारा शुद्ध पानी, शर्बत तथा अल्पाहार की भी व्यवस्था की जायेगी।

### संस्कृति हमारे सनातनी समाज एवं पूर्वजों द्वारा सौंपी गयी अनमोल धरोहर

**केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष ने यह भी अपील किया कि संस्कार और संस्कृति हमारे सनातनी समाज एवं पूर्वजों द्वारा सौंपी गयी अनमोल धरोहर है जिसे अक्षुण्य बनाये रखना हम सभी सनातनियों का परम एवं प्रथम कर्तव्य है। अत: अपनी संस्कार और संस्कृति के अनुसार बिना किसी व्यसनपान के सभी सनातन बंधु शोभायात्रा में शामिल हों। सभी शामिल होने वाले सनातनी समाज के लोग केसरिया रंग के सनातनी गणवेश भी धारणकर सनातनी एकता का परिचय दें।**

## लातेहार: नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के सासंग पंचायत के समीप पतरातू ग्राम में मंगलवार को राम नवमी पूजा के शुभ अवसर पर राम नवमी पूजा कमेटी के सदस्य चंदन प्रसाद ददन साव, रवि पांडे पवन चरण, विनय पांडे, शिशुपाल सिंह अवधेश पांडे, विजय प्रसाद संजय साव, की अगुवाई में नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर लोटो मानिकपुरा कुरा मंडली की कलाकार इस कार्यक्रम में भाग लिया। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यास देव नारायण तिवारी मानिकपुरा ब्यास सुदेश्वर यादव अनुज तिवारी बीरबल शुक्ला, अनुज तिवारी, जय प्रकाश प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित थे। नृत्य कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान चालीसा और श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, इस गीत से किया गया।वही व्यास के भगवान राम की कथा को बड़े ही विधिपूर्वक भजन के साथ सुनाया गया इस भजन को सुन लोग भगवान के मंगन में डूब गए वही झाल कीर्तन की गूंज से पूरा गांव झूम उठा। व्यास के द्वारा चेईता गीत भी गाया गया जहां पे सैकड़ों की कि संख्या में मौजूद लोग झूमते दिखाई पड़े। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से सुबह 2 बजे तक चला। इसके उपरांत कमेटी के सदस्य चंदन प्रसाद ने बताया कि राम नवमी पूजा के उपलक्ष में नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस तरह के कार्यक्रम होने से लोग काफी प्रभावित होते हैं और संगठन भी मजबूत होता है। आगे उन्होंने कहा कि हर साल की भांति इस बार भी भंडारा का भी आयोजन किया गया है। ददन प्रसाद ने बताया कि कल अखंड का आयोजन किया गया है इस खंड में दूर-दूर से लोग आकर इस अखंड में भाग लेंगे अखंड समय शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक रखा गया। पवन चरण ने बताया कि हर साल की भांति इस बार भी रामनवमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से निकाला जायेगा।

### प्रखंड स्वास्थ्य मेला के खानापूर्ति करने से जनप्रतिनिधि नाराज

## सरकारी उपेक्षा बर्दाश्त नहीं: अख्तर अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड स्तरीय जनप्रतिनिधि इन दिनों सरकारी कार्यशैली से खासे नाराज है। दरअसल, दो दिन पूर्व सदर प्रखंड परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया था पर, प्रखंड बीस सूत्री कार्यांवयन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ,सदस्यों ,प्रखंड प्रमुख, उपप्रमुख को इसकी जानकारी नहीं दिया गया। प्रखंड स्वास्थ्य विभाग 28 मार्च को टेंट लगाया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फोटो खींचकर दस्तावेज में मेला आयोजित दिखा दिया। इसकी भनक लगते ही प्रखंड स्तरीय जनप्रतिनिधि आक्रोशित हो गये। मामले को लेकर उपायुक्त और सिविल सर्जन से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। इस संदर्भ में झामुमो जिला युवा सचिव सह प्रखंड बीस सूत्री सदस्य अख्तर अंसारी ने कहा कि प्रखंड स्वास्थ्य विभाग अपने दायित्वों के प्रति इमानदार नहीं है। प्रखंड स्तरीय जनप्रतिनिधि और बीस सूत्री समिति की उपेक्षा करते रहा है। कहा कि 28 मार्च को पूर्व से लगा टेंट में स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य मेला लगा दिखाया। स्वास्थ्य कर्मी फोटो लिया और मेला समाप्त कर दिये। इसका प्रचार-प्रसार भी नहीं किया गया। इसकी भनक किसी को नहीं लगी। जिससे ग्रामीणों को स्वास्थ्य मेला का कोई लाभ नहीं मिला। स्वास्थ्य कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किए जाने से सभी जनप्रतिनिधि आक्रोशित हैं। स्वास्थ्य विभाग से नाराज जनप्रतिनिधियों ने उपायुक्त और सिविल सर्जन से भेंट कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया है। अख्तर अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली से पंचायती राज और 20 सूत्री समिति की उपयोगिता और प्रसंगिकता हाशिए पर चला गया है। प्रखंड स्तरीय जनप्रतिनिधि इस कार्यशैली को हरगिज बर्दाश्त नहीं करेंगे। कहा कि जब जनहित में स्वास्थ्य मेला लगायी गई थी और जनता को इसकी भनक तक नहीं लगने दिया गया। इससे साफ है कि मेला लगाना सिर्फ सरकारी राशि का बंदरबांट करना है।

## महावीरी पताको से सजी लोहरदगा की दुकानें, भगवामय हुआ शहर

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी का पर्व मनाने की जोरदार तैयारी पूरी कर ली गई है। शहर के बरवाटोली, महावीर चौक, गुदरी बाजार आदि स्थानों में लहराते महावीरी झंडा,पताका, फ्लैक्स और बड़े-बड़े कट आऊट से पट गए हैं। शहर के हर गली मोहल्ले चौक पर महावीरी झंडा और पताके लहरा रहे हैं। रामनवमी के मौके पर रविवार को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव शहर में धूमधाम से मनाया जायेगा। रामनवमी के मौके पर भगवान श्रीराम के साथ उनके प्रिय भक्त हनुमान की पूजा-अर्चना होगी। घर और शहर के मंदिरों में महावीर झंडा फहरा कर पवनपुत्र की आराधना होगी। त्योहार के एक दिन पहले घर, मंदिर से लेकर



शहर की चौक चौराहे तक में विशेष चहल-पहल रही। त्योहार को लेकर प्रमुख हनुमान मंदिरों की रंगाई-पुताई कर उसे चकाचक कर दिया गया है। व्यवस्थाकों द्वारा मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया-संवारा गया है। इस धार्मिक जुलूस को सफल बनाने में पूजा समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता दिन-रात भिड़े रहे। लोहरदगा के महावीर चौक, बरवाटोली, शास्त्री चौक, गुदरी बाजार, मेन रोड, पावरगंज, मिशन चौक, राणा चौक में झंडा-पताका से सजी दुकानों पर खरीदारों का जमघट लगा रहता है। झंडों पर जय श्रीराम और जय हनुमान अंकित हैं। सुबह और शाम में अखाड़ा जम रहे हैं। भजन-कीर्तन के कैसेट बज रहे हैं। शस्त्र चालन का अभ्यास चल रहा है। अखाड़ों और घरों से जय श्रीराम-जयश्री राम के जयकारे लग रहे हैं। न सिर्फ शहर बल्कि ग्रामीण इलाकों में शहर के दोनों किनारों पर महावीरी पताके लगाये गये है। सैकड़ों की संख्या में जय श्री राम लिखे पताके सड़क किनारे पर लगा दिये गये हैं। इधर प्रशासन की ओर से भी श्री रामनवमी शोभायात्रा को लेकर निकलने वाली शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था की पूरी तैयारी कर ली गई है सभी प्रमुख चौराहों के अलावा मुख्य जगहों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई है। शोभायात्रा के साथ साथ चलने के लिए भी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया है। शोभायात्रा में शामिल होने वाले लोगों के लिए पेयजल और किसी तरह की विद्युत समस्या ना हो इसके लिए तारों को टाइट करने आदि का कार्य संबंधित विभागों द्वारा किया गया है।

## लोहरदगा पुलिस विभाग को मिली एंबुलेंस और पीटीजेड कैमरा युक्त दो सिटी सर्विलांस गाड़ी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विशेष केंद्रीय सहायता के तहत लोहरदगा पुलिस विभाग को उपलब्ध कराए गए एंबुलेंस एवं पीटीजेड कैमरा युक्त दो सिटी सर्विलांस गाड़ी को डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी आर रामकुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि सुरक्षा के साथ स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए इस योजना की शुरूवात की गई है। एंबुलेंस की सुविधा पुलिस लाइन के जवानों के अलावा कही दुर्घटना होने पर आम लोगो के लिए भी उपलब्ध होगी। वही एसपी आर रामकुमार ने कहा कि कैमरा युक्त पीसीआर वैन से शहरी क्षेत्र के गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी। एक वैन से लोहरदगा शहरी और सेन्हा शहरी क्षेत्र में नजर रखी जाएगी वही दूसरी वाहन कुडु और कैरो के शहरी क्षेत्र में सभी गतिविधियों पर नजर रखेगी। वही एंबुलेंस सेवा का लाभ आम लोगो के अलावा उग्रवादी के खिलाफ चलने वाले अभियान में भी जरूरत पड़ने पर किया जाएगा। इस मौके पर एएसपी दीपक पांडेय,डीएसपी परमेश्वर प्रसाद,सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव, कुडु थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह सहित कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## महा अष्टमी पर नौ कन्या पूजन और राम उत्सव का आयोजन



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** बासंतिक चैत्र नवरात्र के महा अष्टमी तिथि को विश्व हिंदू परिषद के दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति के तत्वावधान में नौ कन्या पूजन एवं श्रीराम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला संयोजिक कंचन शौंडिक ने की. कार्यक्रम का आयोजन शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम में नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन किया गया। मौके पर संबोधित करते हुए जिला संयोजिका कंचन शौंडिक ने भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन किया। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने पिता के वचनों मान रखने के लिए 14 वर्षों का वनवास हंसते-हसंते स्वीकार कर लिया था। उन्होंने समाज में एक आर्दश स्थापित किया और दुराचारी रावण का वध कर असत्य पर सत्य की विजय दिलायी और मयार्दा पुरूषोतम कहलाये। शौंडिक ने आगे कहा कि रामनवमी का पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का का जन्म हुआ था। सह संयोजिका स्वाती गुप्ता ने किशोरियों को सशक्त होने की अपील की कहा कि भारत में मातृ शक्ति को सर्वापरी स्थान दिया गया है। कार्यक्रम में नगर संयोजिका जया कुमारी, अंकिता विश्वकर्मा, सोनल कुमारी, अमिशा चौहान, सोनम वर्मा, कुमकुम कुमारी, अनुराधा शौंडिक, स्वेता गुप्ता, खुशी कुमारी, पीहू दास, सिद्धी दास समेंत दुर्गा वाहिनी की कई सदस्य उपस्थित थीं।

## राम भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली



**हेरहंज-लातेहार (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व के अष्टमी बुधवार को प्रखण्ड क्षेत्र के राम भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली। इस शोभा यात्रा में प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पंचायतों से सैकड़ो बाइक श्रीरामजानकी मन्दिर घुरे (हेरहंज) में एकत्रित होकर नगर भ्रमण किए। नगर भ्रमण करते हुवे बस स्टैंड पहुंचे जहां मुस्लिम समुदाय के लोग भी शामिल हुए। सभी राम भक्तों व मुस्लिम समुदाय के लोगों को रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष रंजीत जायसवाल के द्वारा माल्यार्पण कर अंग वस्त्र देकर व पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। शोभा यात्रा को आगे बढ़ाया गया। हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार के द्वारा थाना गेट के समीप सभी राम भक्तों को शरबत पानी पिलाया गया। शरबत पानी पीने के बाद जय श्रीराम के नारे लगाते गाते बजाते हुवे शोभा यात्रा नवादा,चिरु,हुम्बू,ब्रह्मोरिया होकर पुनः ब्रह्मोरिया से वापस श्रीरामजानकी मन्दिर घुरे (हेरहंज) में शोभा यात्रा का विषर्जन किया गया। इस शोभा यात्रा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शोभा यात्रा में शामिल होकर हेरहंज प्रखण्ड में एक नया संदेश दिया कि हम सभी मिलजुल कर आपसी भाई चारे के साथ एक दूसरे के पर्व में शामिल होकर पर्व मनाएं। इस शोभा यात्रा में हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार एवं बारियातू थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी अपने दल बल के साथ शामिल थे। जहां पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद थे। रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष रंजीत जयसावल, रूपेंद्र जायसवाल,लाडले खान,नूर मो.जनाब अंसारी, जलाल अंसारी, सलमान अंसारी समेत काफी संख्या में इस शोभा यात्रा में राम भक्त शामिल थे।

## महाआरती के साथ निकला पारंपरिक मंगलवारी जुलूस

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय महावीर मण्डल के आह्वान पर मंगलवारी जुलूस में मंगलवार की रात नगर के लगभग 30 अखाड़ों का एक साथ मिलन स्थानीय शोक विनाशक संकट मोचन मन्दिर, गुदरी बाजार एवम देवी मण्डप मन्दिर पावरगंज चौक में हुआ। जहां भगवान राम एवम बजरंग बली का पूजा पाठ एवम महाआरती की गयी। इस दौरान नगर के सभी क्षेत्रों से आये बजरंगी आखाड़ों द्वारा ढोलकों के थाप एवं नगाड़ों की गूँज के साथ राम धुन व बजरंग बली की जय इत्यादि राग पर बाजा बजाया गया। जिसमे युवाओ द्वारा मदमस्त भक्ति में लीन होकर जब सभी अखाड़े के लोग एक साथ बाजा बजाना प्रारम्भ किये तब अखाड़े में शामिल सभी सनातन युवा, बच्चे, बुजुर्ग भक्ति में लीन होकर इस प्रकार झूमें, जैसे साक्षात धरती में भगवान राम व बजरंग बली का अवतरण हो गया हो और सभी उनके भक्तिरस में गोते लगाने को आतुर हों। पूरा वातावरण राममय हो चुका था। 05 साल के बच्चों से लेकर 75 साल के बुजुर्गों का उल्लास व उत्साह देखने योग्य था। सभी ढोलक व नगाड़ो के थाप पर भक्तिरस में डूबकर इस तरह आनन्दित होकर थिरक रहे थे, जैसे उन्हें अपने ईष्ट का दर्शन हो गया हो और लग रहा हो कि जीवन के इस पल में जो शुकुन और सुख है, इससे बढ़कर दुनिया का और कि सुख हो ही नही सकता। शोक विनाशक संकट मोचन मन्दिर, गुदरी बाजार में पहुंचने वाले अखाड़ों में बजरंग दल,अमला टोली, थाना टोली,शास्त्री चौक, रघुनंदन लेन, अंबेडकर नगर, तेतर तर, हटिया गार्डेन, तेवारी दुरा, लहेरी मुहल्ला, बरवा टोली, मोटिया संघ, पुराना शुक्र बाजार के लोग शामिल हुए जबकि देवी मण्डप मन्दिर पावरगंज चौक में कुटमु, ब्रह्मण्डीहा, धोड़ा टोली, किस्को मोड़, नीम मुहल्ला, नव युवक संघ पावरगंज चौक, बाल्मीकि नगर के लोग सहभगिता निभायी।

# दोस्तों ने ही ली दोस्त की जान, इरबा खटाल में कर रहे थे साथ में काम

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** मंगलवार रात इरबा हैदर नगर स्थित आफताब आलम के खटाल में काम करने वाले विक्की यादव, श्रवण यादव और मोहन यादव के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। बहस इतनी बढ़ गई की एक दूसरे का जान लेने पर उतारू हो गये। श्रवण यादव और विक्की यादव ने मिलकर मोहन यादव की जमकर पिटाई कर दी। जिससे मोहन यादव की मौत हो गई। दोनों हत्यारों ने रात मृतक के पास ही गुजारा। सुबह घटना की जानकारी तब हुई जब देर सुबह तक खटाल का गेट नहीं खुला। धीरे-धीरे हत्या की खबर जंगल की आग की तरह फैल गई।



## अबतक खुलासा नहीं

ओरमांझी पुलिस को मामला की जानकारी होने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्त में लेते हुए मृतक के शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम तक हत्या के कारण का ओरमांझी पुलिस खुलासा नहीं कर पायी है।

## धूमधाम से मनाया सरहुल

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** बुधवार को नामकुम प्रखंड परिसर में प्रकृति का पर्व सरहुल पूजा बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नामकुम प्रमुख आशा कच्छप ने की। जिसमें पाहन जुरा मुंडा ने पूजा अर्चना किया। इस दौरान ढोल मांदर के थाप पर लोग जम कर थिरके। नामकुम बीडीओ ज्ञान शंकर जयसवाल उपस्थित थे। मौके पर प्रमुख आशा कच्छप, उपप्रमुख वीणा देवी, 52 पड़हा अध्यक्ष प्रदीप तिर्की, माता सीता लकड़ा, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, आजसू नेता प्रकाश लकड़ा, प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी रेनू कुमारी, जिप सदस्य बिपीन टोप्पो, कांग्रेसी नेता रमेश पांडेय, मुखिया नन्हे कच्छप, विजय टोप्पो, नीता कच्छप, माधो कच्छप, आरती कुजूर, रीता रजनी कुजूर, रोजलिन तिर्की, विनय सिंह, लाल काली नाथ शहदेव, जॉन बागे, अनिता तिर्की, रितेश उरांव, अनिरुद्ध पांडे, मुक्तिनाथ मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पुलिस ने रामनवमी को लेकर फ्लैग मार्च किया

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व को लेकर बुधवार को ठाकुरगांव पुलिस ने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस क्रम में थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने ठाकुरगांव, बरौदी, उरुगुट्ठू, हेसलपीरी, बेड़वारी, बंसरी आदि जगहों में फ्लैग मार्च किया। मौके पर थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से पारंपरिक रूप तथा हर्षोल्लास पद्दर्वक पर्व मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान अशांति फैलाने वालों पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। मौके पर पुनि जुगनू महथा, संतोष कुमार, हेमंत कुमार, बसंत मुंडा समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे।



# विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने निकाली शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो/मांडर।** क्षेत्र में दिन बुधवार को राम भक्तों ने श्रीराम के जयकारे लगाते हुए बाइक रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के कार्यकताओं एवं युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, हिंदू समाज के युवा, बुजुर्ग व बच्चे शामिल रहे। रैली के दौरान युवाओं में उत्साह का माहौल बना रहा। बाइक पर झंडे हाथों में भगवा रंग का ध्वज एवं सिर पर भगवा रंग की पगड़ी पहनकर विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर सन्नी टोप्पो ने सामाजिक एकता का संदेश देते हुए कहा कि यदि राम के आदर्शों पर समाज चले तो वैसा समाज संभव है जैसा प्रभु श्री राम के समय था। इस दौरान चान्हो-मांडर थाना प्रभारी समेत ग्रामीण एसपी नौसाद आलम तथा भारी पुलिस बल मौजूद रहे। रामनवमी को लेकर निकली इस बाइक रैली के साथ डीजे में मगन राम भक्तों ने गीतों की धुनों के साथ रैली मुख्य राँची-डालटेगंज मार्गो से होते हुए रैली निकली। इस दौरान रैली के आरंभ से समापन समापन तक जगह-जगह समाजसेवियों व संस्थाओं के द्वारा पानी, शरबत,चना-गुड़, के स्टॉल लगाकर रैली में शामिल होने के बीच जलपान वितरण का आयोजन किया गया। रैली में मौजूद राम भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शोभायात्रा में मुख्य रूप से विवेक सिंह, अजय गोप, अविनाश गुप्ता, राजकुमार सिंह, बजरंग सिंह, अमन गुप्ता , शिवम गुप्ता, अभय गुप्ता , रवि कुमार, देवंत साहु, विजय सोनी, मोजीबुल्ला, इनामुल हक, ज्ञान खान सहित सैकड़ों की संख्या में राम भक्त उपस्थित थे। शोभा यात्रा के दौरान आपसी भाईचारा एवं गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखते हुए राम भक्तों का स्वागत किया पानी एवं चना का भी वितरण किया जो आपसी भाईचारा एवं प्रेम सद्भावना को दर्शाता है।



## मृतक के परिजनों से मिले बाबूलाल मरांडी दिया हर संभव सहयोग का आश्वासन



**गावां (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बुधवार को गावां पहुंचे। उनके साथ भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह भी थे। उन्होंने गावां काली मंडा पहुंचकर मां दुर्गे की पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना के उपरांत वे हरला में संजय राजवंशी व जमडार में सुरेश मुर्मु के परिजनों से मिले व आर्थिक सहयोग करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। दोनों की मौत दस दिनों पूर्व परसौनी में ईंट भट्ठे के पास हो गयी थी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि श्रीराम यादव, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, चंद्रशेखर आजाद, आनंदी यादव, विशाल पांडेय, योगेंद्र प्रसाद, प्रकाश राम, मनोज सिंह, महेंद्र शर्मा देवनंदन सिन्हा, राजेंद्र चौधरी, गुरुसहाय रविदास, राजकुमार यादव एवं अनुरूपा उपस्थित थीं।

## सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनायें रामनवमी : लक्ष्मण सिंह



**गावां (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह बुधवार को गावां पहुंच कर गावां काली मंडा, माल्डा, जमडार, चरखी आदि स्थानों में जाकर पूजा अर्चना की। क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द की कामना की। उन्होंने विभिन्न अखाड़ा समितियों के सदस्यों को अंगवस्त्र देकर भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रामनवमी का त्योहार आस्था व विश्वास का पर्व है। त्योहार को सभी लोग आस्था एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनावें। मौके पर विनोद मिष्टकार, रिंकू राणा, राजेंद्र पांडेय, अमर सिंह, मनोज पांडेय उदय प्रसाद यादव, आनंदी यादव उपस्थित थे।


## राम भक्तों के बीच चना शरबत और फल का वितरण किया

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रामनवमी के उपलक्ष्य में पुजा समिति ओरमांझी द्वारा निकाली गई मंगलवारी जुलूस शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों के लिए शिवशिष्य परिवार के अचिता आनंद के मार्गदर्शन पर परिवार के सदस्य व ओरमांझी पंचायत के उपमुखिया संतोष गुप्ता के नेतृत्व में काली मंदिर परिसर में सेवा शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता ओरमांझी के मुखिया दीपक बडाईक ने संयुक्त रूप से किया। सेवा शिविर के माध्यम से मंगला जुलूस में शामिल राम भक्तों के बीच चना गुड़, कोल्ड ड्रिंक्स, शरबत, पानी, तरबुज अंगुर, संतरा सहित कई तरह के फलों का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता एवं पंचायत के मुखिया दीपक बडाइक ने कहा उप मुखिया संतोष गुप्ता हमेशा से ही समाज सेवा में अग्रणी रहते हैं। इनके द्वारा 15 साल से रामनवमी त्योहार के दिन इस तरह के सेवा शिविर लगाया जाता रहा है। जुलूस में शामिल हुए लोगों ने उप मुखिया संतोष गुप्ता के इस कार्य की काफी सराहना की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, ओरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, मुखिया दीपक बड़ाइक प्रखंड शिक्षक संघ अध्यक्ष सतीश बड़ाइक, पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, भाजयुमो महामंत्री आनंद महतो, ग्राम प्रधान दीनदयाल मुंडा, युवा नेता शशि मेहता, मुकेश पाण्डेय, रामदेव साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।


































## रामनवमी पर्व को लेकर गुमला पुलिस ने किया शहर में मोटर साइकिल फ्लैग मार्च



**गुमला (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व की तैयारी को लेकर पुलिस पूरी तरह चाक चौबंद है। जुलूस केंद्रीय महावीर मंडल समिति के नेतृत्व में शहर में निकाला जाएगा। रामनवमी जुलूस को देखते हुए गुमला पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए बुधवार को मोटर साइकिल फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में काफी संख्या में जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च गुमला थाना परिसर से शुरू हो कर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः थाना पहुंचा। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थाना प्रभारी विनोद कुमार कर रहे थे। शहर के सभी चौक-चौराहों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। वहीं दूसरी ओर पर्व को लेकर महावीरी झंडे से शहर का कोना कोना पटा हुआ है।

## ड्रोन कैमरा साहित शहर के डेढ़ सौ सीसीटीवी कैमरे करेंगे रामनवमी जुलूस की निगरानी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पर्व पर जिले वासियों को बधाई देते हुए थाना प्रभारी विनोद कुमार ने गुमला की जनता से अपील की है कि संप्रदायिक सौहार्द्र के साथ लोग रामनवमी का पर्व मनायें। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन सुरक्षा की पूरी तैयारी कर ली है। पर्व के दौरान शहर मुख्यालय में सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था किये गये हैं। उन्होंने कहा कि शहर के चौक-चौराहों, महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थानों में 150 सीसीटीवी कैमरा लगाये गये हैं। जिससे रामनवमी जुलुस की निगरानी की जाएगी। साथ ही पांच ड्रोन कैमरा से जुलूस की विशेष निगरानी की जाएगी। इसके अतिरिक्त जुलूस एवं अन्य स्थानों में सादे लिबास में पुलिस की तैनाती होगी जो उपद्रव करने वाले व शांति भंग करने वाले की निगरानी करेंगे। थाना प्रभारी ने कहा कि जुलूस के दौरान सबसे अनुशासित अखाड़ा को जिला प्रशासन के द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## मिशन बदलाव को आवेदन देकर परिजनों ने मजदूर पुत्र को खोजने की गुहार लगायी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव नगर सचिव ने बताया कि देवेन्द्र गोप (22) पिता पेरू गोप रायडीह सिकोइ का निवासी हैदराबाद स्थित आईटीआई थाना संग्रारायटी रेटी सबरजी कंपनी में कार्यरत था। वहां सिमडेगा के गुरुकुल कंपनी के माध्यम से नौकरी लगी थी और पिछले 20 मार्च से वह लापता है। इस कारण परिजनों का हाल बेहाल है। कंपनी में कार्यरत उसके साथियों ने बताया कि देवेंद्र गोप हॉफ पैंट और टीशर्ट पहन कर निकला है और वह कहां चला गया है किसी को पता नहीं। मजदूर के परिजन अपने बेटे की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं और बार-बार अपने बेटे से संपर्क करना चाह रहे हैं लेकिन उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ है। मिशन बदलाव नगर सचिव बिनय गोप को उनके परिजनों ने बताया था कि रुम में रहने के दौरान गुमला जिला के सिसई प्रखंड के सेमरा पाकरटोली के युवा लखन खड़िया, बुधेश्वर उरांव के साथ गाना बजाने को लेकर हाथापाई भी हुई थी। मिशन बदलाव नगर सचिव के द्वारा श्रम अधीक्षक गुमला को भी आवेदन दिया जायेगा और मजदूर की सफलतापूर्वक वापसी के लिये पदाधिकारी को भी अवगत कराया जाएगा।

## सीआरपीएफ ने कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित गांव में बांटे घरेलू उपयोग के समान

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र में गुरुवार को सीआरपीएफ सी कंपनी 218 बटालियन के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीआरपीएफ 218 बटालियन के कमांडेंट मो. खालिद खान के निर्देशानुसार द्वितीय कमान अधिकारी संजय त्रिपाठी की अगुवाई में घोर नक्सल प्रभावित गांव रोरेद में किया गया। जहां आसपास के गांव रोरेद, सिबिल, मारवा, केरागनी व कुचागानी सहित कई गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के द्वारा सोलर लालटेन, स्टील ड्राम, लोहे की कढ़ाई, डेगची सहित कई घरेलू उपयोग के समान काफी मात्रा में ग्रामीणों में वितरण किया गया। सीआरपीएफ के द्वितीय कमान अधिकारी संजय त्रिपाठी ने ग्रामीणों से कहा कि हम आपके साथ मिलकर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विकास में सहयोग करना चाहते हैं। इसलिए सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन सीआरपीएफ के द्वारा समय-समय पर किया जाता है। जिससे सीआरपीएफ के साथ स्थानीय लोगों का जुड़ाव हो सके। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी हो तो सुरक्षा बल उनके साथ खड़े हैं। मौके पर उन्होंने सभी लोगों से मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के जवानों के अतिरिक्त कुरूमगढ़ सीआरपीएफ कैंप के इंचार्ज इंस्पेक्टर लोकेंद्र सिंह, कुरूमगढ़ थाना के उपनिरीक्षक अमर पोद्दार, रोरेद, सिबिल के ग्राम प्रधान एवं थाना क्षेत्र के कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**बैठक :** प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने की जिला योजना समिति के कार्यों की समीक्षा, कहा

# उप समितियों के सदस्यों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित करें

**मंत्री ने सभी उपस्थित सदस्यों से ऐसी योजनाओं को लेने को कहा जो अधिक लोगों के हित में हो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राज्य के वित्त सह खाद्य मंत्री, एवं गुमला जिला योजना समिति के अध्यक्ष डॉ रामेश्वर उरांव की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक हुई। यह आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जिला योजना समिति की 6 उप समितियों के नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं सदस्यों का परिचय मंत्री से करवाया गया।
अध्यक्ष ने सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को अभिप्रेरित करते जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि उप समितियों के सदस्यों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जाए।

उन्होंने समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को भी सुना। मंत्री ने सभी उपस्थित सदस्यों से ऐसी योजनाओं को लेने को कहा जो अधिक लोगों के हित में हो। उन्होंने कहा कि कम राशि के अधिक जरूरी योजनाएं समाज की अधिकतर जरूरतों को पूरा करती हैं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं को चुनने का सुझाव दिया। मंत्री ने स्वास्थ्य उप केंद्रों की मरम्मती, विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने, गांव के अंदर अप्रोचरोड बनाने आदि से संबंधित प्रस्ताव उपायुक्त व उप विकास आयुक्त के कार्यालय में देने की बात कही।

इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा सिसई कॉलेज में जल मीनार बनाने का प्रस्ताव दिया जिसपर मंत्री ने उपायुक्त को इस पर आवश्यक निर्णय लेने का निर्देश दिया।

इसके अलावा वहां उपस्थित उप समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा विद्यालय जीर्णोद्धार, जल मीनार बनाने, सड़क निर्माण आदि से संबंधित मांग रखी, जिसपर मंत्री द्वारा उपायुक्त को जांचोंपरांत आवश्यक निर्णय लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि जिला योजना समिति 6 उपसमितियों का गठन किया गया। जिसमें ग्रामीण विकास एवं कृषि विकास कार्यक्रम उप समिति, नगरीय विकास उप समिति, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं पेयजल आपूर्ति तथा सिंचाई विकास कार्यक्रम उप समिति, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़े वर्ग एवं कमजोर वर्ग के विकास तथा महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम प्रबंधन उप समिति, शिक्षा एवं रोजगार निर्माण एवं उपलब्धता उप समिति एवं सड़क परिवहन विकास निवेश क्षेत्र में स्थित भूमि के उपयोग एवं निर्धारण, सांसद एवं विधायक क्षेत्रीय विकास योजना के विकास कार्यों का प्रबोधन हेतु उप समिति में सदस्यों का गठन किया गया। प्रत्येक उप समिति में अध्यक्ष समेत पांच सदस्यों का चुनाव किया गया था, जिनके द्वारा आवश्यकता अनुसार जिले के विकास हेतु सलाह दी जाएगी।

बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती , अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक पीडी आईटीडीए, एसडीओ सदर, सहायक समाहर्ता, जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, सभी उप समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# टाना भगतों एवं किसानों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण



**मंत्री एवं उपायुक्त ने महात्मा गांधी पुस्तकालय का किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर में टाना भगतों एवं किसानों के बीच परिसंपत्ति का वितरण व महात्मा गांधी पुस्तकालय का उद्घाटन झारखंड सरकार के खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं उपायुक्त सुशांत गौरव के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम मंत्री रामेश्वर उरांव के आगमन पर कांग्रेसियों ने पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया। जिसके बाद उपायुक्त सुशांत गौरव के द्वारा भी पुष्प गुच्छ देकर मंत्री जी का स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम के बाद सर्वप्रथम नवनिर्मित महात्मा गांधी पुस्तकालय का उद्घाटन रामेश्वर उरांव ने किया। जिसके बाद परिसंपत्ति वितरण का काम किया गया। मौके पर उपस्थित रामेश्वर उरांव ने टाना भगतों से कहा कि झारखंड सरकार उनके विकास के लिए लगातार तत्पर है। इसी के तहत आधुनिक खेती-बारी से जुड़ने के लिए टाना भगतों को कृषि यंत्र एवं ट्रैक्टर मुहैया कराया जा रहा है ताकि उनकी आय को बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में उपायुक्त सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार, अपर समाहर्ता सुधीर प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अरुण कुमार पांडे, महेश अगस्टिन कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, बिशुनपुर सीओ धनंजय पाठक, प्रमुख सविता देवी, ठूपेंद्र टाना भगत, रति टाना भगत, अनिरुद्ध चौबे, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, थाना प्रभारी अमित चौधरी, कृष्णा लोहरा, सतवंती देवी, मंती उरांव, कुमार अनिल, मानिक चंद साहू, प्रसाद साहू, नंदलाल प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**अति–अल्पकालीन निविदा सं0–01/2023**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिए रॉची जिला के पुलिस कार्यालय/सभी पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय/रक्षित कार्यालय/सभी अंचल पुलिस निरीक्षक/ थाना/ओ0पी0 कार्यालय के कार्यो का निष्पादन हेतु लेखन समाग्रियों को क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सामान्य शाखा, पुलिस कार्यालय, रॉची में दिनांक 01.04.2023 से दिनांक 11.04.2023 तक कार्यालय अवधी में बिक्री की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य मो0–1,000/–रूपये निर्धारित है। वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची के पदनाम से उक्त राशि का बैंक ड्राफ्ट स्वीकार होगा। इच्छुक अहर्तापूर्ण आपूर्तिकर्ता निविदा प्रपत्र क्रय कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा दिनांक 02.04.2023 से दिनांक 12.04.2023 तक कार्यालय अवधी में सामान्य शाखा, पुलिस कार्यालय, रॉची में जमा कर सकते है।
**नोटः–** निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्त पुलिस कार्यालय, रॉची के सूचनापट पर देखा जा सकता है।
निविदा खुलने की तिथि समय एवं स्थानः– दिनांक 13.04.2023 को समय 03:00 बजे अपराह्न में वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची के कार्यालय कक्ष।

किशोर कौशल (भा0पु0से0)
वरीय पुलिस अधीक्षक,रॉची

PR 293981 Police(22-23).D


## सरस्वती विद्या मंदिर में बाल विकास को समर्पित कार्यशाला संपन्न

**कार्यशाला में वार्षिक कार्य योजना, विद्यालय विकास एवं नयी शिक्षा नीति पर की गयी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** सरस्वती विद्या मंदिर गुमला में बुधवार को त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का समापन हुआ। समापन से पूर्व तृतीय सत्र में संघ के विभाग प्रचारक शम्मी जी की उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला अपनी चिंतन को सदैव गतिमान रखने की शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे आसपास विद्यमान सजीव या निर्जीव कोई भी गुरु हो सकता है। यहां तक की शरीर के निर्माण में लगे पंचतत्व भी गुरु के रूप में ही हैं। यह कार्यशाला दिनांक 27 मार्च से 29 मार्च 2023 तक चली। जिसमें प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सचिव अमृत कुमार मेटे, सह सचिव प्रभात कुमार दास, कोषाध्यक्ष राम किशोर रजक की लगातार उपस्थिति बनी रही।

प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा के नेतृत्व में चलने वाली यह कार्यशाला 15 सत्रों में संपन्न हुई। जिसमें वार्षिक कार्य योजना, विद्यालय विकास तथा नयी शिक्षा नीति पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उद्घाटन उद्बोधन में अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने कहा की भैया बहनों में शारीरिक, बौद्धिक तथा मानसिक विकास हो इसका दायित्व आचार्यों पर ही है।सचिव अमृत कुमार मेटे आचार्यों से अपील करते हुए कहा कि वह हर दिन बच्चों को कुछ नया देने की कोशिश करें जिससे बच्चे में सीखने की रोचकता बनी रहे। सह सचिव प्रभात कुमार दास ने आचार्यों से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति चर्चा तथा बच्चों के बीच में रखने की अपील की।

समापन सत्र में अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने यह विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि नए सत्र में सभी आचार्य नई ऊर्जा के साथ बच्चों तथा विद्यालय के विकास में सहभागी बनेंगे।

## पहाड़ के ऊपर गुफा में छिपाकर रखे हथियार एवं कारतूस बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**एसपी को मिली गुप्त सूचना पर रायडीह पुलिस ने की कार्रवाई**

**गुमला।** रायडीह थाना के कोठाटोली स्थित पहाड़ से पुलिस ने कई जिंदा कारतूस सहित एक देशी कट्टा, आर्मिंग रिंग एक, ट्यूब लॉचिंग पिन एक व बिना ढक्कन का प्लास्टिक का टिफिन एक बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि दो जंगलों के बीच स्थित कोठाटोली पहाड़ पर हथियार व गोला बारूद छिपाकर रखा गया है। जिसके बाद मामले के सत्यापन को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा एक टीम का गठन किया गया।

गठित टीम मामले की छानबीन को लेकर कोठाटोली पहाड़ पहुंचकर घेरा बंदी करते हुए सर्च अभियान चलाया गया। टीम के द्वारा छापामारी अभियान में कोठाटोली पहाड़ पर प्राकृतिक रूप से बने एक गुफा में छुपाकर रखे हथियार व गोली को पुलिस ने बरामद किया।

छापामारी टीम में सीआरपीएफ 218 बटालियन के कमांडेंट मो. खालिद खान, टू आईसी 218 बटालियन के संजय त्रिपाठी, पुलिस उपाधीक्षक अभियान मनीष कुमार, थाना प्रभारी रायडीह अमित कुमार, सीआरपीएफ व सेट 11 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## रायडीह पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में रायडीह प्रखंड प्रशासन ने आगामी त्योहारों को लेकर रायडीह थाना प्रभारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार ने आपसी भाईचारे के साथ रामनवमी, रमजान एवं ईस्टर पर्व को आपसी भाईचारगी के साथ मनाने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा है कि किसी भी तरह की कहीं कोई समस्या होती है तो उसकी सूचना तुरंत थाने को दें। फ्लैग मार्च में बीडीओ अमित कुमार मिश्रा, पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे।


**कार्यालय, नगर परिषद,लोहरदगा**
**(राजस्व शाखा)**
**Email ID nagarparshad07.lohardaga@gmail.com**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, लोहरदगा अन्तर्गत विभिन्न सफाई वाहन यथा ट्रैक्टर, टिपर, ऑटो टिपर, शव–वाहन, सक्शन मशीन एवं अन्य वाहन हेतु बिल्कुल अस्थायी वाहन चालक (दैनिक मजदूरी पर) की आवश्यकता है। उक्त हेतु इच्छुक व्यक्ति निम्न दस्तोवज के साथ दिनांक 07 अप्रैल 2023 तक कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि में अपना आवेदन समर्पित कर सकते हैं :–

1. **HMV/LMV Driving License** (चालक अनुज्ञप्ति)
2. चिकित्सा प्रमाण–पत्र
3. कम–से–कम अंचल कार्यालय से निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र
4. मतदाता पहचान पत्र
5. आधार कार्ड
6. पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ
7. वाहन चलाने का अनुभव
8. 01.04.2023 को अधिकतम आयु 35 (पैतीस) वर्ष हो
9. शपथ–पत्र जिसमें उनके द्वारा कार्यालय अवधि में नशापान नहीं करने संबंधी उल्लेख रहेगा

नोट :–
1. **स्थानीय आवेदनकर्त्ता को प्राथमिकता दी जायेगी।**
2. **यदि कार्यालय अवधि में नशा करने का प्रमाण/शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जायेगा।**

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 293952 Lohardaga(22-23).D


**खबर का असर :** डीसी ने स्कूल घेराबंदी निर्माण कार्य की जांच के एसडीओ-बीडीओ को दिये लिखित आदेश

# अनियमितता की जांच कर 30 मार्च तक प्रतिवेदन उपलब्ध करायें

**इससे पूर्व 6 मार्च को क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने मौखिक रूप से एसडीओ एवं बीडीओ को जांच करने का निर्देश दिया था**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बसिया।** आजाद सिपाही अखबार द्वारा बसिया प्रखंड के आर्या और तुकई में चल रहे स्कूल घेराबंदी निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग करने, कम मजदूरी देने, प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं करने की खबर छपने और इसकी शिकायत 6 मार्च को क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव से किये जाने के उपरांत उपायुक्त द्वारा बसिया के एसडीओ संजय पीएम कुजूर और बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता को निर्माण स्थल पर जांच कर जांच प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया था। जिसके बाद किसी प्रकार का जांच प्रतिवेदन नहीं देने पर पुनः उपायुक्त गुमला द्वारा एसडीओ बसिया और बीडीओ बसिया को लिखित तौर पर निर्देश देते कहा कि प्राक्कलन के विरुद्ध किये गए कार्य, कार्य की गुणवत्ता, मजदूरी दर एवं मजदूरों के भुगतान की स्थिति की तकनीकी पदाधिकारी के साथ संयुक्त रूप से जांच कर दिनांक 30 मार्च तक प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके उपरांत बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा जिला परिषद गुमला के कार्यपालक अभियंता को 27 मार्च को पत्राचार कर तुकई और आर्या में सरकारी स्कूल की घेराबंदी निर्माण कार्य का प्राक्कलन उपलब्ध कराने की की बात कही। इसके पूर्व भी बसिया बीडीओ द्वारा 16 मार्च को पत्र प्रेषित कर प्राक्कलन की मांग की गयी थी, लेकिन जिला परिषद के संबंधित अभियंताओं द्वारा प्राक्कलन उपलब्ध नहीं कराया गया था लेकिन उपायुक्त गुमला के द्वारा इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए लिखित निर्देश मिलने पर प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया। हालांकि बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता के कथनानुसार संबंधित अभियंताओं से अनेकों बार इसकी मांग की जा चुकी थी।

### निर्देश के बावजूद प्राक्कलन उपलब्ध नहीं कराना बना चर्चा का विषय

**उपायुक्त गुमला के द्वारा 6 मार्च को ही बसिया के एसडीओ एवं बीडीओ को कार्य की जांच कर जांच प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद बसिया बीडीओ द्वारा जांच करने हेतु जिला परिषद से जांच करने हेतु प्राक्कलन की मांग करने के वावजूद न तो प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया और न ही विभागीय अभियंताओं द्वारा कोई कार्यवाही ही की गयी।**

### जनप्रतिनिधियों ने भी की थी जांच की मांग

**आजाद सिपाही में छपी खबर के बाद प्रखंड के अनेक जनप्रतिनिधियों द्वारा मीडिया के माध्यम से घटिया निर्माण कार्य की जांच की मांग गुमला उपायुक्त से की गयी थी। जांच की मांग करने वालों में कांग्रेस नेता रोशन बरवा, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुकरात उरांव, जेएमएम के वरीय नेता निकोलस मुंडा, भाजपा नेता सह पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष अरुण मिश्रा एवं उपप्रमुख इंदुमती देवी शामिल हैं।**

**जांच को प्रभावित करने की कोशिश :** उपायुक्त के द्वारा जांच के निर्देश देने के बाद संवेदक द्वारा कार्य को बहुत तेजी से पूरा करने की कोशिश की गई ताकि जांच में सही तथ्य न आ सके।

अब देखना यह है कि उपायुक्त के निर्देश के बाद जिस तेजी से घेराबंदी कार्य को किया गया है और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है उसकी जांच कैसे की जाती है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा सूचना संख्या–RWD/SD/GARHWA/26/2022-23**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र.सं. | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड अंतर्गत हरहे एवं चटकमान के बीच हाथु नदी पर पुल निर्माण। | 3,21,51,000.00 | 6,43,100.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 31.03.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक–31.03.2023 से दिनांक–18.04.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–19.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने करने का स्थान :–
   1. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
   2. ग्रामीण विकास विशेष अंचल, पलामू।
   3. e-procurement cell मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ एफ.पी. भवन, रॉंची।
6. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान –मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ.एफ.पी. भवन, रॉंची।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7004019730
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रुप में जमा करना होगा।
13. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद् करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा।

PR 293841 Rural Development(22-23)D

## जपला समता स्कूल में वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के शिव शक्ति नगर स्थित समता स्कूल जपला में बुधवार को वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, पलामू प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश देव वर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक लाल मनी दूबे, देवरी के पंचायत समिति सदस्य अजित सिंह, समाजसेवी मनोज शर्मा, प्रधानाध्यापक सह निदेशक अक्षय कुमार चौहान आदि ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीपप्रज्वलन कर व फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन प्रधानाध्यापक सह निदेशक अक्षय कुमार चौहान ने किया। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती। जरुरत है उनकी प्रतिभा को संवारने की। इस तरह के आयोजन से बच्चों में आत्म विश्वास की भावना बढ़ती है। आत्मविश्वास ही सफलता का मूलमंत्र है। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीत व नृत्य संगीत पेश किया गया। मौके पर विनोद चौधरी, संतोष मिश्रा, शिक्षक मंटेश्वर यादव, विनोद सिंह, राहुल चौहान, किरण देवी, प्रियंका देवी, अनुज सिंह, सुधांशु सिंह, दीपक कुमार, कार्तिक कुमार, बेबी शेख, शबाना खातून, अंजली सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रंजीत कुमार, दशरथ कुमार, राहुल चंद्रवंशी, राहुल गुप्ता, सुजीत यादव, नंदू प्रजापति, सरिता और मीना देवी आदि थे।













**दुखद : पलामू एसपी चंदन सिन्हा भी पहुंचे, शुरू हुई जांच**

# तीन बच्चों को साथ लेकर ट्रेन के आगे महिला कूदी, सभी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** टाउन थाना क्षेत्र के बिसफुटा पुल के पास एक महिला द्वारा अपने तीन बच्चों को साथ लेकर ट्रेने के सामने कूदकर आत्महत्या कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृत महिला की पहचान मनिका देवी के रूप में हुई है। उसके पति का नाम रवि सिंह है। बुधवार को महिला और बच्चों के शव रेलवे ट्रैक पर पड़े मिले हैं। इसकी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शवों को कब्जे में लेने के बाद मामले की छानबीन में जुट गई है। सभी बच्चों की उम्र 3 वर्ष से 7 वर्ष के बीच है। महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। महिला पलामू जिले के हरिहरगंज के खड़कपुर गांव की रहने वाली है। उसका मायका सतबरवा थाना क्षेत्र के एकता गांव में है। उधर, हादसे की सूचना मिलने के बाद पलामू एसपी चंदन सिन्हा भी मौके पर पहुंच कर वस्तुस्थिति की जांच में जुट गए हैं।



रेलवे ट्रैक पर पड़े शवों को देखते स्थानीय लोग और पुलिस।

## कोनवाई में लगा प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला




**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड अंतर्गत कोनवाई बस स्टैंड परिसर में बुधवार को सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ। जिसकी शुरूवात विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता और पूर्व प्रत्यासी लालसुराज ने किया। स्वास्थ्य मेला में पहुंचे लोगों को शुगर, बीपी, फाइलेरिया एवं विभिन्न बीमारियों की जांच कर दवाइयां दी गई। वहीं, विधायक ने इस तरह के स्वास्थ मेला लगाने के लिए चिकित्सा प्रभारी डॉ रियाज अनवर की खूब सरहाना की। मौके पर डॉ अबरार आलंम, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, मनप्रीत सिंह बीपीएम अनुज कुमार, भीम शुक्ला आदि थे।







## टेंडर डालने से रोका तो होगी कार्रवाई : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर से कुछ संवेदकों ने शिकायत की कि नगर निगम के बाहर गेट पर टेंडर डालने से कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रोका जा रहा है। दो दिनों से टेंडर न डालने की धमकी भी दी जा रही है। इस पर महापौर ने कड़े तेवर में तुरंत एक्शन लेते हुए सारा टेंडर पेपर संवेदको का लेकर अपने अंगरक्षक के साथ कार्यालय भेज कर डलवा दिया । कहा कि निगम में कोई भी रंगदारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो लोग टेंडर डालना चाहते है डालें। अगली बार से किसी भी संवेदक को रोका गया तो रोकने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। महापौर ने यह भी कहा कि जो संवेदक निगम के कार्यों में टेंडर डालना चाहते है स्वतंत्र होकर डालें दिक्कत हो तो डरे नहीं मुझे बताएं टेंडर मैं डलवाऊंगी।



## प्रचार के अभाव में स्वास्थ्य मेला में कम दिखे लोग: परवेज आलम



**नौडीहा बाजार/पलामू (आजाद सिपाही)।** सरकार के निर्देश पर राज्यभर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला लगा कर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को नौडीहा बाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला लगाया गया। जिसका शुभारंभ 20 सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेला में सभी स्वास्थ्य संबंधित जांच के स्टॉल लगाए गए थे। डॉक्टर भी अपने-अपने स्टॉल पर बैठे देखें गए। इस अवसर पर बीस सूत्री सदस्य परवेज आलम ने बताया कि स्वास्थ्य मेला लगने से लोगों को कई तरह के बिमारियों का मुफ्त में जांच एवं इलाज होगा। लेकिन मेला में बहुत कम लोग पहुंच रहे हैं। इसका कारण क्षेत्र में प्रसार प्रचार का नहीं होना मुख्य कारण है। सही से प्रचार प्रसार किया गया होता तो क्षेत्र के लोग शिविर में पहुंचते और लाभावित होते।




## महूदंड पंचायत में पेयजल समस्या का हो शीघ्र समाधान : अर्जुन यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महूदंड पंचायत के कई गांव में जलमीनार खराब होने के कारण ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गयी है। इस वर्ष पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण तालाब, नदी-पोखर व अन्य जलाशय सुख गए है। ऐसी स्थिति में लोगों को पेयजल के लिए काफी मशक्कत करना ही पड़ रहा है। साथ ही मवेशियों के लिए भी पानी उपलब्ध करना चिंता का कारण बन गया है। महूदंड गांव में पासवान टोला, चोर पहरा आदि गांव में एक माह से जलमीनार खराब है। ग्रामीण शिबारन पासवान, सत्यनारायण पासवान, बिनोद पासवान, बिनोद परहिया, राजेश्वर परहिया, अजय परहिया, सरैया देवी, रामेश्वर पासवान, शिला देवी, रविंद्र पासवान, योगेंद्र पासवान आदि ने बताया कि बिगड़े चापानल व जलमीनार को दुरुस्त करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय पदाधिकारियों से मांग की गई है, लेकिन अब तक जलमीनार की मरम्मती नहीं करायी गयी है। इस बाबत युवा समाजसेवी अर्जुन कुमार यादव ने पलामू डीसी सहित स्थानीय पदाधिकारियों से ग्रामीणों की इस ज्वलंत समस्या पर अविलंब पहल करने की मांग की है। कहा कि पंचायत के सभी गांवों में गर्मी में चापानल व जलमीनार ही पेयजल आपूर्ति का एक मात्र साधन है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की इस ज्वलंत समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ आंदोलन को बाध्य होंगे।






## जनसेवा ही मेरा कर्तव्य : सूर्या सिंह

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह व प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने बुधवार को मोहम्मदगंज प्रखंड के लटपौरी व रामबांध पंचायत के अलावा दीवान बिगहा समेत विभिन्न गांव का दौरा किया। इस दौरान गांव स्तर के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ राजनीतिक व विकास पर चर्चा किया। उन्होंने विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर गांव में विधायक कोटा की योजनाओं का चयन किया। दौरे के क्रम में युवा नेता सूर्या सिंह ने कहा कि गांव की योजना गांव के लोगों द्वारा चयन करने का काम 2019 से लगातार हो रहा है। इस बीच वह गांव के युवा खिलाड़ियों से भी मिले और उनका हाल जाना। खिलाड़ियों ने टीम सूर्या के बैनर तले चल रहे टूर्नामेंट की सराहना की। सूर्या ने कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली के क्षेत्र में सुधार हुआ है। इसे और बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है। प्रतियोगिता परीक्षाओं में भी हुसैनाबाद के युवा राज्य व देश में कैसे पहचान बनायेंगे। इस पर भी कार्य किया जा रहा है। कहा कि उनकी पार्टी स्वच्छ राजनीति में विश्वाश रखती हैं। जनता ने जो ताकत दी है, उसका सही उपयोग विधायक जी कर रहे हैं।




## रामनवमी पर रामभक्तों ने निकाला बाइक जुलूस

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** रामनवमी पूजा समिति हरिहरगंज के तत्वावधान में बुधवार को राम भक्तों ने बाईक जुलूस निकाला। जिसमें शामिल लोग बाईक पर सवार होकर हाथों में भगवान हनुमान का झंडा लिए जय श्रीराम, जय हनुमान का नारा लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस थाना स्थित महावीर मंदिर से शुरू होकर अररूआ मोड़, मेन बाजार आदि स्थानों का भ्रमण किया। बाद में पुनः महावीर स्थान पहुंचकर जुलूस समाप्त हुआ। वहां राम भक्तों ने मंदिर में माथा टेककर भगवान से आशीर्वाद लिया। इस दौरान विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में प्रशासन मुस्तैद दिखा। जुलूस में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविन्द्र सिंह भी शामिल हुए। इनके अलावा पूजा कमेटी के अध्यक्ष सनी गुप्ता, सचिव चंदन जायसवाल, दिलीप स्वर्णकार, बल्लू बलराम, रामजी सिंह, निरंजन प्रसाद, अशोक सिंह, पवन कुमार, सीताराम कुमार, उदय कुमार, संजीव कुमार, करन राजवीर, प्रेमगौरव कुमार, बिट्टू गुप्ता, विकास कुमार, शिवम कुमार, शिवम पाठक, मुन्ना कुमार आदि भी शामिल रहे।





# मुख्यमंत्री ने किया चिन्मय विद्यालय के तीन मेधावी छात्राओं को सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय की तीन मेधावी छात्राओं दीक्षा शर्मा, आदया गुप्ता और रितिशा रंजन को रांची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। सत्र 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर झारखंड के मेघावी छात्र-छत्राओं के लिए आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद उपस्थित होकर बच्चों का हौशला बढ़ाया। इस दौरान चिन्मय विद्यालय बोकारो से तीन होनहार छत्राएं भी मौजूद थीं, जिन्हें सम्मानित किया गया। रितिशा रंजन ने सम्मान प्राप्त करने के बाद हर्ष व्यक्त हुए कहा कि मुख्यमंत्री के समक्ष सम्मान पाना गौरव की बात है। रितिशा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं विद्यालय के शिक्षकों को दिया। वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव महेश त्रिपाठी और प्राचार्य सूरज शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह विद्यालय सहित पूरे बोकारो के लिए गौरव का क्षण है। ये विलक्षण प्रतिभा के धनी बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। सभी पुरस्कृत बच्चों को उनकी योग्यता के आधार पर धन राशि, लेपटॉप एवम मोबाईल उपहार स्वरूप दिया गया। वहीं, स्वामिनी संयुक्तानंदा सरस्वती एवं अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय ने सभी सम्मानित बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# झरिया में बुजुर्ग महिला से छिनतई

**झरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र स्थित झरिया बाजार व बैंकों के आसपास उचक्कों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। उच्चके उपभोक्ताओं से उनके पैसा व कीमती वस्तु लेकर चंपत हो जा रहे हैं। बुधवार की दोपहर एक बजे बिहार बिल्डिंग स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ) से एक बुजुर्ग महिला अपना पेंशन का पैसा 3000 रुपये निकाल कर जैसे ही मुख्य मार्ग पर ऑटो पर बैठी, तभी पहले से घात लगाए चोरों ने उसका पैसा झपट्ट लिया और वहां से भाग निकले। जबतक बुजुर्ग महिला कुछ समझ पाती और शोर मचाया तब तक चोर वहां से फरार हो चुके थे। उधर, बुजुर्ग महिला का शोर सुन आस पास के लोग एकत्र हो गए। इसके बाद झरिया पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच की। पर चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। हालांकि इस घटना की लिखित शिकायत बुजुर्ग महिला ने झरिया थाना में नहीं की और रोते बिलखते वहां से चली गयी।

# वेदांता इएसएल की ओर से आयोजित क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** वेदांता ईएसएल के सीएसआर टीम ने एसएसडीएफ के साथ मिलकर प्रोजेक्ट प्रेरणा के तहत बुधवार को इंटर सेंटर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें आसपास के गांवों में ईएसएल सीएसआर के 15 शैक्षिक केंद्रों के लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया। इनमें 56 छात्रों ने फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को उनके पाठ्य ज्ञान से परे देखने और एक इंटरैक्टिव मंच के माध्यम से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना था, जहां वे प्रतिस्पर्धा से ज्ञान प्राप्त करें और एक टीम के रूप में काम करें। क्विज में टेबल राउंड, रैपिड फायर राउंड, बजर राउंड और ऑडियो-विजुअल राउंड शामिल थे। उक्त कार्यक्रम राकेश कुमार मिश्रा (उप प्रमुख सीएसआर, ईएसएल), संटू रॉय (प्रदेश अध्यक्ष, किसान विकास मोर्चा) और सीताराम महतो (पूर्व मुखिया, सियालजोरी) की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। भागाबंध ट्यूटोरियल सेंटर, चंदाहा चित्रकला सेंटर और वेदांता एक्सेल 30 सेंटर ने विभिन्न श्रेणियों में पहला स्थान हासिल किया। विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को इस तरह की और भी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। वेदांता ईएसएल के लिए परिपूर्ण विकास एक मुख्य बिंदु है और इस प्रतियोगिता का मकसद सबसे प्रतिभाशाली बच्चों को सामने लाना था। झारखंड राज्य में पर्याप्त युवा प्रतिभा है और वेदांता ईएसएल उन्हें इस प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए सही मंच प्रदान करने में गर्व महसूस करता है।

# तोपचांची की डकैया पहाड़ी में लगी आग, वन विभाग अंजान

**धनबाद/तोपचांची (आजाद सिपाही)।** धनबाद वन विभाग बेश कीमती पेड़, जड़ी बूटियां और जंगली जानवरों को बचाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। तोपचांची प्रखंड अंतर्गत लक्ष्मणपुर गांव स्थित डकैया पहाड़ी पर लगी आग तेजी से फैल रही है। जिससे वन विभाग अंजान है। रात में इस पहाड़ी पर लगी आग की लपटें साफ-साफ दिखती हैं। जिसकी चपेट में आकर किमती पेड़, जड़ी बूटियां और जंगली जानवर जल रहे हैं। इसकी सूचना मिलने पर सोमवार की रात में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के नेतृत्व में संस्थान के सचिव बबलू पांडेय,पर्यावरण प्रकोष्ठ के संयोजक मृणाल चौबे, लक्ष्मण शर्मा, शैलेंद्र तिवारी, अभय कुमार, राकेश तिवारी आदि निरीक्षण करने पहुंची। जिन्हें पहाड़ी पर लगी आग की लपटें दूर से ही दिखीं।

## घिनौना कृत्य : घटना के बाद आरोपित युवक फरार, तलाश में जुटी पुलिस

# सुदामडीह में 70 वर्षीय वृद्ध महिला से दुष्कर्म

**शराब के नशे में धूत युवक ने दिया घटना को अंजाम, लोगों में आक्रोश**

आजाद सिपाही संवाददाता



पीड़िता के घर पहुंच कर जांच करती पुलिस।

**झरिया।** सुदामडीह थानां अंतर्गत मोहलबनी नीचे बस्ती में रहने वाली 70 वर्षीय नेत्रहीन एक वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी सूचना पाकर सुदामडीह पुलिस वृद्ध महिला के घर पहुंची और जांच शुरू कर दिया है। पीड़िता ने बताया कि बरारी एक नंबर के रहने वाला एक युवक 27 मार्च को उसके घर आया था। वृद्ध महिला के घर में बहु व बेटा मजदूरी करने बाहर गए थे। दो छोटे-छोटे बच्चे थे। ज्यादा उम्र होने के कारण महिला को कुछ दिखाई नहीं देता है। युवक ने दरवाजा खटखटाया तो बच्चो ने गेट खोल दिया। इस पर आरोपित युवक सीधे घर के अंदर प्रवेश कर गया। वह शराब पीये हुए था। उसने कथित रूप से वृद्धा को दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने हंगामा किया तो युवक वहां से भाग गया। पड़ोसियों ने बताया कि वृद्ध महिला शओर मचा रही थी, तो उन्हें लगा कि उन्हें भूख लगी हो, जिस कारण वो चीख-चिल्ला रही हैं। लेकिन माजरा कुछ और था। इस घिनौने कृत्य से लोगों में काफी नाराजदी देखी जा रही है। वहीं, मामला संज्ञान में आते ही सुदामडीह पुलिस हरकत में आई और उक्त युवक की तलाश में छापामारी कर रही है। फिलहाल आरोपी फरार है

# सोहित हत्याकांड का मुख्य आरोपी सुरेंद्र मंडल धनबाद से गिरफ्तार

**कई मामलों में तलाश रही थी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** पुलिस ने लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के नवकाडीह निवासी पूर्व वार्ड सचिव सोहित मंडल हत्याकांड के मुख्य आरोपित सुरेंद्र मंडल को धनबाद से गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पुष्टि एसडीपीओ डॉ राकेश कुमार ने की। वे बुधवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि साल 2022 के 17 दिसंबर को अपराधियों ने सोहित मंडल की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में मृतक की पत्नी के बयान पर लक्ष्मीपुर थाना में कांड संख्या 473/22 दर्ज किया गया था। दर्ज मामले में नवकाडीह के सुरेंद्र मंडल, श्याम सुंदर मंडल, नीलेश मंडल, विकास मंडल, प्रिंस मिश्रा और मनीष मिश्रा को नामजद किया गया था। उक्त आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी की जाती रही। इसे लेकर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम गठित कर धनबाद में छापामारी कर मुख्य आरोपी सुरेंद्र मंडल को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि सुरेंद्र का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ लक्ष्मीपुर, गिद्धौर, खैरा और बरहट थाना में एक दर्जन संगीन मामले दर्ज हैं। घटना में नामजद लोगों में प्रिंस मिश्रा और मनीष मिश्रा को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

एसडीपीओ ने बताया कि सुरेंद्र की गिरफ्तारी से अपराधियों में यह संदेश जाएगा कि अपराध करने के बाद कहीं भी छिपे पुलिस उन्हें जरूर गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तारी टीम में शामिल लक्ष्मीपुर थानाध्यक्ष राजवर्धन कुमार, पुअनि मुकेश केहरी, सिपाही 246 गुलशन कुमार और तकनीकी शाखा के आनंद कुमार को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# अवैध लॉटरी के खिलाफ पुलिस छापामारी, सात गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापामारी कर सात अवैध प्रतिबंधित लॉटरी विक्रेताओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसकी जानकारी डीएसपी हेडक्वार्टर-एक अमर पांडेय ने दी। वे बुधवार को पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पिछले कई दिनों से गोविंदपुर व आसपास के क्षेत्रों में प्रतिबंधित लॉटरी की बिक्री की शिकायत मिल रही थी जिसके आलोक में डीएसपी अमर पांडेय के नेतृत्व में गोविंदपुर थानेदार उमेश सहित थाने के अन्य पुलिसकर्मियों की एक टीम गठित की गई। टीम द्वारा मंगलवार को गोविंदपुर के मास्टर कॉलोनी मोती मस्जिद के समीप रहने वाले महताब आलम उर्फ टीपू को प्रतिबंधित लॉटरी के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में महताब ने बताया कि वह निरसा के अजित साव उर्फ सोनू से प्रतिबंधित लॉटरी खरीदता और क्षेत्र में बेचता है। उसने बताया कि गोविंदपुर क्षेत्र में ही अन्य कई लोग भी प्रतिबंधित लॉटरी बेचते है। उसकी निशानदेही पर विनोद विश्वकर्मा, सहाबुद्दीन अंसारी, मृदुल विष्टू, राजेश बाउरी, साबिर शाह, अमित दास को गिरफ्तार किया गया। सभी गोविंदपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। आरोपितों के पास से पुलिस ने 135 सेट में 7859 प्रतिबंधित लॉटरी का टिकट 39 हाजर 780 रुपये नगद, एक पंजी, एक कैलकुलेटर बरामद किया है। छापामारी टीम में गोविंदपुर थाना के पुअनि असलम अंसारी, दीपक द्विवेदी, विक्रम कुमार, धर्मेंद्र राम सहित सशत्र बल के जवान थे।

# विधायक मथुरा महतो और ब्रजेंद्र सिंह ने किया 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन




**धनबाद/गोविंदपुर (आजाद सिपाही)।** धनबाद जिला 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह की उपस्थिति में बुधवार को 20 सूत्री समिति की ओर से गोविन्दपुर प्रखंड परिसर में जनता दरबार लगाया गया। जहां टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो और धनबाद जिला ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से गोविन्दपुर प्रखंड 20-सूत्री के कार्यालय का उद्घाटन किया। इश अवसर पर गोविंदपुर के बीडीओ, सीओ सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। इस दौरान ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि समिति जिला के सभी प्रखंड में जनता दरबार लगाकर झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने को लेकर दृढ संकल्पित है। इसी कड़ी में गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय में 20-सूत्री समिति की ओर से जनता दरबार लगाए गया। जनता दरबार से लोगों में खुशी और उत्साह देखा गया। लोगों ने पीएम आवास, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, जमीन से संबंधित दाखिल खारिज, न्यूटेशन, जाति, आवासीय संबंधित आवेदन सैकड़ों लोगों ने दिया। उस आवेदन पर प्रखंड एवं अंचल पदाधिकारी ने अविलंब निराकरण करने का आश्वासन दिया। ब्रजेंद्र सिंह ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्य होने के कारण केंद्र सरकार झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। पांच साल से केंद्र सरकार द्वारा झारखंड में पीएम आवास योजना का पोर्टल नहीं खोला जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। आवास योजना का पोर्टल नहीं खुलने से जरूरतमंद लोगों का आवास आवंटन नहीं हो पा रहा है। न ही इसका लाभ लोगों को मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि धनबाद जिला 20-सूत्री जिला के सभी प्रखंड में जनता दरबार लगाकर राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रुप से दिलाने का काम करेगी। मौके पर झामुमो के जिलाध्यक्ष लखी सोरेन, शमशेर आलम, योगेंद्र सिंह योगी, हराधन रजवार, राजू प्रमाणिक, गोविंदपुर प्रखंड 20-सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी, अनिल साव, पप्पू कुमार तिवारी, मनोज कुमार हाड़ी, मो पैगम अली, राजेंद्र किस्कू प्रशांत हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

# बीएसएल में स्वच्छता पखवाड़ा जारी



**बोकारो (आजाद सिपाही)। 16 से 31 मार्च की अवधि बोकारो स्टील प्लांट में स्वच्छता पखवाड़ा के तौर पर मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को शहर के सेक्टर-9, ए रोड में नगर प्रशासन विभाग की टीम द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें जन स्वास्थ्य विभाग सहित नगर प्रशासन के अन्य कर्मी शामिल हुए। स्वच्छता पखवाड़ा की कड़ी में जैविक उद्यान, जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर- 1 राम मंदिर मार्केट, सिटी पार्क (पिकनिक स्थल) आदि जगहों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।**

**Office of the Civil Surgeon cum CMO, Ramgarh**
(Health Department)

Tender Notice

NOTICE FOR INVITING REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) FOR SELECTION OF AGENCY FOR EMPANELMENT OF SERVICE PROVIDER FOR MANAGEMENT OF UNDERNOURISHED CHILDREN AND MOBILE TELEMEDICINE VAN AT VILLAGE LEVEL, RAMGARH DISTRICT IN JHARKHAND STATE.

RFP No: 03/2022-23 Ramgarh, Dated: 29-03-2023

The Health Department Ramgarh inviting RFP for Selection of Agency for Selection of Agency for Empanelment of Service Provider for Management of Undernourished Children and Mobile Telemedicine Van at Village Level, Ramgarh District in Jharkhand State.

The document can be downloaded from the website: http://ramgarh.nic.in. Response to this Request for Proposal (RFP) shall be deemed to have been done after careful study and examination of this document with full understanding of its implications.

The bids are to be submitted by post (Registered/ Speed) or by hand as per the format specified in this RFP, at the following address latest by 12:00 PM on 08-04-2023

Address for communication & Submission of documents
Office of Civil Surgeon cum CMO, Ramgarh, 825101 Phone: 9142363737, Email: csramgarh@yahoo.co.in

The RFP would be opened in office of the Deputy Commissioner, Ramgarh, Chattarmandu, Ramgarh, 825101 **on** 08-04-2023 **at** 04:00 PM in the presence of bidders who choose to be present and supporting documents are in order.

PR 293943 Health Med Edu and Family Welfare (22-23)_D

ह0/– असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़

Skill India

झारखण्ड सरकार
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**प्राचार्य का कार्यालय– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला, झारखण्ड**
सिलम,(सी0 आर0 पी0 एफ0 कैंम्प0) जशपुर रोड,गुमला–835232

**आवश्यक सूचना**

केन्द्र प्रायोजित योजना PMKVY-4-0 के अंतर्गत **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला** में दो व्यवसायों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारम्भ करने हेतु दिनांक 31.03.2023 तक अपना सभी प्रमाण पत्र के साथ **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला** में स्वयं आकर अपना पंजीयन कराया कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है,जिसका विवरण निम्न प्रकार है–

| क्र0स0 | व्यवसाय का नाम | योग्यता | न्यूनतम उम्र | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Solar Panel Installation Technician | 10वीं पास | 18 वर्ष | 15 |
| 02. | Assistant Manual Metal Arc Welding/ Shielded Metal Arc Welding Welder | 10वीं पास | 18 वर्ष | 15 |

उपरोक्त विवरणी के अनुसार अभ्यर्थी अपने सभी **शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साइज फोटो** के साथ पहुचकर पंजीयन करा सकते है।

अतः गुमला जिला अंर्तगत 18 वर्ष से अधिक सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं भविष्य को सवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

**नोटः**– केन्द्र प्रायोजित योजना PMKVY-4-0 की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गुमला, झारखण्ड

**PR 293923 Labour Employment and Traning(22-23)#D**

**समाहरणालय, सिमडेगा**
(जिला समाज कल्याण शाखा)

**सूचना**
**इच्छा की अभिव्यक्ति**

वित्तीय वर्ष 2022–23 में सिमडेगा जिला में राज्य सरकार द्वारा "विभिन्न स्कुलों/पुर्नवास केन्द्रों/छात्रावासों/गृहों का संचालन योजना" अन्तर्गत ओल्ड एज होम का संचालन हेतु विभागीय संकल्प ज्ञापांक–1972, दिनांक– 30.08.2022 के आलोक में इच्छा की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निबंधित गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्थान उक्त योजना का प्रस्ताव (इच्छा की अभिव्यक्ति) विभागीय संकल्प ज्ञापांक–1972, दिनांक– 30.08.2022 के आलोक में अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा के कार्यालय में दिनांक 15.04.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक जमा करेंगे तथा दिनांक 15.04.2023 को अपराह्न 03:30 बजे जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्ताव (इच्छा की अभिव्यक्ति) को खोला जायेगा, जिसमें स्वयंसेवी संस्थानों के प्रतिनिधि भाग ले सकते है।

**नोट :– योजना का विस्तृत जानकारी के लिए NIC Portal – simdega.nic.in पर उपलब्ध है, अथवा कार्यालय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिमडेगा से किसी भी कार्यदिवस पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।**

**पात्रता की शर्ते :–**

1. उन स्वयंसेवी संस्थाओं पर विचार किया जायेगा, जो सोसाईटी रजिस्ट्रेशन एक्ट–1860, ट्रस्ट अधिनियम–1882, कम्पनीज अधिनियम–1958 के तहत निबंधित हो एवं सरकारी उपक्रम/निगम/कॉपरेटिव/समिति के अधीन लोकहित में कार्य कर रहे हो तथा जिसका निबंधन की तीन साल पूरा हो गया हो।
2. उन्हीं संस्थाओं के परियोजना प्रस्तावों पर विचार किया जायेगा, जिनका विधिवत रूप से गठित प्रबंध समिति हों एवं जिसका अधिकार और कर्त्तव्य स्पष्ट रूप से परिभाशित हो तथा जिनके लिखित संविधान/वाईलॉज हो। परियोजना प्रस्ताव के साथ उक्त संविधान/वाईलॉज को संलग्न करना आवश्यक होगा।
3. संस्थाओं को परियोजना प्रस्ताव से संबंधित विषय पर या परियोजना के विषय के समान क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव कम से कम 03 वर्षो का हो तथा संस्था के पास परियोजना कार्यान्वयन के लिए पर्याप्त सुविधाएँ तथा संसाधन उपलब्ध हो।
4. परियोजना प्रस्ताव का बजट परियोजना के आवश्यकता आधारित होना चाहिए, अनावश्यक रूप से अत्यधिक बजट वाले परियोजना प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जयेगा।
5. उक्त परियोजना संचालन के लिए संस्था की अपनी वित्तीय स्थिति का सुदृढ़ होना आवश्यक है। संस्था के पास संबंधित परियोजना हेतु प्रस्तावित बजट का कम से कम 20: राशि अपने बैंक खाते में रखना अनिवार्य होगा।
6. संस्था का विगत 03 वर्षो का अंकेक्षण प्रतिवेदन वर्षवार सक्षम प्राधिकार द्वारा अभिप्रमाणित कर संलग्न करना आवश्यक होगा।
7. वैसी स्वयंसेवी संस्थाओं के परियोजना प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा, जिनके द्वारा पूर्व में अनुदान की राशि का दुरूपयोग किया गया हो या जिनका नाम काली सूची में दर्ज हो।
8. संस्था का चयन सरकार के विभागीय ज्ञापांक–2479, दिनांक 27.12.2013 में दिये गये निदेश के आलोक में किया जायेगा।
9. संस्था के साथ किसी भी विवाद का निराकरण सिमडेगा जिला व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत किया जायेगा।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 293896 Social Welfare,Women and Child Development (22-23)_D

## कुछ प्रभावशाली सदस्यों के प्रभाव में आकर काउंसिल ले रही गलत निर्णय

# आम सभा बुलाने का अधिकार केवल एसोसिएशन को है, काउंसिल को नहीं : अमरेंद्र सहाय

आजाद सिपाही संवाददाता



संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से सवालों के जवाब देते बार एसोसिएशन के सदस्य।

**धनबाद।** धनबाद बार एसोसिएशन में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में बुधवार को धनबाद बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय, महासचिव जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष राजदेव भारती ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि धनबाद बार एसोसिएशन में आमसभा बुलाने का अधिकार केवल एसोसिएशन को है ना कि बार काउंसिल को। एसोसिएशन द्वारा 11 अप्रैल को आम सदस्यों की बैठक बुलाई गई है जिसमें सभी एजेंडे पर चर्चा होगी। मीडिया में कांउसिल के हवाले से खबर प्रकाशित हुई कि धनबाद बार एसोसिएशन की आम बैठक एक अप्रैल को होगी जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। वर्तमान कमेटी का कार्यकाल 27 मार्च 20211 से 26 मार्च 2023 तक था। कमेटी ने झारखंड स्टेट बार काउंसिल को पत्र लिखकर अंकेक्षक को भेजने का आग्रह भी किया पर अंकेक्षक अब तक एसोसिएशन नहीं पहुंचे, जिस कारण काउंसिल को सूचित किया गया कि वर्तमान कमेटी ने 11 अप्रैल को आम सभा निर्धारित की है। सहाय ने कहा कि एसोसिएशन के पत्र पर काउंसिल द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, बल्कि दो पर्यवेक्षक नियुक्त कर वर्तमान कमेटी को सूचित किया गया और काउंसिल के पर्यवेक्षक ने पत्र भेजकर यह सूचना दी कि एक अप्रैल सभा होगी, जो दुर्भावना से ग्रसित व विधि विरुद्ध है। जबकि कमेटी ने काउंसिल से अवधि विस्तार की प्रार्थना 18 और 20 मार्च को ही की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि एसोसिएशन के कुछ प्रभावशाली लोग काउंसिल को गलत जानकारी देकर चेयरमैन को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**